

या देवी सर्वभूतेषु माँ महागौरी रूपेण संस्थिता।
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः॥

# फ्रीडम फाइटर

राष्ट्रहित सर्वोपरि

रांची, पटना व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित



नवरात्रि का आठवां दिन

मां महागौरी

ॐ देवी महागौर्यै नमः॥

रांची, मंगलवार, 16 अप्रैल 2024, वर्ष : 15, अंक : 63, कुल पृष्ठ : 12, मूल्य : 2 रुपये, E-mail : freedomfighterranchi@gmail.com / epaper : avnpost.com/freedom-fighter


## शेयर बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 73,399.78 | -845.12 (-1.14%) |
| निफ्टी | 22,272.50 | -246.90 (-1.10%) |

## सर्राफा बाजार

प्रति 10 ग्राम

| | |
|---|---|
| सोना (22 carat) | 67,050.00 |
| चांदी | 860.00 |

## एक झलक

### अर्घ्य देने जा रहे तीन लोगों की सड़क हादसे में मौत

**रांची** : राजधानी रांची में लोक आस्था के पर्व चैत छठ पर हुए सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गयी। यह हादसा रातू थाना क्षेत्र के काठीटांड़ के शिव मंदिर के पास हुआ। यह लोग भगवान भास्कर को सोमवार सुबह का अर्घ्य देने जा रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार अर्घ्य देने जा रहे लोगों से भरी एक ऑटो (छोटा हाथी) डिवाइडर से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। इस दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो गयी। मृतकों में दो महिला और एक 12 साल की बच्ची शामिल है, जबकि नौ लोग घायल हैं। घटना रातू के काठीटांड़ के शिव मंदिर के समीप की है। राजेश साहू अपने परिवार के लोगों के साथ ऑटो (छोटा हाथी) में सवार होकर रवि स्टील के पास से रातू चट्टी तालाब में अर्घ्य देने जा रहे थे। इसी दौरान घटना घटी। ग्रामीण एसपी सुमित अग्रवाल ने बताया कि मृतकों में कमला देवी (50), कौशल्या देवी (50) और आराध्या कुमार (12) शमिल हैं। अन्य घायलों में दो की हालत गम्भीर है। अन्य सभी को हल्की चोटें आयी हैं।

### फॉरवर्ड ब्लॉक के प्रत्याशी को कांग्रेस ने दिया समर्थन

**नयी दिल्ली** : कांग्रेस पार्टी ने मध्यप्रदेश के खजुराहो सीट पर फॉरवर्ड ब्लॉक के प्रत्याशी को समर्थन देने का फैसला किया है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने एक बयान जारी कर कहा कि कांग्रेस ने ये सीट समाजवादी पार्टी (सपा) के लिए छोड़ी थी, लेकिन सपा उम्मीदवार का पर्चा खारिज हो गया था। जयराम रमेश ने कहा कि कांग्रेस ने खजुराहो लोकसभा सीट आईएनडीआईए ग्रुप के सहयोगी सपा के लिए छोड़ दिया था। दुर्भाग्य से सत्ता के खुले खेल और लोकतंत्र के सभी मानदंडो के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने सपा उम्मीदवार का नामांकन खारिज करने में सफल हो गयी।

### आम चुनाव में अबतक 4650 करोड़ की जब्ती

**नयी दिल्ली** : चुनाव आयोग ने आम चुनावों के दौरान देश में अबतक 4650 करोड़ रुपये की जब्ती की है। यह 75 साल के चुनावी इतिहास में अबतक की सबसे बड़ी जब्ती है। आयोग का कहना है कि आगे भी ऐसी ही तेज गति से कार्रवाई जारी रहेगी। चुनाव आयोग के आंकड़ों के अनुसार अबतक 395.39 करोड़ रुपये नकद, 489.31 करोड़ रुपये की शराब, 2068.85 करोड़ रुपये की ड्रग्स, 562.10 करोड़ रुपये का सोना, 1142.49 करोड़ की मुफ्त सामग्री जब्त की है। पिछले आम चुनाव के मुकाबले इस बार ड्रग्स और मुफ्त सामग्री में अधिक जब्ती हुई है।

## अंदर के पन्नों पर


3 निर्धारित सभी मापदण्डों का अनुपालन सुनिश्चित करने...

5 खिलाड़ी आज करेंगे हैरतअंगेज खेलों का...

7 शत-प्रतिशत मतदान के लिए लोगों को प्रेरित करने...

9 नवरात्रि के सातवें दिन मंदिर में हुई मां कालरात्रि की...

10 केकेआर-राजस्थान रॉयल्स में रोमांचक मुकाबला आज...


# रामनवमी पर रामलला के ब्रह्म मुहूर्त से रात्रि 11 बजे तक होंगे दर्शन : चम्पत राय

**एजेंसी**

**अयोध्या** : श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट महासचिव चंपत राय ने सोमवार को प्रेसवार्ता कर रामनवमी पर्व के सम्बन्ध में कुछ नयी व्यवस्थाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि श्री राम जन्मभूमि मन्दिर में मंगला आरती के पश्चात ब्रह्म मुहूर्त में अति-प्रातः 3:30 बजे से अभिषेक शृंगार एवं दर्शन साथ-साथ चलते रहेंगे। शृंगार आरती प्रातः 5 बजे होगी। श्री रामलला का दर्शन एवं सभी पूजा विधि यथावत साथ-साथ चलती रहेगी। उन्होंने बताया कि दर्शन का समय बढ़ा कर 19 घंटे कर दिया गया है, जो मंगला आरती से रात 11 बजे तक चलेगा। भगवान को चार बार भोग लगाने के लिए सिर्फ पांच-पांच मिनट ही पर्दा बंद रहेगा।

उन्होंने श्रद्धालुओं से निवेदन किया है कि पर्दा बन्द रहने के समय धैर्य बना कर रहें एवं श्री राम नाम संकीर्तन तथा प्रभु का भजन करते रहें। उन्होंने बताया कि रात्रि 11 बजे तक दर्शन का क्रम पूर्ववत चलता रहेगा। तत्पश्चात परिस्थिति अनुसार भोग एवं शयन आरती होगी।

**भगवान को भोग लगाने के लिए अल्प-काल ही रहेगा पर्दा**



शयन आरती के पश्चात प्रसाद मन्दिर निकास मार्ग पर मिलेगा। ट्रस्ट के महासचिव चम्पत राय ने बताया कि दर्शनार्थी अपना मोबाइल, जूता, चप्पल, बड़े-बैग एवं प्रतिबंधित सामग्री आदि जितना दूर सुरक्षित रख कर आयेंगे, दर्शन में उतनी ही अधिक सुविधा होगी। सम्भवतः ये सभी सामान आदि अपने गुरु स्थान आदि में रखें, तो सुगमता रहेगी। उन्होंने बताया कि दर्शन मार्ग पर यात्री सुविधा केन्द्र पर रेल आरक्षण केन्द्र स्थापित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि 16, 17, 18 एवं 19 अप्रैल को सुगम दर्शन पास, वी.आई.पी. दर्शन पास, मंगला आरती पास, श्रृंगार आरती पास एवं शयन आरती पास नहीं बनेंगे ; अर्थात किसी भी प्रकार के पास जारी नहीं किये जायेंगे। अर्थात उपरोक्त दिनों में सभी सुविधाएँ निरस्त रहेगी। उन्होंने कहा कि सुग्रीव किला के नीचे, बिड़ला धर्मशाला के सामने, श्री रामजन्मभूमि प्रवेश द्वार पर 'श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र' द्वारा यात्री सेवा केन्द्र बनाया गया है, जिसमें जन-सुविधाएं उपलब्ध हैं।

उन्होंने बताया कि श्री राम जन्मभूमि मन्दिर में संपन्न होने वाले सभी कार्यक्रमों का सजीव प्रसारण अयोध्या नगर निगम क्षेत्र में लगभग 80 से 100 स्थानों पर एल.ई.डी. स्क्रीन लगाकर दिखाया जाएगा। यह कार्य प्रसार भारती द्वारा श्री राम ● शेष पृष्ठ 11 पर

# भाजपा का संकल्प पत्र देश के विकास का संकल्प : मोदी

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली** : भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को केरल में एक चुनावी रैली में कांग्रेस और राहुल गांधी पर परोक्ष रूप से हमला बोला। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में अपने पारिवारिक गढ़ को बनाये रखने के लिए संघर्ष कर रहे एक प्रमुख कांग्रेस नेता ने केरल में शरण ली है।

त्रिशूर के अलाथुर शहर में इस चुनावी रैली में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी का नाम लिये बिना प्रधानमंत्री ने तंज कसते हुए कहा, 'कांग्रेस के एक बड़े नेता, जिनको यूपी में अपनी खानदानी सीट पर इज्जत बचाना मुश्किल हो गया है, उन्होंने केरल में ठिकाना लिया है।' कांग्रेस पर हमला तेज करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि चुनाव जीतने के लिए यहां कांग्रेस ने उस संगठन की राजनीतिक शाखा से गुप्त समझौता किया है, जिसको देश में बैन किया गया है।

केरल के लोगों के प्रति अपनी वास्तविक चिन्ता जाहिर करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, 'केरल के लोगों को एलडीएफ-यूडीएफ दोनों से सावधान रहना होगा।' प्रधानमंत्री ने विपक्ष की कड़वी सच्चाई को भी उजागर किया और कहा, 'केरल में भले ही कांग्रेस पार्टी लेफ्ट के लोगों को आतंकवादी कहती है, लेकिन दिल्ली में ये लोग एक साथ बैठ कर चुनावी गठबंधन करते हैं। कभी कांग्रेस के भाई-भतीजावाद के आलोचक रहे वामपंथी अब इस मामले पर उनकी सलाह चाहते हैं। आईएनडीआई गठबंधन के तहत एकजुट होकर भ्रष्टाचार पर मोदी की कार्रवाई से डरते हैं। उनका साझा लक्ष्य मोदी हैं, लेकिन निश्चिंत रहें, भाजपा और एनडीए के लिए हर वोट गरीबों के कल्याण के लिए बोलेगा।'



**प्रधानमंत्री ने साधा राहुल गांधी पर निशाना, कहा**

- उप्र की खानदानी सीट बचानी मुश्किल हुई, तो केरल को बनाया ठिकाना
- कांग्रेस ने उस संगठन की राजनीतिक शाखा से गुप्त समझौता किया है, जिस पर देश में बैन है
- केरल के लोगों को एलडीएफ-यूडीएफ से सावधान रहना होगा

भाजपा के हाल ही में जारी चुनावी घोषणा पत्र पर भरोसा जताते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भाजपा का संकल्प पत्र देश के विकास का संकल्प पत्र है। घोषणापत्र के हर पन्ने पर मोदी की गारंटी है। मोदी ने यह भी कहा कि मोदी की गारंटी का मतलब है कि 70 साल से अधिक उम्र के सभी वरिष्ठ नागरिकों को आयुष्मान योजना के तहत मुफ्त चिकित्सा उपचार मिलेगा। पीएम आवास योजना के तहत गरीबों के लिए 03 करोड़ नये घर बनाये जायेंगे, मोदी की गारंटी का मतलब है कि केरल के हर जन औषधि केन्द्र पर लोगों को 80 प्रतिशत छूट पर सस्ती दवाएं मिलती रहेंगी और मोदी की गारंटी ; यानी हमारे युवाओं को अब मुद्रा योजना के तहत 10 लाख की जगह 20 लाख रुपये का सहयोग मिलेगा।

विपक्ष के खिलाफ अपना गुस्सा जाहिर करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 'भाजपा के नेतृत्व में हमारा देश तेजी से प्रगति कर रहा है। हालांकि, केरल में एलडीएफ-यूडीएफ राज्य को पीछे की ओर खींच रहा है। केरल के विकास के लिए एनडीए के प्रयासों के बावजूद राज्य सरकार प्रगति में बाधा डालती है और राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का विरोध करती है। जहां लेफ्ट का शासन हो जाता है, वहां कुछ भी बाकी नहीं रहता और कुछ भी सही नहीं होता। हमने इसे बंगाल और त्रिपुरा में देखा है और दुख की बात है कि केरल भी इसका अपवाद नहीं है।'

प्रधानमंत्री ने कहा कि अफसोस की बात है कि केरल जो कभी अपनी शांति के लिए जाना जाता था, अब बड़े पैमाने पर हिंसा और अराजकता से जूझ रहा है। राजनीतिक हत्याएं खुलेआम होती हैं और कॉलेज परिसर असामाजिक तत्त्वों को आश्रय देते हैं। साम्प्रदायिक ● शेष पृष्ठ 11 पर

# भारत में राम राज्य बनने से अब कोई नहीं रोक सकता : राजनाथ

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली/कठुआ** : लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए कठुआ-डोडा-उधमपुर लोकसभा क्षेत्र में प्रचार अभियान तेज हो गया है। राजनीतिक दलों के नेता अपने-अपने उम्मीदवारों के लिए समर्थन मांग रहे हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को जिला कठुआ के बसोहली क्षेत्र में चुनावी रैली में कहा कि भारत में राम राज्य बनने से अब कोई नहीं रोक सकता, जिसका आगाज अब हो चुका है।

अपने सम्बोधन में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि आज हमारे देश का धीरे-धीरे आर्थिक रूप से सुधार होना शुरू हुआ है। एक दौर ऐसा था कि भारत विश्व में 15वें स्थान पर आर्थिक रूप से खड़ा था लेकिन देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बीते 10 वर्षों में भारत पांचवें स्थान पर है और आनेवाले 2027 तक भारत विश्व की टॉप 03 देश में से एक होगा। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि अगर पिछले 70 वर्षों में कांग्रेस ने जो वादे देश की जनता के साथ किये थे, यदि उस पर खरा उतरे होते, ● शेष पृष्ठ 11 पर



### बीजद सांसद प्रभास कुमार सिंह भाजपा में शामिल

**नयी दिल्ली** : लोकसभा चुनाव से पहले बीजू जनता दल (बीजद) से पूर्व सांसद प्रभास कुमार सिंह सोमवार को भारतीय जनता पार्टी( भाजपा) में शामिल हो गये। भाजपा मुख्यालय में महासचिव तरुण चुघ की मौजूदगी में प्रभास कुमार सिंह ने पार्टी की सदस्यता ली। पूर्व में बारगढ़ सीट का प्रतिनिधित्व कर चुके प्रभास सिंह ने भाजपा में स्वागत के बाद कहा कि बीजद में "गरिमा और आत्मसम्मान" नहीं है। इस मौके पर प्रभास सिंह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व की प्रशंसा की और ओडिशा के मुख्यमंत्री बीजू पटनायक के नेतृत्व वाली पार्टी की आलोचना की।

### भाजपा के संकल्प पत्र से विकसित व समृद्ध भारत की गारंटी : गोयल



**एजेंसी**

**मुंबई** : केन्द्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि मोदी की गारंटी अर्थात गारंटी पूर्ण होने की सकारात्मकता होती है। विश्वास होने के कारण जनता तीसरी बार भाजपा और एनडीए सरकार को आशीर्वाद देगी और फिर एक बार मोदी सरकार बनेगी। केन्द्रीय मंत्री गोयल सोमवार को मुंबई स्थित भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश कार्यालय पर आयोजित पत्रकार सम्मेलन को सम्बोधित कर रहे थे। गोयल ने कहा कि लोकसभा चुनाव 2024 के लिए भाजपा का संकल्प पत्र विकास, विरासत और गरीब कल्याण के तीन सिद्धांतों पर जोर देकर समाज के सभी वर्गों को ध्यान में रख कर तैयार किया गया है। इसमें युवा, किसान, महिलाएं, गरीब, वरिष्ठ नागरिक, छोटे व्यापारी, श्रमिक सभी का विचार किया गया है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार ने युवाओं, किसानों, महिलाओं और उत्पीड़ितों, वंचितों और गरीबों को सम्मान हासिल ● शेष पृष्ठ 11 पर

# खूंटी में कमल खिला कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पास पहुंचायें : अर्जुन मुंडा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**खूंटी** : खूंटी से भाजपा कार्यकर्ताओं ने कई बार इतिहास रचा है। 2024 के लोकसभा चुनाव में भी एक बार फिर खूंटी से कमल को खिलाकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पास पहुंचायें। ये बातें केन्द्रीय मंत्री और खूंटी सीट से भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहीं।



अर्जुन मुंडा लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर सोमवार को स्थानीय नेताजी चौक के समीप विधानसभा स्तरीय चुनावी कार्यालय का उद्घाटन करने के बाद कार्यकर्ताओं को सम्बोधित कर रहे थे। इसके पूर्व उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना कर कार्यालय का उद्घाटन किया। मुंडा ने कहा कि हम रामनवमी का त्योहार मनायेंगे। त्योहार का उत्साह और दोगुना हो जाता है, जब हम देखते हैं कि 500 साल के बाद राम लला अयोध्या में विराजमान हुए हैं। खूंटी विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा ने कहा कि भाजपा ने इस बार 400 पार का संकल्प लिया है। देश को ऐसे नेता की जरूरत है, जो देश को विकसित राष्ट्र ● शेष पृष्ठ 11 पर

### नड्डा ने विपक्ष की पार्टियों को लिया आड़े हाथ

**नयी दिल्ली/देहरादून** : भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि भाजपा-एनडीए का एक संकल्प पत्र है, परन्तु गठबंधन होने के बावजूद विपक्ष में हर पार्टी का अलग-अलग संकल्प पत्र है। उन्होंने कहा कि गठबंधन होने के बावजूद आपस में मिलने का संकल्प नहीं है। उत्तराखंड की टिहरी लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत मसूरी के गांधी चौक पर सोमवार को आयोजित विजय संकल्प जनसभा में नड्डा ने विपक्ष पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि विपक्षी गठबंधन भ्रष्टाचारियों का गठबंधन है। ● शेष पृष्ठ 11 पर

# झारखंड हाई कोर्ट ने लेक्चरर नियुक्ति गड़बड़ी मामले में राज्य सरकार व जेपीएससी से मांगा विस्तृत जवाब

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : झारखंड हाई कोर्ट में वर्ष 2008 में राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालय में 600 से अधिक लेक्चरर नियुक्ति को चुनौती देनेवाली डॉ. मीना कुमारी और अन्य की याचिका पर सुनवाई सोमवार को हुई। मामले में कोर्ट ने राज्य सरकार और जेपीएससी से लेक्चरर नियुक्ति से सम्बन्धित विषय पर विस्तृत जवाब मांगा है। जेपीएससी से अधिवक्ता संजय पिपरववाल एवं अधिवक्ता प्रिंस कुमार ने पक्ष रखा।




इससे पहले कोर्ट ने जेपीएससी से जानना चाहा कि इस मामले की सीबीआई जांच कैसे दी गयी? इस पर जेपीएससी की ओर से बताया गया कि बुद्धदेव उरांव की जनहित याचिका के आलोक में इस मामले की जांच सीबीआई कर रही है। सीबीआई की ओर से बताया गया कि मामले में आरोपितों के खिलाफ आरोप पत्र भी दाखिल कर दिया गया है, निचली अदालत में यह मामला आरोपितों की उपस्थिति पर चल रहा है। कोर्ट को यह भी बताया गया कि बुद्धदेव उरांव की जनहित याचिका अभी भी अस्तित्व में है, इस मामले की सुनवाई हाई कोर्ट में अभी भी चल रही है। जेपीएससी एवं सीबीआई का पक्ष सुनने के बाद कोर्ट ने इस मामले की सुनवाई बुद्धदेव उरांव की जनहित याचिका के निष्पादन के बाद करने के निर्देश दिये। ● शेष पृष्ठ 11 पर

# महंगाई की मार से आमजन परेशान, तो कर्ज में डूबा किसान : प्रियंका

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली/ दौसा** : कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने केन्द्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर अपनी दौसा की जनसभा में जमकर प्रहार किये। प्रियंका ने कहा कि महंगाई की मार से आमजन परेशान है और किसान कर्ज में डूबा है। उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी सरकार उद्योगपतियों को सीधा लाभ पहुंचा रही है। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी सोमवार को दौसा लोकसभा क्षेत्र के बांदीकुई में कांग्रेस उम्मीदवार मुरारी लाल मीणा के समर्थन में एक जनसभा को सम्बोधित किया।

प्रियंका गांधी ने कहा कि मोदी सरकार किसान, मजदूर, युवाओं की आशा पर खरी नहीं उतरी। महंगाई की मार से आमजन परेशान हैं, तो किसान कर्ज में डूब रहा है। युवा रोजगार के लिए भटक रहे हैं, वहीं मोदी सरकार उद्योगपतियों को सीधा लाभ पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शुरू में प्रधानमंत्री मोदी की इच्छा थी कि कुछ करेंगे, लेकिन 10 साल में इतनी बड़ी बातें करने के बाद रोजगार नहीं है, महंगाई बढ़ रही है, वादा पूरा नहीं कर पाये। इसलिए मुझे लगता है कि उनकी बातें हल्की पड़ रही हैं। इससे



नुकसान मोदी का या हमारा नहीं हो रहा, आपका हो रहा है।

प्रियंका गांधी ने कहा कि आपने एक वीडियो देखा होगा कि इनके सांसद अलग-अलग प्रदेशों में कहने लगे हैं कि जब हमारी सरकार आयेगी, तो हम संविधान को बदलेंगे। मोदी मंच पर संविधान की बात करते हैं, लेकिन अपने लोगों से कहते हैं कि जाओ और बोलो कि संविधान बदलेंगे। इसलिए आपका जागरूक बनना जरूरी है।

प्रियंका गांधी ने कहा, 'मैंने अपनी दादी और पिता की शहादत देखी है। हमारी हिन्दू धर्म की परम्परा है। हमने भगवान राम को सत्ता के कारण पूजा क्या? हम उन्हें इसलिए पूजते हैं, क्योंकि उनके पास नैतिकता थी, जनता के लिए पूजा थी, श्रद्धा थी, सेवा थी। हमारे जितने भी भगवान रहे हैं, उन्होंने सत्ता को त्यागा। सत्ता को पूजना हमारा धर्म कभी नहीं रहा है। पांडवों के पास सत्ता नहीं थी। हमारे धर्म ने सिखाया है कि हमारी श्रद्धा उसके प्रति रही है, जिसने सेवा भाव से, आदर से जनता की सेवा की। हम इस भावना को अपने नेताओं में ढूंढते हैं। आज लोगों को पीटा जा रहा है, डर बैठाया जा रहा है। यह माहौल मोदी ने बनाया है। सभा में पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट ने किरोड़ीलाल मीणा पर निशाना साधते हुए कहा कि इस चुनाव से किसी का मंत्री पद नहीं जायेगा और मंत्री पद छोड़ना भी मत। बड़ी मुश्किल से मंत्री पद मिलता है।

### अजीत पवार ने विपक्ष पर लगाया गलतफहमी फैलाने का आरोप

**मुंबई** : उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बारे में विपक्ष गलतफहमी फैला रहा है। नेहरू से लेकर मोदी तक के प्रधानमंत्रित्व काल के दौरान संविधान में 106 बार संशोधन किया गया है। यह विपक्ष को भी पता है, लेकिन इसके बाद भी प्रधानमंत्री पर संविधान बदलने की साजिश करने का तथ्यहीन आरोप लगाया जा रहा है। अजीत पवार ने कोल्हापुर में प्रचार सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि विपक्ष की ओर से नयी सरकार में संविधान बदलने का दुष्प्रचार किया जा रहा है। 2014 और 2019 में भी इन लोगों ने यही किया था, अब 2024 में भी वही कर रहे हैं, लेकिन इसका कोई असर आम जनता पर नहीं पड़ने वाला है।

## एक झलक

### कंटेनर और ट्रक में टक्कर घंटों जाम रहा एनएच-33



**रामगढ़ :** रामगढ़ शहर के कोठार फ्लाईओवर के पास कंटेनर और गैस लगे ट्रक में टक्कर हो गई। इस हादसे में कंटेनर के केबिन में भीषण आग लग गई । जब तक फायर ब्रिगेड की टीम पहुंचती कब तक कंटेनर का कैपेसिटर कर खाक हो गया। इस घटना पर टापू पानी में पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम को घंटा लग गए इस दौरान कई घंटे तक राष्ट्रीय राजमार्ग 33 पर आवागमन बाधित रहा। इस संबंध में रामगढ़ थाना प्रभारी अजय कुमार साहू ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि कोठार पुल के पास गैस लदे ट्रक में एक कंटेनर ने टक्कर मारी है। इसके बाद कंटेनर के केबिन में आग लग गई। कंटेनर के केबिन में रुक-रुक कर धमाके भी हो रहे थे। इस दौरान ट्रक ड्राइवर ने समझदारी दिखाई और किसी तरह अपनी गाड़ी वहां से हटा ली। तब तक फायर ब्रिगेड की टीम भी वहां पहुंच गई और कंटेनर के केबिन में लगी भीषण आग को बुझाने का प्रयास किया। हालांकि, इस घटना में कंटेनर का केबिन जलकर पूरी तरह खाक हो गया। कंटेनर का चालक घायल हो गया जिसका इलाज रामगढ़ सदर अस्पताल में कराया गया।

### महावीर मंदिर में शुद्धीकरण को लेकर निकली कलश यात्रा



**बेड़ो :** प्रखंड के हरहंजी गांव में महावीर मंदिर का जीर्णोद्धार के बाद शुद्धिकरण को लेकर सोमवार को मंदिर परिसर से यजमान भीम गोप,चंद्र मोहन सिंह,देव नारायण गोप की अगुवाई में गाजे-बाजे के साथ से भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में महिलाएं व युवतियां सिर पर कलश लिए भगवान का जयघोष करतीं चल रही थीं। कलश यात्रा हरहंजी गांव के मार्ग होते हुए देव पंडरा नदी पहुंची। जहां पुरोहित कश्यप दास ने वैदिक मन्त्रों के बीच भूमि, कलश और जल पूजन कराया। इसके बाद कन्याओं व महिलाओं का जत्था जल कलश अपने सिर पर लेकर देवी मंदिर परिसर पहुंचा। जहां कलश स्थापना का कार्य संपन्न हुआ। वहीं 12 घंटे का अखंड हरीकृतन का आयोजन किया गया है। इधर दूसरे दिन दिन हवन,पूणार्हुति व प्रसाद का वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में बुधराम लोहरा,सहित सभी ग्रामवासी लगे हुए है।

### रिव्यू मीटिंग में सात काराधीन अभियुक्तों की हुई समीक्षा

**रामगढ़ :** जिला विधिक सेवा प्राधिकार रामगढ़ के तत्वावधान मे प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, रामगढ़ के द्वारा कॉन्फ्रेंस हॉल में अंडर ट्रायल रिव्यू कमेटी के संबंध में मीटिंग का आयोजन किया गया। इस मीटिंग में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह-अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार रामगढ़ आलोक कुमार दुबे, अपर समाहर्ता रामगढ़, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार रामगढ़, एसपी रामगढ़, पब्लिक प्रॉसिक्यूटर रामगढ़ उपस्थित थे। इस मीटिंग में कुल सात काराधीन अभियुक्तों की समीक्षा की गई। इन सभी अभियुक्तों को कारा मुक्त करने हेतु आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया गया।

### हनुमान मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा समारोह आयोजित

**ओरमांझी :** प्रखण्ड क्षेत्र के जयडीहा पंचायत को ग्राम गुरगाई -बुढ़ीबागी टोला के हनुमान मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शिव शिष्य परिवार के अर्चित आनंद शामिल हुए ।उन्होंने मंदिर में पूजा कर भगवान का आशीर्वाद लिया ।आपको ज्ञात हो कि अर्चित धार्मिक और सामाजिक कार्यों में बढ़चढ़ कर योगदान देते हैं। गांव वासियों को उन्होंने आगे भी सहयोग का भरोसा दिलाया। उनका और उनके साथ आये लोगों का चुनरी ओढ़ा कर स्वागत किया गया।

## रामनवमी पर्व के मद्देनजर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक सम्पन्न

# पर्व के दौरान आदर्श आचार संहिता का रखें ध्यान : डीसी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामनवमी पर्व के मद्देनजर सोमवार को उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. बिमल कुमार की उपस्थिति में टाउन हॉल भवन रामगढ़ में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान सर्वप्रथम उपायुक्त चंदन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. बिमल कुमार के द्वारा सभी को आगामी रामनवमी पर्व की शुभकामनाएं दी गई वहीं उन्होंने सभी से शांतिपूर्ण तरीके से पर्व संपन्न करने में अपना योगदान देने की अपील की। बैठक के दौरान उपायुक्त ने कहा कि हर बार की तरह इस बार भी जिला प्रशासन रामगढ़ शांतिपूर्ण तरीके से पर्व संपन्न कराने के लिए पूरी तरह से तैयार है। अलग-अलग क्षेत्र में कुल 86 स्थलों को चिन्हित किया गया है जहां पर दंडाधिकारियों के साथ पुलिस बल की प्रतिनियुक्त रहेगी। इसके साथ ही दंडाधिकारियों एवं पुलिस अधिकारियों के द्वारा गस्ती कर प्रत्येक गतिविधि पर पैनी नजर रखी जाएगी। इस दौरान उपायुक्त ने सभी से आपसी सौहार्द के साथ पर्व मानाने की अपील करते हुए शांति समिति के सभी सदस्यों को पर्व के दौरान शराब पीकर अथवा किसी अन्य नशे की हालत में किसी बि व्यक्ति को जुलूस में शामिल न होने देने की बात कही वहीं उन्होंने कहा कि अगर पर्व के दौरान किसी भी क्षेत्र में इस तरह से कोई भी व्यक्ति नशे की हालत में



माहौल खराब करने की कोशिश करेगा तो उस पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उपायुक्त ने सभी शांति समिति के सदस्यों से पर्व के दौरान निकाले जाने वाले जुलूस को अनिवार्य रूप से निर्धारित रूट का पालन करते हुए ही संपन्न करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि पर्व के दौरान डीजे के प्रयोग पर पूरी तरह से प्रतिबंध रहेगा हालांकि धार्मिक गीत बजाए जाने पर कोई समस्या नहीं है। लेकिन किसी भी हाल में कोई भी भड़काऊ गीत नहीं बजाया जाएगा। अगर इसकी अवमानना होगी तो संबंधितो पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। शांतिपूर्ण तरीके से पर्व संपन्न कराने को लेकर उपायुक्त ने सभी थाना प्रभारियों को उनके उनके क्षेत्र में शांति समिति के सदस्यों के साथ समन्वय कर प्रत्येक अखाड़ा के लिए 10 वॉलिंटियर चिन्हित कर लगातार उनके साथ संपर्क में रहने तथा प्रत्येक जुलूस के साथ यथासंभव एक-एक पुलिस कर्मी प्रतिनियुक्त करने की भी बात उपायुक्त ने कहीं। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक डॉक्टर बिमल कुमार ने शांति समिति के सदस्यों के साथ-साथ सभी थाना प्रभारी एवं अन्य संबंधित अधिकारियों को पर्व के दौरान निकाले जाने वाले जुलूस में निर्धारित रूट चार्ट का पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया वहीं उन्होंने थाना प्रभारी एवं शांति समिति के सभी सदस्यों को जुलूस के रास्ते में किसी भी प्रकार से घर निर्माण से संबंधित सामग्री न होने देने अथवा उसका ढका होना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही उन्होंने पर्व के दौरान पर्याप्त लाइट की व्यवस्था सुनिश्चित करने, आवश्यकता अनुसार सीसीटीवी कैमरों की उपलब्धता आदि के संबंध में भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी आशीष गंगवार के द्वारा रामनवमी पर्व के शांतिपूर्ण आयोजन हेतु कई महत्वपूर्ण विषयों को लेकर विस्तृत जानकारी सभी शांति समिति के सदस्यों सहित अधिकारियों एवं पुलिसकर्मियों को दी गई। अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि जैसा कि आप सभी जानते हैं कि निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचना जारी किए जाने के उपरांत से ही आदर्श आचार संहिता प्रभावी है। इसलिए यह बहुत जरूरी होगा कि पर्व के दौरान किसी भी हालत में राजनीतिक प्रचार प्रसार का कोई भी कार्य न हो सके इसके लिए अनुमंडल पदाधिकारी ने सभी शांति समिति के सदस्यों सहित अन्य अधिकारियों को निकल जाने वाले जुलूस की फोटोग्राफी-वीडियोग्राफी कराने सहित इस संबंध में किए जाने वाले अन्य कार्रवाइयों को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश व महत्वपूर्ण जानकारियां दी। इस दौरान जिला स्तरीय बढ़िया अधिकारियों अधिकारियों प्रशासनिक व पुलिस पदाधिकारियों, कर्मियों, शांति समिति के सदस्यों सहित अन्य उपस्थित थे।

## हुड़दंग करनेवालों पर गिरेगी गाज, डीसी-एसपी ने किया फ्लैग मार्च



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रामगढ़ :** जिले में रामनवमी का त्यौहार शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो इसके लिए जिला प्रशासन ने पूरी तैयारी कर रखी है। सोमवार को डीसी चंदन कुमार और एसपी डॉ बिमल कुमार खुद फ्लैग मार्च में शामिल हुए। उन्होंने रजरप्पा, चितरपुर और विभिन्न थाना क्षेत्रों में फ्लैग मार्च का आयोजन किया। इस दौरान उन्होंने साफ संकेत दिया कि अपराध पर लगाम लगाने और रामनवमी पर्व के अवसर पर हुड़दंग मचाने वालों पर कड़ी कार्रवाई होगी। हर जगह पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। इसके अलावा सीसीटीवी कैमरे और ड्रोन कैमरे से भी नजर रखी जाएगी। डीसी और एसपी ने कहा कि आम जनता शांति, आपसी भाईचारा और धार्मिक सौहार्द के साथ रामनवमी का पर्व मनाए। एसपी डॉ बिमल कुमार ने रामनवमी त्योहार के मद्देनजर जिले के सभी पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने रामगढ़ एसडीपीओ, पतरातू एसडीपीओ, सभी सर्किल इंस्पेक्टर, थाना प्रभारियों को हाई अलर्ट पर रहने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा है कि किसी भी स्तर पर विधि व्यवस्था भंग नहीं होनी चाहिए। शांतिपूर्ण व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन की ओर से गाइडलाइन दिए गए हैं। इसके अलावा आदर्श आचार संहिता के तहत भी गाइडलाइन जारी किए गए हैं। पूजा कमेटी और अखाड़ों के पदाधिकारी के साथ सामंजस्य बनाकर शांतिपूर्ण माहौल में त्योहार को संपन्न करना है। इसके अलावा कोई भी राजनीतिक लाभ न उठाए इसका भी ध्यान रखना है। किसी भी बैनर व पोस्टर पर किसी भी राजनीतिक दल के प्रत्याशी या उसके सिंबल का इस्तेमाल नहीं होना चाहिए।

### विधानसभा बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन

**बेड़ो :** प्रखंड मुख्यालय स्थित महादानी मैदान में सोमवार को भारतीय जनता पार्टी के तत्वावधान में लोहरदगा संसदीय क्षेत्र के मांडर विधानसभा का बूथस्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। वहीं सम्मेलन में बोलते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी ने कहा कि केंद्र सरकार की जनोपयोगी योजनाओं का लाभ लेनेवाले ग्रामीण मतदाताओं तक भाजपा कार्यकताओं को अपनी पहुंच बढ़ानी चाहिए। उन्होंने कार्यकर्ताओं से गांवों में जाकर लोगों को वोट देने के लिए प्रोत्साहित करने की अपील किया। उन्होंने कार्यकताओं से प्रत्येक बूथों पर 10 प्रतिशत वोट की वृद्धि कराने तथा शत प्रतिशत मतदान कराने के प्रति सजग व सक्रिय रहने का आह्वान किया।

## जनहित में जरूरत पड़ी, तो संविधान में बदलाव सम्भव : प्रतुल



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रामगढ़ :** भाजपा ने मोदी की गारंटी वाला संकल्प पत्र जारी किया। इसके बाद झारखंड के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल नाथ शाहदेव सोमवार को रामगढ़ पहुंचे और मोदी की गारंटी वाले वादों की सूची जारी की। उन्होंने कहा कि पूरे देश में 400 सीटें जीतकर नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे। इस दौरान उन्होंने विपक्ष के संविधान बदलने वाली टिप्पणी पर भी अपनी प्रतिक्रिया रखी। उन्होंने कहा कि जनहित में जब भी जरूरत पड़ी है संविधान में बदलाव हुआ है। जनहित में जरूरत पड़ेगी तो संविधान में बदलाव भी संभव है। भाजपा पीछे नहीं हटेगी। यूसीसी कानून भी उसका एक उदाहरण है। देश में दो संविधान के पक्षधर हम नहीं हैं। आज सरियत कानून लागू है और कांग्रेस उसकी हिमायती है। हम उस कानून से ऊपर उठकर सभी जनता को एक समान अधिकार देना चाहते हैं। 10 वर्षों में किया राष्ट्रहित में काम शाहदेव ने कहा कि भाजपा ने पिछले 10 वर्षों में राष्ट्रहित में काम किया है। उपलब्धियों की बात की जाए तो शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, महिला सशक्तिकरण, कृषि सुरक्षा, पेयजल जैसे मूलभूत चीजों के अलावा और बहुत सारे काम हुए हैं। अगले 5 वर्षों में भाजपा विकसित राष्ट्र के रूप में भारत को स्थापित कर देगी। जितने वादे भाजपा ने किए थे, उसे पूरा कर दिखाया है। यहां तक कि 500 सालों के बाद भगवान राम भी टेंट से निकलकर अपने मंदिर में पधार चुके हैं। अयोध्या जी को अब विश्व स्तरीय धार्मिक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को एक सशक्त अर्थव्यवस्था के रूप में विकसित किया है।

## विधायक ने गांवों का दौरा कर लोगों की सुनी समस्या



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लापुंग :** विधायक शिल्पी नेहा तिर्की लापुंग प्रखण्ड अंतर्गत देवगाँव पंचायत के बेल टोली, पोला, तिलाई एवं नदी टोली गाँवो में ग्रामीणों के साथ बैठक करते हुए आम लोगों की समस्याओं को सुना और समाधान का आश्वासन दिया। श्रीमती तिर्की ने विशेष रूप से अबुआ आवास, विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन, पेयजल जैसी विभिन्न समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव के कारण विकास की अनेक योजनाओं और कार्यों पर कुछ असर पड़ा है, लेकिन चुनाव के बाद सभी लाभकारी योजनाओं के कार्यान्वयन में गति आयेगी, और जल्द आपकी समस्याओ का निपटारा कराया जायेगा। विधायक ने सरकार द्वारा लाई गयी और योजनाओं के बारे भी बतलाया और उन योजनाओं का लाभ लेकर आत्म निर्भर बनने को कहा । मौके पर पार्टी कार्यकर्ता संतोष तिर्की, राजकमल गोप, जीतेन्दर उरांव एवं अन्य लोगों उपस्थित रहे।

## तीन दिवसीय विशु शिकार 18 को



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बेड़ो :** प्रखंड मुख्यालय के बाजार टांड़ में सोमवार को ऐतिहासिक विशु शिकार खेलने को लेकर एक बैठक 12 पड़हा राजा विशाल उरांव की अध्यक्षता पाड़हा प्रेमियों की एक बैठक की गईं। जहां तीन दिवसीय शिकार पर जाने को लेकर रणनीति बनाई गई। बैठक में जानकारी देते हुए बताया गया कि 18 अप्रैल को पाड़हा प्रेमी गांव में पूजा अर्चना करने के बाद 19 अप्रैल को विशु शिकार खेलने निकलेंगे। जो जंगल का परिभ्रमण करते सभी शिकार खेलते हुए 19 अप्रैल की रात डोला डांड़ में जुटेंगे। जहां पाड़हा राजा की उपस्थिति में सभी गांव से आये पाडहा के लोग अपने -अपने चुल्हे में खाना बनाकर रात में सभा कर सभी गांवों की गिनती की जाएगी। जहां पहान, दीवान, कोटवार, पुजार, पइनभरा व महतो अपने-अपने गांव के पाड़हा के झंडा,ढ़ोल नगाड़ों के साथ हाजरी लगाते हुए पिछले साल के कार्यों की समीक्षा प्रस्तुत करेंगे। बैठक का संचालन राम प्रसाद लोहरा व धन्यवाद ज्ञापन चरवा उरांव ने किया ।बैठक में पाड़हा राजा विशाल उरांव ने पाड़हा प्रेमियों को गुड़ देकर विशु शिकार पर चलने का नेवता दिया। बैठक में संचालन समिति के अध्यक्ष बंधना उरांव सचिव पीटर तिर्की, घिनु उरांव,बंदे उरांव,मरटू मुंडा,संजय मुंडा कोटवार मंगरु उरांव,रवि मुंडा समेत कई लोग मौजुद थे।

## झांकी व अस्त्र-शस्त्र चालन प्रतियोगिता का आयोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बेड़ो :** प्रखंड मुख्यालय सोमवार की रात को बोलो बोलो बजरंग बली की जय,पवनसुत हनुमान की जय और जय श्री राम के उदघोष से गूंज उठा। जहां मुख्यालय स्थित महादानी मैदान में श्री श्री रामनवमी पूजा महासमिति के तत्वाधान में बेड़ो व अन्य प्रखंड के विभिन्न अखाड़ेधारियों के बीच अस्त्र शस्त्र चालन व झांकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रखंड के अखाड़ों के अस्त्र शस्त्र चालन में भाग लिया। जहां परंपरागत अस्त्र-शस्त्रों एवं गाजे-बाजे के साथ जय श्रीराम के नारे लगाते हुए पहुंचे। झांकी में राम, सीता, लक्ष्मण एवं हनुमान के वेशभूषा में शामिल होकर माहौल को राममय बना रहे थे तो ढोल और ताशे की धुन पर अखाड़ा के साथ शामिल खिलाड़ियों ने एक से बढ़कर एक कई खेल का प्रदर्शन कर सभी लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले टीमों को रामनवमी के दिन पुरस्कृत किया जाएगा ।इधर रामनवमी महापर्व को ले प्रखंड मुख्यालय से लेकर ग्रामीण क्षेत्र के मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। अखाड़ों द्वारा जुलूस निकालने की उमंग और उत्साह परवान चढ़ चुका है। पूरा प्रखंड मुख्यालय हनुमानी पताका और भगवा झंडा से पट चुका है। वहीं बुधवार को रामनवमी की शोभा यात्रा का विशेष आकर्षण विशाल झंडा शोभायात्रा, झंडा मिलन, झांकियां और अखाड़ों से शामिल ढोल, ताशों की टोलियां होगी।

## मिनरल इंडस्ट्री में कार्यरत 02 मजदूरों की मौत



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गोला (रामगढ़) :** गोला प्रखंड क्षेत्र के तोयर स्थित दशरथ चौक के सामने एम/एस गोला मिनरल इंडस्ट्रीज में कार्यरत दो मजदूरों की मौत शनिवार देर रात्रि को लंबी बिमारी से इलाज के दौरान राँची में हो गई। जानकारी के अनुसार पाकुड़ निवासी सहाल्लुम शेख( 41 वर्ष), पिता स्व. बेलाल शेख व गोला के तोयर निवासी जयनंदन महतो (75 वर्ष), पिता स्व. कुयला महतो उक्त प्लांट में कार्यरत थे। जब ये मजदूर फैक्ट्री के प्रदुषित वातावरण से ग्रसित होकर बिमार हो गये तो फैक्ट्री प्रबंधन द्वारा उन्हें प्लांट से बाहर कर दिया गया। जिसके बाद दोनों मजदूर धीरे धीरे लंबी बीमारी से ग्रसित होते चले गए, लेकिन फैक्ट्री प्रबंधन की ओर से मजदूरों के उपचार के लिए किसी तरह का ना कोई आर्थिक सहयोग किया गया और ना ही उनलोगों का कोई हालचाल लिया गया। ज्ञात हो कि इस प्लांट में क्वाट्र्ज पत्थर को पिसकर पाउडर बनाया जाता है तथा उसकी पैकिंग करने के पश्चात उसे दूसरे प्लांट में भेज दिया जाता है। पत्थर पिसने के दौरान जो डस्ट उड़ता है उसी डस्ट के वजह से मजदूरों को तरह-तरह की साँस एवं फेंफड़े की बिमारी होती है। लोगों ने यह भी बताया कि मजदूरों से 40 दिन तक काम लिया जाता है। फिर उसे हटा दिया जाता है। फिर पुनः महिना दो महिना के बाद वापस बुला लिया जाता है। नियमतः इस प्रकार की गतिविधि श्रम कानून का खुल्लमखुल्ला उल्लंघन है। मृत मजदूरों के लिए मुआवजे की मांग को लेकर फैक्ट्री गेट को जाम किया गया। मजदूरों की मौत के बाद शव को फैक्ट्री गेट समीप रखकर जेबीकेएसएस के कार्यकताओं, स्थानीय लोग एवं मृतक के परिजनों ने संयुक्त रूप से मिलकर उचित मुआवजे की मांग कर रहे हैं।

## पूर्णाहुति के साथ सात दिवसीय सूर्य षष्ठी महायज्ञ सम्पन्न

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**भुरकुंडा :** नलकारी नदी तट स्थित घठ मंदिर के निकट आयोजित सात दिवसीय श्री श्री सूर्य षष्ठी महायज्ञ सोमवार को पूणार्हुति के साथ संपन्न हुआ। महायज्ञ के अंतिम दिन देवी-देवताओं का आव्हान किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच यज्ञाचार्य पद्मनाभ दास जी महाराज के मार्गदर्शन में हवन किया गया। पूजा पर यजमान विनोद दूबे, अशोक तिवारी और गोपाल करमाली सपत्नीक पूजा पर बैठे। वहीं मंडप में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हवन कुंड में हवन कर आहूति दी। पूणार्हुति के उपरांत आरती की गई। इसके साथ देवी-देवताओं को पुष्पांजलि दी गई। तीनों यजमानों ने सपत्नीक छठ माता मंदिर, सूर्य मंदिर और गंगा माता मंदिर में



अर्चना कर मंगलकामना की। इस दौरान वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवा रंग से सरोबार यज्ञ स्थल और आसपास के क्षेत्र में भक्ति की बयार बहती रही। इसके साथ ही महायज्ञ विधि-विधान से संपन्न हो गया। पद्मनाभ दास जी महाराज ने कहा कि भगवान से यही प्रार्थना है कि क्षेत्र और क्षेत्र के लोगों पर कृपा बनाएं रखें और कमेटी के लोगों को इतना सामर्थ्य और बल दे कि आगे भी यज्ञ का इस प्रकार सफलतापूर्वक आयोजन करते रहें। वहीं महायज्ञ के उपरांत यज्ञाचार्य ने स्थापित कलश का नलकारी नदी में विसर्जन कराया। इसके साथ श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद के रूप में खीर का वितरण किया गया। श्री श्री सूर्य षष्ठी महायज्ञ विभिषण कुंड, अयोध्या धाम के आचार्य पद्मनाभ दास जी महाराज के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। सहयोगियों में गोपाल जी, सुधांशु जी, मोहित शुक्ला जी, अमित जी, प्रवीण तिवारी जी, गोविंद जी शामिल रहे। सात दिवसीय महायज्ञ को सफल बनाने में यज्ञ कमेटी के संजय मिश्रा, संजय वर्मा, संजीत राम, दीपक कुमार, सतीश सागर, शशि सागर, रवि दीप, विजय कुमार, अमृत कुमार, विक्रम, योगेंद्र करमाली, कुमार आलोक, राजन राउत, संजय यादव, उपेंद्र शर्मा, अजय पासवान, दीपक भुइयां, विजय, शंकर, डब्लू पांडेय, राजगीरी, सुशील सिंह, विक्रम, विक्की, सौरव, सुदीप, मधुकर, सौरभ पासवान सहित क्षेत्र के कई लोगों का अहम योगदान रहा।

## भाजपा के संकल्प पत्र में खूंटी को भी मिला है महत्त्वपूर्ण स्थान : अर्जुन मुंडा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**खूंटी :** भाजपा के संकल्प पत्र में खूंटी को भी महत्वपूर्ण स्थान मिला है। वर्ष 2025 में धरती आबा बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती को हमारी आनेवाली सरकार देश भर में बिरसा मुंडा के नाम पर ह्यजनजातीय गौरव वर्ष के रूप में मनायेगी। यह हम सभी के लिए गौरव का विषय है। भाजपा के संकल्प पत्र ने जनजातीय समुदाय का मान-सम्मान बढ़ायाया है। ये बातें केंद्रीय मंत्री और खूंटी लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा ने कही। मुंडा सोमवार को खूंटी में विधानसभा चुनाव कार्यालय के उद्घाटन के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा ने अपने ह्यसंकल्प पत्र में



मोदी की गारंटी के माध्यम से आनेवाले पांच वर्षों में क्या-क्या महत्वपूर्ण कार्य किए जाएंगे, उसका रोडमैप जनता के समक्ष रखने का काम किया है। साथ ही संकल्प पत्र के माध्यम से यह भी बताने की कोशिश की गयी है कि पिछले दस वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में चहुंमुखी विकास हुआ है। इन 10 वर्षों में प्रधानमंत्री ने जनता के जनादेश पर खरा उतरते हुए पार्टी के घोषणा पत्र को संकल्प पत्र के रूप में स्थापित किया और एक नई परंपरा को आगे बढ़ाते हुए कसौटियों पर खरा उतरने का काम किया है। उन्होंने कहा कि 2024 में अपनी प्रतिबद्धता को जाहिर करते हुए अपने संकल्पों को दोहराते हुए भाजपा ने अगले पांच सालों में देश के गरीब, किसान, युवा और महिलाओं को केंद्रबिंदु में रखते हुए देश के विकास को रेखांकित करने और सुनिश्चित करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि हमारा संकल्प पत्र विकसित भारत बनाने का संकल्प पत्र है। मंत्री मुंडा ने संकल्प पत्र के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि अगले पांच सालों तक मुफ्त राशन, स्वच्छ पानी, गैस कनेक्शन देने का काम हमारी सरकार करेगी। एक नई और अभूतपूर्व पीएम सूर्य घर योजना को धरातल में उतारकर ग्रामीण क्षेत्र के घरों को बिजली उत्पादन घरों के रूप में परिवर्तित किया जाएगा, इससे जीरो बिजली बिल की व्यवस्था होगी। आयुष्मान भारत से पांच लाख तक का मुफ्त इलाज मिल रहा है, यह आगे भी मिलता रहेगा। साथ ही 70 साल से ऊपर आयु वर्ग के हर बुजुर्ग को इस योजना में आच्छादित किया जाएगा। जन औषधि केंद्र पर 80 फीसदी छूट के साथ दवा मिलती रहेगी। चार करोड़ गरीबों को पक्के मकान बनाकर दिए गये हैं। तीन करोड़ और पक्के मकान बनाए जाएंगे। मुद्रा योजना के तहत अब 20 लाख रुपये तक का लोन मिलेगा। युवाओं के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर, मैन्युफैक्चरिंग, स्टार्टअप, स्पोर्ट्स, इन्वेस्टमेंट, हाई वैल्यू सर्विस और टूरिज्म के जरिए लाखों रोजगार के अवसर पैदा किए जाएंगे।

## यज्ञ से सुख-समृद्धि व मन को असीम शांति मिलती है : सुनीता चौधरी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**दुलमी (रामगढ़) :** रामगढ़ जिले के दुलमी प्रखंड अंतर्गत सिकनी पंचायत के मंडय टोला में चल रहे श्री श्री 1008 तीन दिवसीय भव्य हनुमान प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दूसरे दिन रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी सम्मिलित होकर पवन पुत्र भगवान हनुमान का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस शुभ मौके पर रामगढ विधायक सुनीता चौधरी ने ग्रामवासियों एवं सभी श्रद्धालुओं को कहा नए मंदिर निर्माण के शुभअवसर पर इस तरह के भव्य प्राण प्रतिष्ठा हेतु यज्ञ होने से क्षेत्र का वातावरण शुद्ध एवं गाँव में सुख समृद्धि व मन को शांति मिलती है। वहीं श्रद्धा भाव से किए गए हवन से मनुष्य की मनोकामना पूर्ण होती है। साथ ही उन्होंने श्री बजरंग बली भगवान से हाथ जोड़ कर समस्त क्षेत्र वासियों को ग्रामवसियों के सुख शांति और समृद्धि की



कामना की। मौके पर सिकनी मुखिया मोनिका देवी, सिकनी उप मुखिया सह मुखिया प्रतिनिधि एवं यज्ञ समिति के अध्यक्ष उमाशंकर महतो, आजसू मिडिया प्रभारी सह युवा नेता राजेन्द्र कुमार उर्फ रमन पटेल, आजसू नेता जोगेंद्र महतो, अशोक टाइगर, गौरीशंकर महतो, पंचायत अध्यक्ष मुरली महतो, मंदिर निर्माणकर्ता सह मुख्य पुजारी देवकी महतो, यज्ञ समिति के कोषाध्यक्ष तुलेश्वर महतो, मनोज महतो, सरिता देवी, जीतू महतो, गुड्डू कुमार, मुन्ना कुमार, सहित पूजा समिति के सभी सदस्य एवं सैकड़ो ग्रामवासी व श्रद्धालु शामिल थे।

## एक झलक

### जनीकांत ओहदार चुने गये श्री श्री महावीर अखाड़ा मेला समिति, बुटी के अध्यक्ष

**रांची** : अध्यक्षता में 17 अप्रैल 2024, को आयोजित लाठी प्रतियोगिता सह रामनवमी मेला को सफल बनाने के लिए एक बैठक आयोजित किया गया एवं कमेटी का गठन किया गया जो इस प्रकार है– रजनीकांत ओहदार अध्यक्ष, अजीत महतो कार्यकारी अध्यक्ष, राम ओहदार सचिव, कपिल महतो, पवन महतो सह सचिव, करण ओहदार,अविनाश महतो, सत्य ओहदार, अजीत ओहदार सभी उपाध्यक्ष। लिखेश्वर नाथ ओहदार कोषाध्यक्ष, बादल महतो, मनीष महतो मीडिया प्रभारी नियुक्त किए गए।

### सांसद संजय सेठ ने बुढ़मू में हुए हादसे पर जतायी संवेदना

**रांची** : सांसद संजय सेठ ने बुढ़मू में हुए हादसे में मृत परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदना प्रकट की है छठ पूजा के दौरान ऑटो पलट जाने के कारण तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई कई लोग घायल हो गए। सांसद सेठ ने आज रिम्स जाकर पीड़ित परिवारों से मिले एवं त्वरित पोस्टमार्टम हेतु निर्देश दिया और शव को घरों तक पहुंचाने की व्यवस्था सुनिश्चित की सांसद सेठ ने कहा यह बहुत ही मर्माहत करने वाली घटना है ईश्वर परिवार वालों को इस दुख की घड़ी में दुख सहने की शक्ति प्रदान करें।

### श्री महावीर मंडल आज करेगा भव्य झांकी का आयोजन

**रांची** : श्री महावीर मंडल डोरंडा केंद्रीय समिति के अध्यक्ष संजय पोद्दार और मंत्री पप्पू वर्मा के नेतृत्व में कल महा अष्टमी की विशाल शोभा यात्रा संध्या 7:00 बजे से अपने पारंपरिक मार्गो से होते हुए शिव मंदिर महावीर मंदिर पहुंचेगी कल झांकी का भाव आयोजन किया गया है जिसमें गोंडा क्षेत्र के विभिन्न आकारों द्वारा भव्य झांकी की प्रस्तुति की जाएगी श्री महावीर मंडल डोरंड द्वारा झांकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है जिसमें बंपर पुरस्कार प्रथम द्वितीय और तृतीय पुरस्कार नगद राशि और ट्रॉफी के रूप में प्रदान की जाएगी महा अष्टमी को लेकर डोरंडा के विभिन्न अखाड़ों को भव्य तरीके से सजाया गया है महावीर मंडल मिस कोट मैदान द्वारा विद्युत सज्जा की गई है जो डोरंडा के लिए आकर्षण का केंद्र है श्री महावीर मंडल डोरंड केंद्र समिति के अध्यक्ष संजय पोद्दार मंत्री पप्पू वर्मा ने सभी अखाड़ों से कल बड़े ही धूमधाम के साथ संयमित तरीके से शोभा यात्रा निकालने की अपील की है।

### श्यामा प्रसाद मुखर्जी रुर्बन मिशन : झारखंड को पूरे देश में मिली 9वीं रैंक

**रांची** : श्यामा प्रसाद मुखर्जी रुर्बन मिशन ने ग्रामीण विकास के विभिन्न मापदंडों पर राज्य को पूरे देश में 9वीं रैंक दी है। इसे लेकर मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने खुशी जताते हुए प्रदेश की जनता को बधाई दी है। सोमवार को सोशल मीडिया एक्स पर इसकी जानकारी साझा करते मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने लिखा, ₹बधाई झारखंड! झारखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले आदिवासियों, मूलवासियों एवं आम लोगों के जीवन स्तर में बदलाव ला रही हमारी सरकार की योजनाओं एवं उनके द्वारा हो रहे बदलावों को केंद्र सरकार द्वारा सराहा गया है। भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय के तहत चलने वाले ₹श्यामा प्रसाद मुखर्जी रुर्बन मिशन₹ ने ग्रामीण विकास के विभिन्न मापदंडों पर झारखंड को पूरे देश में 9वीं रैंक दी है। आप सभी के सहयोग से, झारखंड की आम जनता की सेवा एवं उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का हमारा अभियान जारी रहेगा। श्यामा प्रसाद मुखर्जी रुर्बन मिशन ने ग्रामीण विकास के अलग–अलग मापदंडों के आधार पर जो रैंकिंग तय की है, उसमें पहले स्थान पर तमिलनाडु, फिर मिजोरम, तेलंगाना जैसे राज्य हैं। इसके अलावा झारखंड से आगे कर्नाटक, पंजाब, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश और सिक्किम जैसे राज्य हैं। गुजरात दसवें पायदान पर जबकि ओडिशा 19वें स्थान पर है।

---

### मोरहाबादी स्थित ईवीएम वेयर हाउस का उपायुक्त ने किया निरीक्षण

# निर्धारित सभी मापदण्डों का अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश

## वेयर हाउस की सुरक्षा व्यवस्था, विद्युत व्यवस्था व अन्य आवश्यक विभिन्न पहलुओं का लिया जायजा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, रांची राहुल कुमार सिन्हा द्वारा आज दिनांक 15 अप्रैल 2024 को बिरसा मुण्डा फुटबॉल स्टेडियम, मोरहाबादी स्थित ईवीएम वेयर हाउस के आंतरिक व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। भारत निर्वाचन आयोग के तय मानकों के आधार पर राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में ईवीएम वेयर हाउस खोला गया एवं आंतरिक व्यवस्था, ईवीएम के रख-रखाव समेत अन्य मानकों का जायजा लिया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त राहुल



कुमार सिन्हा द्वारा ईवीएम वेयर हाउस के रख-रखाव के संबंध में भारत निर्वाचन आयोग के निदेशों का अनुपालन सुनिश्चित करने का निदेश उप निर्वाचन पदाधिकारी को दिया गया। इस दौरान रांची जिला के सभी सात विधानसभा क्षेत्र के संबंधित सहायक निवार्ची पदाधिकारी भी उपस्थित थे।

## राजनीतिक दलों/प्रतिनिधियों के सामने किया गया रैन्डमाइजेशन



**रांची** : सोमवार को लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के निमित्त ईएमएस पर ईवीएम-वीपीपैट का फर्स्ट रैन्डमाइजेशन किया गया। समाहरणालय ब्लॉक-ए स्थित एनआईसी सभागार में विभिन्न राजनीतिक दलों/प्रतिनिधियों के समक्ष जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, रांची राहुल कुमार सिन्हा ने ईवीएम-वीवीपैट का फर्स्ट रैन्डमाइजेशन किया। रांची लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत सिल्ली, हटिया, खिजरी, रांची एवं कांके विधानसभा, खूंटी लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत तमाड़ विधानसभा एवं लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत मांडर विधानभा क्षेत्र के ईवीएम-वीपीपैट का रैन्डमाइजेशन किया गया। आपको बतायें कि चुनाव आयोग के सॉफ्टवेयर के माध्यम से बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट और वीवीपैट का रैन्डमाइजेशन कर तय किया जाता है कि कौन सा बीयू-सीयू कहां भेजा जाना है।

## युवा महावीर मंडल ने 151 महावीर पताकों का किया वितरण



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : युवा रांची महानगर रामनवमी पूजा समिति (युवा महावीर मंडल) द्वारा रामनवमी के उपलक्ष्य में आज 15 अप्रैल,सोमवार को सप्तमी के अवसर पर रांची के अल्बर्ट एक्का चौक के पास अध्यक्ष नंदकिशोर सिंह चंदेल के नेतृत्व में महावीर पताका लोगो के बीच वितरण किया गया.शाम चार बजे शुरू हुए इस कार्यक्रम में शहर के विभिन्न इलाकों के श्रद्धालुओं के बीच 151 महावीर पताका का वितरण किया। समिति के मीडिया प्रभारी नरेश पपनेजा ने बताया कि महावीर पताका प्राप्त करने से पहले श्रद्धालुओं ने उसे अपने माथे से लगाया और श्रद्धा भाव से जय श्री राम और बजरंग बली की जय के नारे लगाए और उनके चेहरों पर राम के प्रति आस्था और भक्ति का भाव स्पष्ट दिख रहा था। आज के पताका वितरण कार्यक्रम में समिति के अध्यक्ष नन्द किशोर सिंह चंदेल, विक्की कुमार,राजु काठपाल, बासु बेरा, रवि सिंह, विवेक कुमार, जिम्मी गुप्ता, मुकेश नायक, अनमोल सिंह, अरविंद कुमार, आलोक कुमार सिंह, शिल्पी कुमारी वर्मा, विनीता कुमारी, अमित रॉय, मंजुला बेरा, वीणा श्री,छाया वर्मा, रीता सेन, ममता वर्मा एवं सुनीता मेहता शामिल हुए।

## मारवाड़ी युवा मंच रांची शाखा ने की गो सेवा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : मारवाड़ी युवा मंच रविवार सुबह 8.00 बजे हरमू रोड स्थित राँची गौशाला न्यास में गौ सेवा की गई। सदस्यों ने 51 किलो पालक, 51 किलो पत्ता घोभी,एक कार्टून गुड़ रोटी एवं कबूतरों के लिए दाना खिलाकर बिना दूध देने वाली निर्बल व असहाय गायों की सेवा की और पुण्य का लाभ उठाया। साथ ही वहां पक्षियों को दाना भी खिलाया। गौ सेवा कार्यक्रम के लिए सभी समाग्रि हमारे आज के दानदाता युवा कमलेश शर्मा द्वारा दिया गया। हम मंच की ओर से उनका आभार प्रकट करते हैं। इसके साथ ही वहाँ उपस्थित सभी सदस्यों एवं उनके परिवार वालों ने भी गौ सेवा कर पुण्य का लाभ प्राप्त किया। कार्यक्रम के संयोजक युवा कमलेश शर्मा एवं युवा उज्जवल मुरारका के साथ मारवाड़ी युवा मंच



के अध्यक्ष युवा आशीष अग्रवाल सचिव युवा सोनित अग्रवाल कोषाध्यक्ष युवा स्पर्श चौधरी, पूर्व अध्यक्ष मुकेश जजोदिया, मनीष लोधा, सुभाष पटवारी, दीपक गोयनका, उपाध्यक्ष प्रांत (मुख्यालय) विशाल पाड़ीया, निर्वातम अध्यक्ष अमित चौधरी समेत रोहित सराउगी, अजय खेतान, अखिल टिकमानी, विशाल महलका, कुशल टेकरीवाल, विकास अग्रवाल, सौरभ बजाज, हर्ष जालान, नीरज अग्रवाल, राघव जालान, संजय बजाज, रमन बगरिय, उमंग सुल्तानिया एवं अन्य विशेष रूप से उपस्थित थे।

## सरना सदान मूलवासी मंच की सरहुल मिलान समारोह को लेकर बैठक, पोस्टर का हुआ विमोचन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : मोरबादी स्थित डॉ रामदयाल मुंडा पार्क में सूरज टोप्पो की अध्यक्षता में सरना सदान मूलवासी मंच का सरहुल मिलन समारोह को लेकर बैठक किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 21 अप्रैल को राजधानी रांची के हृदयस्थली अल्बर्ट एक्का चौक में सरहुल मिलन समारोह का आयोजन किया जायेगा। इस दौरान मंच के द्वारा सरहुल मिलन समारोह का पोस्टर लॉंच किया गया। उक्त मौके पर मुख्य संरक्षक रणजीत टोप्पो ने कहा की सरहुल मिलन समारोह के प्रति सभी समुदाय के लोगों का जिस तरह से झुकाव रहता है उसे शब्दों में बयाँ



नहीं किया जा सकता है। ज्ञात हो कि सरना सदान मूलवासी मंच के द्वारा प्रत्येक वर्ष सरहुल मिलन समारोह का आयोजित किया जाता है। बैहक सह पोस्टर विमोचन में मुख्य रूप से राधा हेमरोम, अंजू तिर्की, मोहन तिर्की, अमित मुण्डा, मिथलेश कुमार, बिक्की करमाली, अजीत लकड़ा, सुरज टोप्पो,डब्लू मुण्डा, पवन कुमार, मुख्य सलाहकार निरंजन भारती इत्यादि सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## मोदी की गारंटी पर देश की जनता को है पूरा भरोसा : बाबूलाल मरांडी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : झारखंड के प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सोमवार को हरमू रोड स्थित मारू टावर में भाजपा के मीडिया सेंटर का उद्घाटन किया। साथ ही सभी ने भरोसा जताया कि भाजपा के संकल्प-मोदी की गारंटी पर झारखंड के लोग भी चुनाव में भरोसा जतायेंगे। इस दौरान पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए बाबूलाल मरांडी ने कहा कि देश की जनता स्वीकार करती है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा जो कहती है उसे पूरा करती है। बात यहां विश्वसनीयता की है। मोदी ने जो कहा, सो किया। देश में विपक्षी पार्टियां पूरी तरह



अविश्वसनीय हो चुकी हैं, मोदी की गारंटी पर जनता को पूरा भरोसा है। उन्होंने कहा कि पार्टी का घोषणा पत्र जारी हो गया है। संकल्प पत्र के लिए 15 लाख लोगों का सुझाव पूरे देश से आया, जिसमें नमो एप से 4 लाख और 10 लाख लोगों ने वीडियो बनाकर सुझाव देने का काम किया। यह अपने आप में बड़ी बात है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने गरीबों के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं। देश में कोई भी भूखा नहीं सोयेगा, यह मोदी की गारंटी है। गरीबों को इलाज के लिए आयुष्मान योजना से जोड़ा। पैसे के अभाव में इससे इलाज अब नहीं रुकता। इसे और विस्तार देते हुए प्रधानमंत्री ने 70 साल पूरा करने वाले या इससे अधिक के सभी वर्ग के लोगों को भी इसका लाभ देने की बात की है। बीमार होने के बाद उनका इलाज नहीं हो पाता था, उन्हें भी लाभ मिलेगा। 10 वर्ष में चार करोड़ से अधिक आवास दिया। आने वाले समय में और तीन करोड़ लोगों को आवास सरकार देगी। इस तरह से सबको अपना घर देने की तैयारी है। फूड प्रोसेसिंग हब बनाने की तैयारी है, जिससे किसानों को लाभ मिलेगा। रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। श्री अन्न योजना, सहकारिता नीति लायेंगे। स्वनिधि स्कीम से गांवों में 50 हजार का कर्ज मिलेगा। मरांडी ने कहा कि देश में जनजातीय वर्ष मनाया जायेगा। इसके जरिये हमारे जनजातीय समाज से जुड़े नायकों, महापुरुषों को और सम्मान मिलेगा। देश में तीन करोड़ ग्रामीण महिलाओं को लखपति बनाया जाना है। 5000 किमी रेल पटरियां बिछायी जा रही हैं।

## शिक्षा संस्कृति उत्थान का कार्यकर्ता परिचय सम्मेलन आयोजित

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास रांची महानगर का कार्यकर्ता परिचय सम्मेलन विद्या विकास समिति शुक्ला कॉलोनी हिनू रांची में 14 अप्रैल 2024 के सायं में संपन्न हुआ। इस सम्मेलन में कुल 50 कार्यकर्ता उपस्थित हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विनोद बिहारी कोयलांचल विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो अंजनी कुमार श्रीवास्तव थे। उन्होंने आज के समय में पर्यावरण संरक्षण,जल संरक्षण के छोटे छोटे उपायों पर विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की।कार्यकर्ता सम्मेलन के मुख्य वक्ता प्रो विजय कुमार सिंह, कुलसचिव सरला विरला विश्वविद्यालय रांची एवम न्यास के क्षेत्र संयोजक ने न्यास की स्थापना,



उद्देश्य एवम गतिविधियों की जानकारी कार्यकताओं की समक्ष प्रस्तुत किया। साथ ही राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन हेतु शिक्षाविदों से आग्रह किया।आगामी जून माह में आयोजित राष्ट्रीय शैक्षिक कार्यशाला रांची एवम राष्ट्रीय अभ्यास वर्ग की जानकारी दी। अध्यक्षीय भाषण प्रो अशोक चौधरी जी पूर्व निदेशक मानव संसाधन केंद्र रांची विश्वविद्यालय रांची का हुआ। शिक्षा एवम स्वास्थ्य के संबंध में प्राचीन गांव के स्वावलंबन की जानकारी दी। क्षेत्र संयोजक प्रो. विजय कुमार सिंह जी ने रांची महानगर के लिए निम्न दायित्व की घोषणा की-

**क्रम नाम दायित्व**

1. डॉ गणेश चंद्र वासके संयोजक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय रांची।
2. डॉ धनंजय वासुदेव द्विवेदी, संयोजक पर्यावरण शिक्षा।
3. डॉ प्रियरंजन प्रियदर्शी, संयोजक चरित्र निर्माण एवम व्यक्तित्व का समग्र विकास।
4. डॉ कुणाल कुमार, संयोजक प्रबंधन शिक्षा।
5. डॉ आशित महापात्र, संयोजक तकनीकी शिक्षा।

संचालन रक्षा शक्ति विश्वविद्यालय के सुनीताजी के द्वारा हुआ।परिचय का कार्यक्रम महानगर के सह संयोजक डॉ सुनील कुमार झा जी ने कराया।

## स्व. महावीर प्रसाद गिनीया देवी अड़ुकिया की स्मृति में स्थाई वाटर कुलर जल के प्याऊ का उद्घाटन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : श्री कृष्ण प्रणामी सेवाधाम ट्रस्ट एव स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट दिल्ली शाखा रांची के सयुंक्त तत्वाधान मे निमार्णाधीन मंगल राधिका सदानंद दिव्यांग सेवाधाम आश्रम के प्रांगण मे (श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर) पुंदाग T.O.P. के पीछे, पुंदाग, रांची मे आज सोमवार को दोपहर 12:30 बजे परमहंस भागवत भास्कर संत शिरोमणि डॉक्टर श्री श्री 108 श्री सदानन्द जी महाराज जी के परम भक्त शिष्य मीरा देवी ओमप्रकाश अड़ुकिया ने अपने माता पिता पौत्र पौत्र वधु तरुण स्वाती अड़ुकिया एव पौत्री मनीषा अड़ुकिया ने (स्वङ्गमहावीर प्रसाद गिनिया देवी अड़ुकिया) की स्मृति मे निमार्णाधीन श्रीकृष्ण प्रणामी मंदिर के प्रांगण मे स्थाई ठण्डें पानी की पनशाला (प्याऊ) का पुरे विधी विधानसे आये हुए पुरोहितों ने पूजा पाठ कराकर स्थाई ठण्डें वाटर कुलर (पनशाला) प्याऊ की आज शुरूआत की।

## श्री चैती दुर्गा पूजा महासमिति पूजा पंडाल का हुआ उद्घाटन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : श्री चैती दुर्गा पूजा महासमिति भव्य उद्घाटन के बाद पूजा पंडाल का पट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया गया, महासप्तमी तिथि में बेलवरण पूजा एवं नव पत्रिका प्रवेश सुबह 10:00 बजे किया गया। अयोध्या श्री राम जन्मभूमि को समर्पित पूजा पंडाल एवं भव्य राम लक्ष्मण बजरंगबली की प्रतिमा में मां दिखाई दे रही हैं। जिसका उद्घाटन सयुंक्त रूप से श्री सुरेश साहू, श्री अलोक साहू के हाथों होना सुनिश्चित हुआ, सभी अतिथियों का स्वागत अध्यक्ष श्री शंकर दुबे एवं महामंत्री गोपाल पारीक जी द्वारा किया गया। उद्घाटन के वक्त सक्रिय रूप से महासमिति के मुख्य संरक्षक



किशोर साहू, रमेश सिंह, राजकुमार गुप्ता, उदय साहू, तथा कोषाध्यक्ष संजय सिंह, प्रवक्ता नमन भारतीय, राजीव रंजन मिश्रा, मंटू चौबे, दीपू सिंह, राजेश वर्मा एवं संस्था के सभी पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। पहले दूसरे तथा तीसरी मंगलवारी के सफल आयोजन के बाद अष्टमी मंगलवारी को संध्या 7:00 बजे से, भक्त साक्षात बजरंगबली के दर्शन कर सकेंगे, पवनपुत्र हनुमान आकर्षण का केंद्र,101 किलो शुद्ध घी से निर्मित लड्डू भोग, ढोल नगाड़े तथा अस्त्र-शस्त्र का प्रदर्शन करते हुए भक्त महावीर चौक पहुंचेंगे। दिनांक 18-04-2024 दिन गुरुवार को दोपहर 03 बजे से विशाल विसर्जन शोभा यात्रा निकाली जाएगी।

## शिक्षकों की भारी कमी के कारण लाचार होती जा रही है राज्य की उच्च शिक्षा व्यवस्था : अभिषेक शुक्ला

### राज्य के सभी विश्वविद्यालय में लगभग 50 से 70% शिक्षकों के पद रिक्त

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : रांची विश्वविद्यालय के अध्यक्ष अभिषेक शुक्ला ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि राज्य में उच्च शिक्षा व्यवस्था की स्थिति भयावह है जिसका मुख्य कारण राज्य में शिक्षकों की भारी कमी है, शिक्षकों की कमी के कारण राज्य के छात्र छात्राएं एवं युवा वर्ग को उच्य शिक्षा प्राप्त करने में काफी मुश्किलों का सामान करना पड़ रहा है। वर्ष 2008 में राज्य सरकार द्वारा असिस्टेंट प्रोफेसर की बहाली के लिए वैकेंसी निकाली गई



थी। उसके बाद लगभग 16 वर्ष बीत जाने के बाद आज तक राज्य सरकार द्वारा विश्वविद्यालय में शिक्षकों की बहाली के लिए वैकेंसी नहीं निकाली गई जबकि इस दौरान राज्य के सभी विश्वविद्यालय में हजारों की संख्या में शिक्षक रिटायर हुए हैं। परंतु खाली पड़े पदों को भरने में राज्य सरकार कोई दिलचस्पी नहीं दिखा रही है इसका भुगतान राज्य के वैसे छात्र-छात्राओं एवं युवाओं को भुगतना पर रहा है जो उच्य शिक्षा प्राप्त करने मे दिलचस्पी रखते हैं।

### स्वीप के तहत इलेक्टोरल लिटेज्सी क्लब से सम्बन्धित जागरूकता कार्यशाला का आयोजन

# सबसे बड़े लोकतंत्र की तरफ देख रही है पूरी दुनिया : नेहा अरोड़ा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : आज कई देशों में चुनाव हो रहे हैं, लेकिन पूरी दुनिया सबसे बड़े लोकतंत्र भारत की तरफ देख रही है। स्वस्थ लोकतंत्र के निर्माण में युवा मतदाता विशेष रूप से महत्वपूर्ण हैं। चुनावी प्रक्रिया से परिचित होने के साथ-साथ लोगों को जागरुक करना हम सभी की जिम्मेवारी है। ये बातें अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखण्ड श्रीमती नेहा अरोड़ा ने स्वीप अंतर्गत रांची विश्वविद्यालय के मासकॉम विभाग में गठित इलेक्टोरल लिटेज्सी क्लब की जागरुकता कार्यशाला के दौरान कही। कार्यशाला में नोडल पदाधिकारी स्वीप कोषांग-सह-उपविकास आयुक्त, रांची श्री दिनेश कुमार यादव, उपनिदेशक सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, झारखण्ड रांची श्री आनंद, मशहूर फिल्मकार एवं निदेशक मासकॉम डिपार्टमेंट, रांची विश्वविद्यालय श्री बीपी सिन्हा एवं छात्र उपस्थित थे।

**ऐसा कॉन्टेंट बनायें, जो इनफॉर्मेटिव हो**

**कार्यशाला** के दौरान नेहा अरोड़ा ने ईएलसी से संबंधित निर्देशिका में उल्लेखित विभिन्न गतिविधियों को



समुचित तरीके से लोकतंत्र में आयोजित करने पर बल दिया। उपस्थित छात्रों से उन्होंने कहा कि चुनावी प्रक्रिया और मतदान के प्रति लोगों को जागरुक करने के लिए ऐसा कॉन्टेंट बनायें जो इनफॉर्मेटिव हो, ताकि लोग जान पायें कि चुनाव के लिए आयोग ने क्या-क्या प्रावधान किये हैं, लोगों को इथिकल वोटिंग के बारे में जागरुक करें।

**चुनाव से सम्बन्धित डिजिटल ऐप व वेबसाइट की दी गयी जानकारी**

**नोडल** पदाधिकारी स्वीप कोषांग-सह-उपविकास आयुक्त, रांची श्री दिनेश कुमार यादव ने कार्यशाला के दौरान उपस्थित छात्रों को चुनाव से संबंधित डिजिटल ऐप एवं वेबसाइट की जानकारी प्रदान की। साथ ही स्कूल/कॉलोजों की सक्रिय भागीदारी से युवा मतदाताओं को चुनाव प्रक्रिया से जोड़ने के उद्देश्य और सार्थकता पर बल दिया।

**सीईओ झारखण्ड के सोशल मीडिया हैंडल्स को फॉलो करें**

छात्रों को जानकारी देते हुए उपनिदेशक, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, झारखण्ड रांची श्री आनंद ने बताया कि मतदाता जागरुकता हेतु मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी झारखंड कार्यालय की ओर से वीडियोज, रील्स, मीम्स, रिंगटोन आदि जारी किये गये हैं, आप सभी इन सामग्रियों को उपयोग करें एवं चुनाव प्रक्रिया से संबंधित ताजा जानकारी के लिए सीईओ झारखण्ड के सोशल मीडिया हैंडल्स को फॉलो करें।

**सही जवाब देनेवाले छात्रों को दिया गया उपहार, दिलायी गयी मतदाता शपथ**

**कार्यशाला** के दौरान छात्रों से चुनाव से संबंधित सवाल भी किये गये। सही जवाब देने वाले छात्रों को उपहार भी दिया गया। आखिर में अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखण्ड श्रीमती नेहा अरोड़ा द्वारा सभी को मतदाता शपथ दिलाया गया।

## सम्पादकीय.....

# चौंका रही है रिपोर्ट

**इंडियन** काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च (आईसीएमआर) की रिपोर्ट में चौंकानेवाली बात सामने आयी है। बताया गया है कि 18 से 54 साल के 30 फीसदी भारतीयों ने कभी अपना ब्लड प्रेशर चेक नहीं कराया। आजकल रक्तचाप की समस्या आम बन गयी है। ऐसे में देश में फ्री बीपी चेकअप का इंतजाम किया जाना चाहिए। हृदय और रक्तचाप के नाजुक रिश्ते को देखते हुए यह रिपोर्ट चिन्ता बढ़ानेवाली है। इससे यही प्रतीत हो रहा है कि देश में ब्लड प्रेशर से जुड़ीं बीमारियां बढ़ने के बावजूद इसे लेकर जागरूकता नहीं बढ़ रही। अपने स्वास्थ्य को लेकर लोगों में सामान्यतः भावना यही होती है कि बाहर से फिट दिख रहे हैं, तो भीतर से भी फिट ही होंगे। हाल के दिनों में ऐसी कई घटनाएं हुईं, जहां एकदम चुस्त-दुरुस्त दिख रहे युवा सिलेब्रिटी का दिल दगा दे गया। दरअसल, जब तक बीमारी आती नहीं, तब तक लोग उसके बारे में नहीं सोचते। दुर्भाग्य से ब्लड प्रेशर को लेकर तो गम्भीरता और भी कम है। बीपी चेक नहीं कराने का एक बड़ा कारण है कि सामान्यतः लोग इसे बहुत हल्के में लेते हैं। उन्हें लगता है कि ब्लड प्रेशर का सामान्य से ऊपर-नीचे होते रहना आम बात है। वे इसे भविष्य में हो सकनेवाले गम्भीर बीमारियों के हमले के रूप में नहीं देखते। यही नादानी कई बार आगे चल कर भारी पड़ जाती है। ब्लड प्रेशर चेक नहीं कराने का दूसरा कारण है संसाधन और वक्त की कमी। चूंकि, आम व्यक्ति की नजर में यह कोई गम्भीर विषय नहीं, इसलिए पहले तो बीपी चेक करने के लिए समय नहीं निकल पाता। फिर दिक्कत यह भी आती है कि बीपी चेक कहां कराया जाये। जरूरी नहीं है कि सभी के घर के पास कोई क्लिनिक या हॉस्पिटल हो। वहां मानसिकता यह हो जाती है कि जब कोई दिक्कत ही नहीं, तो बस बीपी चेक कराने के लिए डॉक्टर के पास क्या जाना! बीपी चेक करना कोई बहुत बड़ा टास्क नहीं है। इसके लिए कोई बहुत ज्यादा खर्च करने की जरूरत भी नहीं पड़ती। ऐसे में क्यों नहीं सामुदायिक केन्द्रों, क्लब, होटल, ऑफिस वगैरह में भी बीपी चेक की सुविधा उपलब्ध करा दी जाये। यह काम इतना सरल होना चाहिए, जिसके लिए अलग से सोचना नहीं पड़े। साथ ही, इस सेवा को निःशुल्क और सभी की पहुंच में रखा जाना चाहिए। ऐसा होने पर गरीब और वंचित तबके के लोग भी इसका लाभ उठा सकेंगे। दरअसल, बीमारी पर खर्च करने से बेहतर है उसकी रोकथाम पर पैसा लगाना। ब्लड प्रेशर के साथ मामला यही है। ऐसे में सरकार और सामाजिक संस्थाओं को चाहिए कि वे इस विषय को लेकर ठीक उसी तरह जागरूकता अभियान चलायें, जैसे कि पोलियो और टीबी के लिए चला। ब्लड प्रेशर की वजह से दिल से जुड़ीं बीमारियों का खतरा सबसे अधिक होता है। इसके अलावा भी कई तरह की परेशानियां हो सकती हैं। चिन्ताजनक रूप से भारत में हार्ट के मरीज बढ़ते जा रहे हैं। ऐसे में बीपी चेक को एक हेल्पिंग टूल के रूप में देखा जाना चाहिए, जिसके माध्यम से दिल पर आनेवाले खतरे को टाला जा सकता है। बहरहाल, आईसीएमआर की रिपोर्ट पर विचार करने की आवश्यकता है। उस आलोक में ऐसी व्यवस्था बनाने की आवश्यकता है कि रक्तचाप की जांच सहज-सुलभ तरीके से उपलब्ध हो।

## किसने क्या कहा



कांग्रेस-वामपंथियों के पास उपलब्धियों के रूप में गिनाने के लिए कुछ भी नहीं है

**नरेन्द्र मोदी**
**प्रधानमंत्री**

महंगाई की मार से आमजन परेशान, तो कर्ज में डूबा किसान

**प्रियंका गांधी**
**कांग्रेस महासचिव**



# भाजपा की झोली कितनी भरेगी पूर्वोत्तर से

विशेष — **आरके सिन्हा**

**पूर्वोत्तर** के राज्यों में लोगों की समस्याओं का तुरन्त निदान नहीं हो पाने की बड़ी वजह संचार की सुविधा की कमी रही। मोदी सरकार ने इस पर एक बहुत बड़ी पहल की। उन्होंने पूरे देश के साथ पूर्वोत्तर क्षेत्र के सुदूर कोनों को भी 5जी कनेक्टिविटी से जोड़ना शुरू किया। मोबाइल कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने के लिए सैकड़ों टावर गांवों में लगाये गये। पूर्वोत्तर की स्ट्रेटेजिक लोकेशन को देखते हुए मोदी सरकार इस क्षेत्र को आर्थिक सम्बन्धों के लिए पूरब के द्वार के रूप में विकसित कर रही है। भारत के विकास में यहां के लोगों की आकांक्षाएं भी जोड़ रही है। इस समय पूर्वोत्तर में इंफ्रास्टक्चर कनेक्टिविटी में जबर्दस्त काम हो रहा है। पिछले 10 वर्षों में, पूर्वोत्तर में कई चीजें पहली बार हुई हैं। पूर्वोत्तर के कई हिस्से पहली बार रेल सेवा से जुड़ रहे हैं।

**जिस** पूर्वोत्तर भारत में सूरज की किरणें सबसे पहले पहुँचती हैं वहाँ की जानता तैयार है, एकबार फिर लोकसभा चुनावों में अपना फैसला सुनाने के लिए। बेशक, भारतीय जनता पार्टी आगामी लोकसभा चुनावों में 370 सीटें जीतने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रही है , तो 25 सीटें पूर्वांचल प्रदेशों की भी उसमें शामिल हैं। पूर्वोत्तर राज्यों में आगामी 19 अप्रैल, 26 अप्रैल और 7 मई को लोक सभा चुनाव के लिए मतदान होना है। अगर बात पिछले यानी 2019 के लोकसभा चुनाव की करें तो पूर्वोत्तर में भारतीय जनता पार्टी ने जो झंडे गाड़े थे, उसे इस बार भी थामे रखने का पार्टी को पूरा भरोसा है। इस भरोसे के पीछे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का यह विश्वास है कि उन्होंने जिस तरह से पूर्वोत्तर की विकास की योजनाएं सिरे चढ़ाई हैं, उसके बाद वहां की जनता उनकी पार्टी और सरकार को कभी नहीं भूलेगी। इसमें एक पक्ष यह भी है कि प्रधानमंत्री मोदी की तरह ही गृहमंत्री अमित शाह ने भी पूरे पूर्वोत्तर भारत में विभिन्न शांति समझौते के तहत एक स्थायी शांति का माहौल बनाया है। चुस्त आंतरिक सुरक्षा के कारण ही पूर्वोत्तर के पूरे इलाके में कोई बड़ी हिंसक वारदात सुनाई नहीं पड़ रही है। हां, मणिपुर इसका एक अपवाद अवश्य है और वहाँ भी गृह मंत्रालय ठोस समाधान की तरफ बढ़ रहा है। पूर्वोत्तर की 'सेवन सिस्टर्स' या सात बहनें कही जाने वाली राज्य इकाइयों समेत क्षेत्र के सभी आठ राज्यों को मिलाकर कुल 25 लोक सभा की सीटें हैं। असम में सबसे ज्यादा लोकसभा की 14 सीटें हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में एनडीए को 25 में से 21सीटें मिलीं थीं। भाजपा अब की बार पिछला आंकड़ा पार करना चाहती है।

अभी तक इंडिया गठबंधन ने ऐसा कोई संकेत नहीं दिया है कि उनका कोई बहुत बड़ा स्टेक पूर्वोत्तर के राज्यों में लगा है। ममता बनर्जी की टीएमसी और शरद पवार की एनसीपी पिछले चुनावों में यहां कुछ करने की एक अलग कोशिश की भी थी, लेकिन इस बार वह कोशिश भी कहीं दिखाई नहीं दे रही है। उसका सबसे बड़ा कारण यह है कि शरद पवार खुद अपनी पार्टी और अपनी वजूद के लिए अपने भतीजे से लड़ रहे हैं तो ममता बनर्जी अपने घर में ही भ्रष्टाचार और सांप्रदायिक उपद्रवियों को बचाने के कारण घिरी हुई हैं। पूर्वोत्तर में भाजपा पर विश्वास की वजह पिछले दस साल में पीएम मोदी और गृहमंत्री अमित शाह की सक्रिय रूप से विकास पर फोकस और शांति स्थापना की कोशिश है। इसके अतिरिक्त पूर्वांचल प्रदेशों के प्रभारी और सह - प्रभारी डॉ० संबित पात्रा और राष्ट्रीय सचिव ऋतुराज सिन्हा के लगातार प्रवासों और दिन - प्रतिदिन को मॉनिटरिंग ने पूर्वोत्तर राज्यों में भाजपा के संगठन को मजबूत ही किया है ।

मणिपुर में हालांकि केवल 2 लोक सभा की सीटें है, लेकिन मोदी सरकार के लिए वहाँ के जनजातीय संघर्ष को खत्म करना बहुत जरूरी है। क्योंकि मणिपुर हिंसा इस समय एक राष्ट्रीय मुद्दा बना हुआ है, जो एकतरह से पिछली कांग्रेसी सरकारों की देंन ही मानी जाती है ।इस दशकों पुरानी समस्या के किसी सर्वमान्य निर्णय की लगातार कोशिश गृह मंत्री अमित शाह कर भी रहें हैं। हाल ही में एक ऐतिहासिक घटनाक्रम में भारत सरकार और मणिपुर सरकार ने मणिपुर के सबसे पुराने सशस्त्र समूह यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट (यूएनएलएफ) के साथ एक शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। यह समझौता सामान्य रूप से उत्तर पूर्व और विशेष रूप से मणिपुर में शांति के एक नए युग की संभावना को जन्म देता है। पहली बार है कि घाटी स्थित एक मणिपुरी सशस्त्र समूह हिंसा छोड़कर मुख्यधारा में लौटने और भारत के संविधान और देश के कानूनों का सम्मान करने पर सहमत हुआ है। यह समझौता न केवल यूएनएलएफ और सुरक्षा बलों के बीच शत्रुता को समाप्त करेगा, जिसने पिछली आधी शताब्दी से अधिक समय से हजारों लोगों की जानें लीं, बल्कि समुदाय की दीर्घकालिक चिंताओं को दूर करने का अवसर भी प्रदान करेगा। यूएनएलएफ 1964 से ही सक्रिय था और यह भारतीय क्षेत्र के भीतर और बाहर दोनों जगह अपना ऑपरेशन चला रहा था। पूर्वोत्तर में स्थायी शांति के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने पहले कार्यकाल से ही तत्पर और सक्रिय हैं। गृह मंत्री अमित शाह कहते हैं कि पूर्व की कांग्रेस सरकारों की नीतियां समस्याओं से ध्यान भटकाने और सत्ता का आनंद लेने की रही थी। जिसके कारण क्षेत्र में हजारों लोगों की मौत हुई। मोदी सरकार ने न केवल इन समस्याओं के स्थायी निदान के लिए पहल की, बल्कि उग्रवादी गुटों को भी हिंसा का रास्ता छोड़कर समाज की मुख्य धारा में लाने के लिए ईमानदारी से कोशिश की। असम में पिछले 40 साल में पहली बार सशस्त्र उग्रवादी संगठन उल्फा ने भारत और असम सरकार के साथ त्रिपक्षीय शांति समझौते पर कायम है। मोदी सरकार के 10 साल के कार्यकाल में पूर्वोत्तर में हिंसा के काले दौर को समाप्त करने की एक ईमानदार कोशिश हुई। मोदी सरकार के आने के बाद असम का सबसे पुराना उग्रवादी संगठन उल्फा हिंसा छोड़ने, संगठन को भंग करने और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में शामिल होने पर पूर्णतः सहमत हुआ।

# लोकसभा चुनाव में मर्यादा लांघते नेताओं के बयान

गौरतलब — **सुरेश हिन्दुस्तानी**

**आज** की राजनीति को देख कर सहज ही यह कहा जा सकता है कि राजनीतिक बयान मर्यादा को लांघ रहे हैं। विपक्ष की ओर से आधारहीन तर्क दिये जा रहे हैं। कोई लोकतंत्र को बचाने की राजनीतिक बयानबाजी कर रहा है, तो कोई संविधान बचाने का प्रहसन कर रहा है। खास बात यह है कि यह सब वे लोग कर रहे हैं, जो भ्रष्टाचार समाप्त करने को कह कर भ्रष्टाचार करते रहे हैं। लालू प्रसाद यादव पर भ्रष्टाचार का आरोप सिद्ध हो चुका है, लेकिन उनकी बेटी प्रधानमंत्री पर भ्रष्टाचार का आरोप लगा रही हैं।

**देश** में लोकसभा चुनाव प्रचार में राजनीतिक दलों में बयानों की आंधी सी चल रही हैं। ऐसे में सभी राजनीतिक दल अपने आपको आम जनता का हितैषी सिद्ध करने का प्रचार कर रहे हैं। इन बयानों में कहीं-कहीं राजनीति की मयार्दा का भी उल्लंघन भी होता दिख रहा है। चुनाव प्रचार के दौरान सभी दल अपने-अपने हिसाब से ढोल पीटकर जनता को अपने पाले में लाने की कवायद कर रहे हैं। राजनीतिक दलों के बयान सुनने में अप्रमाणिक से लगते हैं। अभी बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव की बेटी मीसा भारती ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लेकर जो बयान दिया है, वह उनकी राजनीतिक मजबूरी हो सकती है, लेकिन यह भी सही है कि इस बार के चुनाव में विपक्ष, सत्ता पक्ष पर किसी प्रकार का ठोस आरोप नहीं लगा पा रहा है। जहां तक चुनावी चंदे के भ्रष्टाचार की बात है तो इस खेल में सभी दल शामिल हैं। कहने का तात्पर्य है राजनीति में जो सुना जाता है, वह होता नहीं है। परदे पर कुछ और दिखाने का प्रयास करते हैं, वास्तविकता कुछ और होती है। कौन नहीं जानता कि विपक्ष के कई नेता भ्रष्टाचार के आरोप में जमानत पर हैं। ऐसे में बयान देने से पहले नेताओं को अपने गिरेबां में झांक कर भी देख लेना चाहिए। वर्तमान में एक और बात महत्वपूर्ण यह भी है कि राजनीतिक दल धरातल पर बाहुबल और धनबल के सहारे चुनाव जीतने का प्रयत्न करते हैं। जबकि यह सब इतनी सावधानी से किया जाता है कि दिखाई नहीं देता, लेकिन आम जनता को यह मालूम है कि वास्तविकता क्या है। सारे चुनाव की छिपी हुई हकीकत यही है कि चुनाव में पैसा पानी की तरह प्रवाहित किया जाता है? जो लोग पैसे की भाषा नहीं समझते, उन्हें समझाने के दूसरे तरीके अपनाए जाते हैं, यानी बाहुबल का सहारा लिया जाता है। हालांकि इस सत्य को राजनेता इतनी सफाई से करते हैं कि कोई भी संस्था इसे सिद्ध नहीं कर सकती? वर्तमान में एक नई प्रकार की राजनीति का उदय हुआ है, उसके अंतर्गत अपने दल की कार्यप्रणाली का या कहा जाए कारगुजारियों का बखान कम, दूसरे दलों की छीछालेदर करना ज्यादा ही देखने में आ रहा है। इस प्रकार का खेल कांग्रेस सहित विपक्षी दल की ओर से कुछ ज्यादा ही चल रहा है। कारण साफ है कि कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल भ्रष्टाचार के बारे में ज्यादा बोल नहीं सकती।

## आज का इतिहास

- भारत में 1853 में मुंबई से ठाणे के बीच पहली रेल चली थी।
- पेट्रोग्राड में रूसी सैनिकों का 1917 को विद्रोह।
- जलियांवाला बाग हत्याकांड में मरनेवालों को श्रद्धांजलि देने के लिए गांधी जी ने 1919 में आज ही के दिन उपवास की घोषणा की।
- जर्मनी-रूस के बीच 1922 में इटली में एक समझौता हुआ, जिसे Treaty of Rapallo कहा जाता है।
- सोफिया में 1925 में चर्च पर हमला किया गया था जिसमें लगभग 150 लोगों की जान गयीं।
- एक सोवियत पनडुब्बी के कारण 1945 में जर्मन रिफ्यूजी शिप डूब गया था, जिसकी वजह से 7000 लोग मर गये थे।
- द्वितीय विश्वयुद्ध में 1945 के दौरान अमेरिकी सेना जर्मनी के नुरेम्बर्ग इलाके में घुस गयी।
- रेड आर्मी ने 1945 में बर्लिन की लड़ाई शुरू की।
- यूरोपीय देश फ्रांस में 1970 में आये बर्फीले तूफान से 70 लोगों की मौत।
- अमेरिका ने 1980 में नेवादा में परमाणु परीक्षण किया।
- अफगानिस्तान के राष्ट्रपति नजीबुल्लाह ने 1992 में इस्तीफा दिया।
- अब्देलाजीज बोतेफ्लिका 1999 में अल्जीरिया के नये राष्ट्रपति नियुक्त हुए।
- दक्षिण कोरिया में 2002 को एक विमान दुर्घटना में 120 यात्रियों की मौत।
- भारत ने 2004 में रावलपिंडी टेस्ट जीतकर सीरीज में पाकिस्तान को 2-1 में मात दी।
- लंदन में 2008 में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा का अनावरण हुआ।
- ईरान में 2013 को आये एक भूकंप से 37 लोगों की मौत हो गयी।
- तेलुगु भाषा के प्रसिद्ध विद्वान, जिन्हें आधुनिक तेलुगु साहित्य में 'गद्य ब्रह्मा' के नाम से ख्याति मिली उनका कंदुकूरी वीरेशलिंगम का 1848 में जन्म।
- दुनिया को हंसाने वाले चार्ली चैपलिन का जन्म 1889 को हुआ।
- एक भारतीय राजनीतिज्ञ राम नाईक का 1934 में जन्म।

## सुविचार

दंड द्वारा प्रजा की रक्षा करनी चाहिए, लेकिन बिना कारण किसी को दंड नहीं देना चाहिए।

**रामायण**

शाश्वत शांति की प्राप्ति के लिए शांति की इच्छा नहीं, बल्कि आवश्यक है इच्छाओं की शांति।

**स्वामी ज्ञानानंद**




## संयम से जीवन की उन्नति

**कार्तिय** माहात्म्य प्रवचनों में पं. रामनिवास ब्रजवासी जी ने कहा शरद ऋतु में की जाने वाली उपासनाओं से जहाँ चंद्र किरणों से प्राप्त होने वाले अमृत तत्व से देह का सिंचन होता है, वहीं सूर्य की रश्मियों की प्रचुर ऊर्जा से उस अमृत तत्व की शरीर में स्थिरता होती है इसीलिए कार्तिक मास में प्रातः पवित्र नदियों में स्नान कर भगवान विष्णु शालीग्राम स्वरूप की पूजा की जाती है। इन दिनों ब्रजवासी जी कार्तिक माहात्म्य के माध्यम से श्रद्धालुओं को उपदेश दे रहे हैं। उन्होंने कहा भगवान विष्णु के सहस्त्रनाम का पाठ करने से मनुष्य के जीवन में संयम एवं धर्म में चलने की प्रेरणा मिलती है। जीवन को उन्नत बनाने में संयम का बहुत महत्व है। संयमी व्यक्ति कठिन परिस्थितियों में भी धैर्य को नहीं छोड़ता। शालिग्राम पूजन में पंचामृत का महत्व बताते हुए उन्होंने कहा गाय का दूध, दही, घी व शहद और शक्कर से शालिग्राम भगवान का अभिषेक करना चाहिए। वस्तुतः इन पांचों का मंत्रोच्चारण के साथ मिल जाना ही पाँच प्रकार के अमृतों का मिलना है। इसमें तुलसीदल डाल देने के बाद यह चरणामृत बन जाता है जिसका प्रसाद में ग्रहण कर लेने पर सभी प्रकार की आधियाँ-व्याधियाँ अर्थात मानसिक रोग तथा शारीरिक रोग दूर हो जाते हैं। हमारी उपासना विधियाँ जहाँ मनुष्य को धार्मिक बनाती है वही शारीरिक-मानसिक रूप से स्वस्थ भी बनाती है।

# क्या ये सभी टुकड़े-टुकड़े गैंग के राष्ट्र विरोधी व राम द्रोही हैं ?

**तनवीर जाफरी**

**18वीं** लोकसभा के लिये होने जा रहे आम चुनावों में सभी राजनैतिक दल चुनाव प्रचार में कूद पड़े हैं। सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी व उसके सहयोगी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए ) को जहां अपने दस वर्ष के शासनकाल के दौरान उपजी सत्ता विरोधी लहर का सामना करना पड़ रहा है वहीं विपक्ष भी इस बार एकजुट होकर INDIA नामक गठबंधन बनाकर भाजपा का मुकाबला करते हुए देश की अधिकांश लोकसभा सीटों पर भाजपा व उसके सहयोगी एन डी ए घटक दलों के एक उम्मीदवार के सामने INDIA गठबंधन का भी एक ही उम्मीदवार चुनौती दे रहा है। यानी स्थिति कुछ 1977 के चुनाव जैसी दिखाई दे रही है। भाजपा चूंकि अपने संरक्षक संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के साथ बहुसंख्यकवादी राजनीति करते हुये अपने दूरगामी हिंदूवादी एजेंडे पर काम कर रही है इसलिये वह किसी भी सूरत में सत्ता से हटना नहीं चाहती। इससे निपटने के लिये नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ऐसे अनेक हथकंडे अपना रही है जो भारतीय राजनीति के इतिहास में यहाँ तक कि आपातकाल के उस दौर में भी नहीं देखे गये जिसे कांग्रेस की तानाशाही का दौर कहा जाता था। भाजपा सरकार अपने विपक्षी नेताओं व विरोधी दलों को राजनैतिक प्रतिद्वंदी समझने के बजाय उनके साथ व्यक्तिगत दुश्मन जैसा बर्ताव कर रही है। मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस के अनेक नेताओं को यहाँ तक कि अनेक भ्रष्ट नेताओं को प्रवर्तन निदेशालय ई डी,सी बी आई या इनकम टैक्स का भय दिखाकर तो किसी को कथित तौर पर धन या पद की लालच देकर अपनी पार्टी में शामिल किया जा रहा है। जो नेता इनके इस जाल में नहीं फंसता उसे किसी न किसी बहाने जेल भेजा जा रहा है। कई विपक्षी पार्टियों में फूट डलवाई जा रही है। और इन सबके बावजूद भी जो इनके पक्ष में नहीं आता उसे तरह तरह की संज्ञाओं से नवाजा जा रहा है। किसी को राष्ट्रविरोधी बताया जाता है तो किसी को राम विरोधी। कोई टुकड़े टुकड़े गैंग का सदस्य तो कोई पाकिस्तान परस्त। कोई भ्रष्ट तो कोई परिवारवादी। कोई हिन्दू विरोधी तो कोई अल्पसंख्यकों का तुष्टीकरण करने वाला। कोई खालिस्तानी तो कोई रेवड़ी बाँटने वाला। यहाँ तक कि भाजपा नेता विशेषकर स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जोकि कभी अपनी छाती 56 इंच की बताते हैं वही मोदी भावनात्मक कार्ड खेलने से भी नहीं चूकते। भाजपा नेता कभी गाँधी-नेहरू का अपमान करते हैं तो कभी गोडसे-सावरकर का महिमामंडन करते हैं और कभी संविधान बदलने की बात करते हैं। ऐसे में सवाल यह उठता है कि विपक्षी दलों के नेताओं को जिन विशेषणों से प्रधानमंत्री व उनकी पार्टी के तमाम नेता नवाजते रहते हैं और स्वयं को ही भारतीय राजनीति का अब तक का सर्वश्रेष्ठ राजनीतिज्ञ बताने की कोशिश करते हैं तो क्या उनका विरोध केवल कांग्रेस या क्ठउक्रअ गठबंधन के ही नेता करते हैं या करते रहे हैं? किसी जमाने में वरिष्ठ अधिवक्ता स्व. राम जेठमलानी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबसे बड़े समर्थकों में से एक थे। जेठमलानी मोदी के इतने बड़े समर्थक थे कि 2015 में उन्होंने नरेंद्र मोदी को विष्णु का अवतार तक बता डाला था। जेठमलानी को उम्मीद थी कि प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेंद्र मोदी काले धन की वापसी करेंगे। वह सैनिकों को वन रैंक, वन पेंशन देंगे। भ्रष्टाचार और विदेश नीति पर अच्छा काम करेंगे।

## राशिफल

**मेष** — अध्ययन-अध्यापन में समय गुजरेगा। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे।

**तुला** — पूर्व में किये कार्यों से लाभ मिलेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जानेवाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे।

**वृष** — महत्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। रुकावटें आयेंगी। कोष में कमी व व्यय की अधिकता से परेशान होंगे।

**वृश्चिक** — दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जायेगा।

**मिथुन** — परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़ कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा।

**धनु** — संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी।

**कर्क** — सामाजिक मान-सम्मान बढ़ेगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें।

**मकर** — मनोरथ सिद्ध होंगे, पूरे मनोयोग से काम में लगे रहें। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जायेगा।

**सिंह** — अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें।

**कुंभ** — स्वास्थ्य में ताजगी बनी रहने से नयी ऊर्जा का संचार होगा। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी।

**कन्या** — कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। अभीष्ट कार्य सिद्ध होंगे।

**मीन** — सुनियोजित तरीके से कार्य आरम्भ करें, सफल होंगे। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी।

# विकास और विरासत का बेहतरीन संतुलन 'मोदी की गारंटी' में

गौरतलब — **डॉ. राघवेन्द्र शर्मा**

**इसी** के साथ यह स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि विरोधी लोग अपनी हार को सम्मुख देखते हुए भाजपा पर आरोप लगा रहे हैं कि वह केवल मंदिरों और देवलोकों की बात करके देश को भरमा रही है। जबकि, सच यह है कि भारतीय जनता पार्टी तथा उसके द्वारा शासित विभिन्न प्रदेशों की सरकारें व केन्द्र की मोदी सरकार 'विकास और विरासत' को साथ लेकर नये भारत का ताना-बाना बुन चुकी हैं। उदाहरण के लिए जहां अयोध्या के श्रीराम मंदिर, वाराणसी के काशी विश्वनाथ मंदिर, दक्षिण भारत की पवित्र सैंगोल, मध्य भारत के महाकाल लोक, पश्चिमी भारत की द्वारकापुरी और पूर्वी भारत में मां काली के विराट प्रादुर्भाव की बातें की जाती हैं, तो उन्हें साकार भी किया जाता है।

**देश** के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'भाजपा का संकल्प पत्र-मोदी की गारंटी' नाम से जारी चुनाव घोषणा पत्र प्रस्तुत कर जहां एक ओर मतदाताओं के हृदय को स्पर्श करने में सफलता प्राप्त की है, वही विरोधियों के मुंह पर ताले जड़ दिए हैं। सभी प्रकार की आशंकाओं को परे रखते हुए उन्होंने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि 04 जून के बाद इस गारंटी पर एक्शन प्लान शुरू कर दिया जाएगा। उनका यह कथन कि 'जिन्हें कोई नहीं पूछता उन्हें हम पूजते हैं' यह प्रमाणित करता है कि यह संकल्प पत्र सुविधा की दृष्टि से अंतिम पायदान पर खड़े दरिद्र नारायण के लिए भी संभावनाओं के नए द्वार खोलता है। साथ ही यह भरोसा दिलाता है कि आम मतदाता को इस पर विश्वास करने में किसी भी प्रकार की शंका नहीं करनी चाहिए। ऐसा सोचने के लिए एक तर्क यह भी है कि अपने स्थापना काल से ही भारतीय जनता पार्टी जिन मुद्दों को लेकर संघर्ष करती आई है, सत्ता में आते ही उन्हें पूरा करने में किसी प्रकार का संकोच नहीं दिखाया है।

किसने सोचा था कि हम कभी कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटते हुए देख पाएंगे। लेकिन भाजपा की मोदी सरकार ने यह करिश्मा तब कर दिखाया जब विरोधियों ने दावे किए थे कि ऐसा करने पर देश में भारी बवाल पैदा होगा, एक प्रकार से देश जल ही उठेगा। पूरे 500 साल हुए, जब से लाखों लोगों ने अयोध्या की श्रीराम जन्मभूमि को स्वतंत्र करने के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी। मुगल तो हमारे दुश्मन और विदेशी लुटेरे थे। अतः उनका मंदिर तोड़कर मस्जिद बनाना समझ में आता है। लेकिन आजाद भारत में हमारे देश की, हमारी अपनी धर्मनिरपेक्ष सरकारें राम जन्मभूमि स्वतंत्रता आंदोलन में अड़ंगे पैदा करती रहीं। अदालत में भगवान श्रीराम को इन्हीं सरकारों से संबंधित वकीलों ने कपोल कल्पित कहने में शर्म महसूस नहीं की। अयोध्या की सड़कें कार सेवकों के खून से लाल कर दीं और सरयू का पानी रक्त रंजित कर दिया। किंतु जैसे ही भाजपा सरकार में आई और मंदिर समर्थकों को अपना पक्ष रखने का अनुकूल वातावरण मिला, वैसे ही सर्वोच्च न्यायालय द्वारा श्रीराम जन्मभूमि स्वतंत्र होने की घोषणा कर दी गई। आदेश सामने आते ही भाजपा शासित मोदी सरकार ने पल भर की देर नहीं लगाई और भव्य श्रीराम मंदिर का केवल शिला पूजन ही नहीं किया, वरन भगवान की भव्यतम प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा भी करके दिखा दी।

भाजपा का तीसरा संकल्प समान नागरिक संहिता का था। वह भी उसने उत्तराखंड के रास्ते स्थापित करने का प्रण उजागर कर दिया है। अब जो संकल्प पत्र प्रधानमंत्री मोदी द्वारा 14 अप्रैल को पढ़ा गया है, उसमें वादा किया गया है कि अगले कार्यकाल में हम समान नागरिक संहिता भी लागू करने जा रहे हैं। आशय स्पष्ट है भाजपा के तीन प्रमुख संकल्प थे। इनमें से पहले कालखंड में अनुच्छेद 370 को हटाया जाना समाहित माना जाए, तो दूसरे कालखंड की सौगात अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर को माना जा सकता है।

स्वामित्व दिग्विजय सिंह के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक आलोक कुमार सिन्हा द्वारा एवी पब्लिशर, 220 माखिजा हाउस, ओल्ड एचबी रोड, नियर कोकर बाजार, कोकर, रांची, 834001 से प्रकाशित एवं शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची 835222 से मुद्रित। आर.एन.आई.सं : JHAHIN2009/32423, प्रबंध सम्पादक: नागेंद्र नारायण सिंह, सम्पादक (झारखंड): विष्णु शंकर उपाध्याय*। दूरभाष 0651-3501612, 8825197097, 9431343365, 9431191443 *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरवी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## एक झलक

### मेदिनीनगर में जमीन उपलब्ध करायें, चेरो भवन निर्माण कार्य में भरपूर सहयोग : बिरेन्द्र कुमार

**मेदिनीनगर** : मेदिनीनगर के अर्चना होटल में राष्ट्रीय चेरो जनजातीय महासंघ के तत्वाधान में झारखंड प्रदेश अध्यक्ष अर्जुन सिंह एवं भरदूल सिंह, शिक्षक सह समाज सेवी के नेतृत्व में राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष डाक्टर बिरेन्द्र कुमार सिंह डेहरी बिहार के मेदिनी नगर झारखण्ड आने पर एवम इंजीनियर प्रमोद सिंह को सॉल एवं बुके देकर भव्य स्वागत किया गया वहीं माननीय डाक्टर ने समाजिक विकाश पर चर्चा करते हुए कहा की संघ के लोग मेदिनीनगर में जमीन उपलब्ध कराएं मैं भूमी पूजन करते हुए चेरो भवन निर्माण कार्य में विशेष सहयोग करने का उन्हों ने भरपुर भरोसा दिलाया। इस कार्य के लिए प्रदेश अध्यक्ष अर्जुन सिं एवम त्रिपुरारी सिंह को विशेष जिमेवारी उन्होंने दी गरिमामय उपस्थिति केन्द्रीय मिडिया प्रभारी हृदया सिंह शिक्षक दिनेश सिंह, अजय कुमार सिंह त्रिपुरारी सिंह उपाध्या सिंह जी शिक्षक रविन्द्र सिंह शिक्षक रमेश सिंह अखलेश सिंह सत्रुघन सिंह ठाकुराई सिंह अरविंद सिंह कैमरा मैन लक्षुमण सिंह सहित अन्य लोग मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### ट्रेनिंग करने गये सहायक शिक्षक की सड़क दुर्घटना में मौत

**हरिहरगंज/पलामू** : लोकसभा चुनाव को लेकर प्रशिक्षण लेने गए हरिहरगंज थाना क्षेत्र के कटैया गांव निवासी दिव्यांग सहायक शिक्षक अखिलेश पटेल की मेदिनीनगर बाई पास रोड में हाईवा के चपेट में आने से मौत हो गई। वे वे अपग्रेड हाई स्कूल कटैया में कार्यरत थे। सहायक शिक्षक के और सामाजिक मौत से शिक्षक समुदाय में मातम और मृतक के गांव में शोक व्याप्त है। इनके और सामाजिक मौत पर शिक्षक चंदेश्वर राम, रामस्वरूप राम, अजय कुमार, रिंकू चौधरी, राजेश कुमार, किरण मेहता सहित सैंकड़ों शिक्षकों और ग्रामीणों ने गहरी संवेदना जतायी है। सभी ने दिवंगत शिक्षक के आश्रित परिवार को समुचित सहायता देने की सरकार से मांग की।

### कृष्णानंद त्रिपाठी का कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

**बरवाडीह/लातेहार** : कांग्रेस पार्टी के लोकसभा उम्मीदवार कृष्णानंद त्रिपाठी के बरवाडीह आगमन पर बस स्टैंड में कांग्रेस कार्यकर्ता ने गर्मजोशी से उनका स्वागत किया इस दौरान श्री त्रिपाठी कार्यकर्ता के साथ बरवाडीह स्थित पहाड़ी शिव मंदिर के जाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। तत्पश्चात श्री त्रिपाठी बरवाडीह बस स्टैंड महावीर मंदिर में रामनवमी पूजा पंडाल में माता रानी को पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। मौके पे कांग्रेस नेता रंजीत कुमार राजू, प्रखंड अध्यक्ष प्रिंस गुप्ता, हिमांशु गुप्ता, संजीव सिंह, सुभम डूबे, प्रेम कुमार अधूरा, पंकज गुप्ता, गोपाल राजवंशी, प्रमोद कुमार, सुनील चंदवंशी, जितेंद्र, संतोष, नागेंद्र, राम जन्म सिंह, साधन दादा, सुप्रीयो मिनज, रविंद्र नाथ चौधरी इत्यादि सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### दो पक्षों के बीच मारपीट एक दर्जन घायल

**पलामू** : हरिहरगंज थाना क्षेत्र के सेमरवार गांव में ओझा-गुणी व जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच शनिवार की रात जमकर मारपीट हो गयी। मारपीट की घटना में दोनों पक्षों से लगभग एक दर्जन लोग घायल हुए हैं। घायलों को इलाज के लिए हरिहरगंज सीएचसी में भर्ती कराया गया है। एक पक्ष से रंजीत पासवान, रामाशंकर पासवान, शशि देवी व रीता देवी सहित आठ जबकि दूसरे पक्ष से शैलेंद्र पासवान, धीरेंद्र पासवान, बबन पासवान, मुन्ना पासवान सहित तेरह लोग घायल हुए हैं। इस सिलसिले में दोनों पक्षों ने थाना में अलग-अलग आवेदन दिया है। प्रथम पक्ष के सरजुन पासवान ने गोतिया बबन पासवान, परीखा पासवान सहित 16 लोगों पर ओझा-गुणी करने और घर में घुसकर मारपीट करने का आरोप लगाया है। इसे लेकर प्राथमिकी दर्ज कराई है। वही दूसरे पक्ष के बबन पासवान ने जमीन विवाद को लेकर गोतिया सरजुन पासवान, रंजीत पासवान रीता देवी सहित 17 लोगों पर घर में घुसकर मारपीट करने की प्राथमिकी दर्ज करायी है।

## लोकसभा चुनाव : जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कैम्पस अम्बेसडर के साथ की बैठक

# शत-प्रतिशत मतदान के लिए लोगों को प्रेरित करने की अपील

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन ने सोमवार को समाहरणालय के सभागार में जिले के विभिन्न विधानसभा में गठित कैंपस अंबेसडर के साथ बैठक कर सभी से जिले में शत-प्रतिशत मतदान हेतु लोगों को प्रेरित करने में सहयोग करने की अपील की।उन्होंने कहा कि आप सब कॉलेज गोइंग स्टूडेंट्स है आपके कॉलेज में आपके जितने भी दोस्त 18 साल के उपर हैं उन सभी से आगामी चुनाव में मतदान करने की अपील की।उन्होंने कहा कि अगर कोई 18 वर्ष से उपर है और उसका नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं है तो उन्हें फॉर्म 6 के जरिये अपने बीएलओ या वीएचए के माध्यम से आवेदन करने की बात कही।

■ पलामू लोकसभा की मतदाता सूची में नाम जुड़वाने का आज अंतिम दिन, फॉर्म 06 भर कर अपने बीएलओ या वीएचए के माध्यम से आवेदन करें : जिला निर्वाचन पदाधिकारी



डीईओ ने सभी कैम्पस अम्बेसडर को निर्वाचन कार्य से जुड़ीं विभिन्न जानकारियों से कराया अवगत

**बैठक** में डीईओ श्री रंजन ने सभी कैंपस अंबेसडर को निर्वाचन कार्य से जुड़े विभिन्न जानकारी यथा ईवीएम, बीयू, सीयू, वीवीपैट, फॉर्म 6,चुनाव आयोग कैसे कार्य करता है से संबंधित विभिन्न जानकारियों से अवगत कराया।उन्होंने कहा कि वोट हमे समानता का अधिकार देता है,वोट देकर मन में आत्म संतुष्टि की भावना जागृत होती है इससे हम किसी के सामने भी गर्व से कह सकते हैं कि सरकार गठन में हमारा भी मत है हमने भी मतदान किया है। आप अब अपने परिवारजनों,दोस्तों के बीच कुछ इसी प्रकार का संदेश लेकर जाये व उन्हें 13 और 20 मई को मतदान करने हेतु प्रेरित करें।

## स्वीप गतिविधि के तहत जागरूकता वाहन को किया गया रवाना



**गुमला** : लोकसभा चुनाव 2024 में मतदान प्रतिशत बढ़ाने एवं ज्यादा से ज्यादा मतदाताओं को जागरूक करने के लिए जिले में स्वीप कार्यक्रम के तहत लगातार विभिन्न तरह के कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में आज सोमवार को समाहरणालय परिसर से मतदाता जागरूकता वाहन रवाना किया गया। जिला उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महत्तो , नोडल अपर समाहर्ता शशिंदर कुमार बराई, पदाधिकारी स्वीप कोषांग सह जिला समाज कल्याण पदाधिकारी आरती कुमारी, एवं उप निर्वाचन पदाधिकारी सुषमा लकड़ा ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर जागरूकता वाहन को रवाना किया।

## माहवारी स्वच्छता प्रबंधन पर आयोजित क्विज प्रतियोगिता में सफल छात्राओं को किया गया पुरस्कृत



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : जिले के चंदवा प्रखंड मुख्यालय स्थित बालिका उच्च विद्यालय में माहवारी स्वच्छता प्रबंधन पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का आयोजन शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग एवं यूनिसेफ के संयुक्त समन्वय से किया गया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए जिला स्वच्छता समन्वयक संजीत कुमार ने कहा कि झारखंड सरकार के द्वारा माहवारी स्वच्छता प्रबंधन पर अभियान चला कर विद्यालय एवं सामुदायिक स्तर पर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इन्होंने कहा कि माहवारी के समय स्वच्छता का ध्यान नहीं रखना कई बीमारियों का निमंत्रण दे रहा है। उन्मुखीकरण में स्वास्थ्य विभाग की सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी प्रिया रानी ने माहवारी के दिनों में समुचित प्रबंधन पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि महावारी के दिनों में सेनेटरी पैड का उपयोग कर बीमारियों को रोक सकते हैं। माहवारी के दिनों में समुचित आहार पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। चाय- कॉफी को पीने से परहेज करना चाहिए। इन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में छात्रों को अधिक पानी पीना, फलों के नियमित सेवन करना चाहिए।

## बढ़ी सूर्य की तपिश, डॉ. पंकज ने कहा : ऐसे रखें अपने बच्चों को सुरक्षित

**नीरज सिन्हा**

**लातेहार** : सूर्यदेव का सख्त हल तेवर से जिले के लोगों का जीना मुहाल हो गया है। सुबह 10 बजे के बाद धूप में लोग लाल हो रहे हैं। जिले में अभी 15 अप्रैल ही बिता है और बढ़ते तापमान को देख अभी किसी भी तरह की राहत मिलने की उम्मीद किया जाना बेमानी होगी। सूर्यदेव का तेवर लाल हो गया और इससे सबसे ज्यादा खतरा बच्चों को है। बच्चे सुबह स्कूल के लिए निकल जाते हैं और भरी दोपहरिया घर वापस आते हैं ऐसे में उन्हें लू लगने का खतरा ज्यादा हैं। इन से बचाव को लेकर फ्रीडम फाइटर के ब्यूरोचीफ नीरज सिन्हा ने शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर पंकज कुमार से बात की और इस गर्मी में बच्चों को



कैसे सुरक्षित और स्वस्थ रखा जाए उन्होंने विस्तृत रूप से बताया।

**प्रश्न** : जिले के तापमान में काफी बढ़ोतरी हो गई है, आप बच्चों के अभिभावकों को क्या सलाह देना चाहेंगे।

**उत्तर** : अभिभावकों को सबसे पहले बच्चों को स्कूल भेजन से कूल बैग में पानी की बोतल देनी है यदी संभव हो तो बोतल में ओआरएस घोलकर दें, ताकि बच्चे डिहाईड्रेसन से बच सकें। साथ ही बच्चों को धूप से बचाने के लिए अभिभावक छाता का प्रयोग अवश्य करें ताकि उन्हें धूप से बचाया जा सके।

**प्रश्न** : बच्चों को सुरक्षित रखने के लिए कुछ उपाएं बताएं ताकि अभिभावक अपने बच्चों को स्वस्थ और सुरक्षित रख पाएं

**उत्तर** : कुछ कुछ लक्षण है जो पहचान में आ जाता है जैसे में अचानक चक्कर आ जाना, बच्चों का अचानक से चलते चलते गिर जाना, सर्दी खांसी हो जाना और बुखार लग जाना ऐ ऐसे लक्षय है। ऐसे में अभिभावक तुरंत चिकित्सक से मिले या अपने नजदीकी अस्पताल पहुंचे डॉक्टरों से सलाह जरूर लें।

## डीएवी झारखंड जोन सहायक क्षेत्रीय पदाधिकारी ने किया लातेहार डीएवी का दौरा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



**लातेहार** : डालटनगंज डीएवी पब्लिक स्कूल्स झारखंड जोन सहायक क्षेत्रीय पदाधिकारी डॉ जी एन खान ने सोमवार को डीएवी पब्लिक स्कूल, लातेहार का दौरा किया। इस दौरान श्री खान ने डीएवी लातेहार के प्राचार्य घनश्याम कुमार सहाय के साथ मुलाकात कर डीएवी पब्लिक स्कूल, लातेहार के विकास हेतु कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा भी की। सर्वप्रथम डीएवी पब्लिक स्कूल, लातेहार के प्राचार्य घनश्याम कुमार सहाय ने सहायक क्षेत्रीय पदाधिकारी को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। तत्पश्चात ए. आर .ओ. डॉ जी एन खान ने लातेहार डीएवी विद्यालय की अपनी जमीन, अपना विद्यालय भवन और विद्यालय को यथाशीघ्र सी बी एस ई, नई दिल्ली से मान्यता एवं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु मूलभूत आवश्यकताओं जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की। उपस्थित पदाधिकारी ने विद्यालय प्रबंधन को कहा कि हम सभी एक परिवार एक संस्था के सदस्य हैं और हम सब एक दूसरे के साथ खड़े हैं। पदाधिकारी ने विद्यालय के शैक्षणिक स्तर और परिणाम पत्र प्रदर्शन पर भी नजर डाली और संतोष व्यक्त किया। उन्होंने विद्यालय के विकास में आ रहे हर प्रकार की बाधाओं को सम्भवतः दूर करने और विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों के हित की मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति की बातें कहीं।

## बढ़ती गर्मी में बरतें सावधानी, करें बचाव : उपायुक्त

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : जिले में लगातार बढ़ने तापमान को देखते हुए उपायुक्त गरिमा सिंह के द्वारा जिलेवासियों से गर्मी व लू से बचाव के लिए जरूरी एहतियात बरतने की अपील की गई है।उपायुक्त ने वर्तमान में बढ़ती गर्मी को देखते हुए ज्यादा से ज्यादा पेय पदार्थों का उपयोग करने की सलाह दी है, ताकि शरीर में पानी के कमी से होने वाली बिमारियों से बचाया जा सके। गर्मी के कारण डिहाइड्रेशन, चक्कर आना, चिड़चिड़ापन, हीट स्ट्रोक जैसी समस्याएं हो सकती है। इससे बचाव को लेकर विशेष एहतियात बरतने की जरूरत है। खास कर के छोटे बच्चों, गर्भवती महिलाओं और बुजुर्गों पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।



तापमान में बढ़ोतरी के कारण अत्यधिक गर्मी हो रहा है, ऐसे में बिना जरूरी काम के घरों से न निकलें। गर्म हवाएं व लू से शारीरिक तनाव की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। ऐसे में आम नागरिक अपने दैनिक कार्यक्रमों की सूची बनाने से पूर्व रेडियो, टीवी या अखबार के माध्यम से अपने स्थानीय मौसम की जानकारी अवश्य प्राप्त कर लें, ताकि घर से बाहर निकलते समय गर्म हवाओं व लू के प्रकोप से बचा जा सके।

**क्या करें**

**आरामदायक** कपड़े पहनें और गर्मी में बाहर निकलें तो बेहतर है कि आप हल्के रंग के ढीले-ढाले और कॉटन के कपड़े पहनें। धूप से बचने के लिए गमछा, टोपी, छाता, धूप का चश्मा इस्तेमाल करें। सफर में अपने साथ पानी रखें। गीले कपड़े को अपने चेहरे सिर व गर्दन पर रखें। अगर तबीयत ठीक न लगे और चक्कर आएं तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। लिक्विड डाइट का ज्यादा सेवन करें और जितना ज्यादा हो सके उतना लिक्विड डायट का प्रयोग करें। जैसे की लस्सी, नमक चीनी का घोल, नींबू पानी, छाछ, आम का पना , गन्ने का रस, शिकंजी, नारियल पानी इत्यादि, मौसमी फलों का जैसे खरबूज, तरबूज, आम, ककड़ी का सेवन जरूर करें। ध्यान दें कि शरीर में पानी की कमी न हो। जानवरों को छांव में रखें और उन्हें खूब पानी पीने को दें। अपने घर को ठंडा रखें, पर्दा, शटर आदि का इस्तेमाल करें रात में खिड़कियां खुली रखें।

**क्या न करें**

**धूप** में खड़े वाहनों में बच्चों एवं पालतू जानवरों को न छोड़े। खाना बनाते समय कमरे की खिड़की एवं दरवाजे बंद न रखें। शराब, चाय, कॉफी पीने से बचे, जो शरीर को डी-हाईड्रेट करते हैं। उच्च प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थ का सेवन करने से बचें। बासी भोजन न करें। लंबे समय तक बाहर धूप में रहने से बचें। साथ ही गर्मी के प्रकोप से बचने के लिए धूप से सीधे संपर्क में आने से परहेज करें।

## मतपत्र, मतदाता सूची-सह-ईवीएम कोषांग के वरीय पदाधिकारी ने की बैठक

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : मतपत्र, मतदाता सूची-सह-ईवीएम कोषांग के वरीय पदाधिकारी सह अपर समाहर्त्ता रामा रविदास की अध्यक्षता में सोमवार को बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में वरीय निर्वाचन पदाधिकारी श्री रविदास ने अधिकारियों को बताया कि आगामी 20 अप्रैल को पहला रेंडेमाईजेशन का कार्य किया जायेगा। बैठक में डीआरडीए डायरेक्टर प्रभात रंजन चौधरी के द्वारा मैनूअल ऑन एलेक्ट्रौनिक वोटिंग मशीन में दिए गए निर्देशों की चर्चा की गई एवं विभिन्न निर्देशों के संबंध में अवगत कराया। लोकसभा आम निर्वाचन,



2024 के निमित बैडमिन्टन इन्डोर स्टेडियम, लातेहार एवं भारत माता भवन में आवश्यक सामग्री के अधिष्ठापन एवं पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल प्रतिनियुक्ति हेतु संबंधित पदाधिकारियों को पत्राचार करने का निर्देश दिया गया। बैठक में मुख्य रूप से डीआरडीए निदेशक प्रभात रंजन चौधरी, कार्यपालक दण्डाधिकारी अजय कच्छप, कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, कमलेश कुमार, जिला योजना पदाधिकारी, संतोष कुमार भगत, जिला खनन पदाधिकारी, नदीम शफी सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## उदीयमान सूर्य को अर्घ्य के साथ सम्पन्न हुआ चैती छठ



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : जिले में चैती छठ पूजा सोमवार को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ संपन्न हो गया। छठव्रती और श्रद्धालु अहले सुबह अपने परिजनों के साथ सूप-डाला लेकर विभिन्न छठ घाट पहुंच गए थे। सोमवार की सुबह ज्यों ही सूर्य देव उदीयमान हुए वैसे ही छठ व्रतियों ने तालाब में खड़ा होकर पूरी आस्था के साथ भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया। मुख्य छठ घाट में काफी संख्या में छठ व्रतियों और श्रद्धालुओं की भीड़ लगी हुई थी। यहां चैती छठ पूजा समिति द्वारा छठ व्रतियों की सुविधा के लिए व्यापक प्रबंध किए गए थे। छठ व्रतियों को अर्घ्य देने के लिए दूध के अलावे दतवन, अगरवत्ती, माचिस आदि की निःशुल्क व्यवस्था की गई थी। सदस्यों के द्वारा सुबह से ही श्रद्धालुओं को दूध की व्यवस्था की गई थी, जिसे लेने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही।

## सीआरपीएफ को मिली बड़ी कामयाबी

### सीरीज में लगाये गये आईईडी को किया निष्क्रिय

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : एसपी अंजनी अंजन और सीआरपीएफ 11वीं बटालिएन के कमांडट वेद प्रकाश त्रिपाठी को मिली गुप्त सूचना पर बरवाडीह थाना क्षेत्र अन्तर्गत मोरवई के नजदीक लोहरा जंगल में सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने के मकसद से सीरीज में लगाए आईईडी को बरामद किया गया। जिसे निष्क्रिय कर दिया गया। जानकारी के अनुसार सीआरपीएफ के कमांडेंट को सूचना मिली थी लोहरा के जंगल में कुछ संदिग्ध वास्तु है, जिसके बाद कमांडेंट के निर्देश पर बटालियन के द्वितीय कमान अधिकारी विनोद



कुमार कनौजिया के नेतृत्व में एक विशेष अभियान बरवाडीह पुलिस के साथ मिलकर चलाया गया गया। विशेष अभियान के दौरान क्षेत्र की सघन तलाशी में सीआरपीएफ को एक पहाड़ी के नीचे 8 अलग-अलग कंटेनर में में रखे हुए कुछ संदिग्ध वस्तु दिखाई दिया जिनको डॉग स्क्वॉड के माध्यम से जांच करने पर पता चला कि संदिग्ध वस्तु एक आईईडी है जो एक सीरीज में तारों को जोड़कर रखा गया था। प्रत्येक कंटेनर करीब 1.5 किलोग्राम का था, जिसके बाद तुरंत ही जवानों ने पूरे एरिया की घेराबंदी कर दी और बटालियन की बम निरोधक दस्ते बीडीडी टीम ने मौके पर ही बरामद आईडी को निष्क्रिय कर दिया। जवानों की तत्परता ने एक संभावित बड़ी घटना को रोक दिया। स्थानीय ग्रामीणों द्वारा सीआरपीएफ और पुलिस के इस कृत्य की प्रशंसा की गयी है।

## प्रशिक्षण के तीसरे दिन 1100 कर्मियों को मिला तृतीय मतदान पदाधिकारी का प्रशिक्षण

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



**मेदिनीनगर** : पलामू जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त पलामू शशि रंजन के आदेश व प्रशिक्षण कोषांग के नोडल पदाधिकारी सह उप विकास आयुक्त श्री रवि आनंद के निर्देश पर गिरिवर+2 उच्च विद्यालय में दो पालियों में 1100 कर्मियों को तृतीय मतदान पदाधिकारी का चुनाव प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में तृतीय मतदान पदाधिकारी के कार्य व दायित्वों के साथ मतदान प्रक्रिया की पूरी जानकारी दी गयी। जिला प्रशिक्षक परशुराम तिवारी, रामानुज प्रसाद, अशोक सिंह व अमरेन्द्र पाठक तथा प्रशिक्षण कोषांग के प्रधान सहायक रामलखन राम व सहायक सौरभ कुमार सिन्हा ने प्रशिक्षण का अनुसमर्थन करते हुए कहा कि तृतीय मतदान पदाधिकारी सीयू का बैलेट बटन दबाकर मतदाता को वोटिंग कम्पार्टमेन्ट में वोट के लिए भेजते हैं। इसलिए उन्हें बहुत सजग व सावधान होकर कार्य करना है। ऐसे में यह प्रशिक्षण उपयोगी व अनिवार्य है। सदर एलआरडीसी श्री प्यारे लाल व छतरपुर एलआरडीसी श्री विजय कुमार केरकेट्टा ने अपनी टीम के साथ प्रशिक्षण का अनुश्रवण किया।

## घोषणा पत्र तैयार करने के लिए पलामू से भाजपा को मिले 3938 सुझाव

# राज्य सरकार नहीं चाहती मंडल डैम परियोजना हो पूरी : वीडी राम

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**पलामू** : पलामू लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी सह सांसद विष्णु दयाल राम ने सोमवार को भाजपा के चुनावी घोषणा पत्र की जानकारी दी। मेदिनीनगर के भाजपा के प्रधान कार्यालय में प्रेस वार्ता कर इस संबंध में जानकारी दी। मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष अमित तिवारी, डालटनगंज विधायक आलोक चौरसिया, छतरपुर विधायक पुष्पा देवी समेत भाजपा के कार्यकर्ता रहे मौजूद। सांसद ने कहा कि उनके कार्यकाल में अधूरे पड़े कार्यों को पूरा करने का प्रयत्न तेजी से किया जाएगा। रोजगार की संभावना को दुरुस्त करने की कोशिश है। पलायन पर रोक लगे, इसके लिए उनकी पूरी कोशिश होगी कि पलामू और गढ़वा के इलाके में कल-कारखाने और फैक्ट्री की स्थापना हो। सिंचाई सुविधाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए सांसद ने कहा कि उनके द्वारा 22 सिंचाई योजनाओं की स्वीकृति दी गई थी, जिनमें से 15 का कार्य पूरा हो गया है। पांच पर काम चल रहा है। उत्तरी कोयल परियोजना (मंडल डैम) के




संबंध में पूछे जाने पर सांसद ने कहा कि इस योजना के अधूरी रहने के पीछे पूरी तरह से राज्य सरकार जिम्मेवार है। 6 माह पहले मुआवजा की राशि राज्य सरकार को दे दी गई है, लेकिन सरकार यह सोच में पड़ी है कि प्रभावित परिवार को किस्त में राशि दी जाए या एक मुफ्त। सरकार की यह भी सोच है कि अगर मंडल दम पर निर्माण कार्य शुरू होता है तो इसका पूरा श्रेय केंद्र सरकार को मिल जाएगा। ऐसे में मामले को जानबूझकर लटकाया गया है। सांसद ने कहा कि पूर्व में 70000 रुपए मुआवजा राशि प्रत्येक परिवार निर्धारित था, लेकिन इसे 10 लाख रुपया उनके द्वारा कराया गया। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति में लगती है कि राज्य में भी बीजेपी की सरकार बनेगी तब मंडल डैम परियोजना को पूरी तरह से धरातल पर उतरा जा सकेगा। सांसद सह पलामू लोस प्रत्याशी विष्णु दयाल ने बताया कि घोषणा पत्र जारी करने से पहले भारतीय जनता पार्टी में सुझाव आमंत्रित किया था। पलामू-गढवा से 3 हजार 425 ऑफलाइन, जबकि 513 लोगों ने ऑनलाइन सुझाव दिया था। उन्होंने बताया कि भारतीय जनता पार्टी की घोषणा पत्र में कई सारी बातों का उल्लेख है। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों के साथ-साथ कई बातों का ध्यान रखा गया है।

## एक झलक

### सखी मंडल की दीदियों ने मेहंदी लगा कर मतदान के लिए किया जागरूक

**लोहरदगा :** जिला के अंतर्गत पलाश जेएसएलपीएस की ओर से सोमवार को कुडू , भंडरा, किस्को एवं पेशरार प्रखंड में स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत सखी मंडल की दीदीयों ने स्वीप के तहत विशेष बैठक की। दीदियों ने मेहंदी अपने अपने हाथों पर बनाकर ग्रामीण लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया। लोगों ने शपथ लिया कि हम खुद मतदान करेंगे और दूसरों को भी मतदान के लिए प्रेरित करेंगे।

### चार-पांच लोगों ने युवक को मार-पीट कर किया घायल

**गुमला :** सदर थाना क्षेत्र के पनसो बाजार में सोमवार की अपराह्न कुछ लोगों ने लूटो निवासी 35 वर्षीय अकील अंसारी पिता अमानत अंसारी को लाठी डंडा व पत्थर से मारपीट कर बुरी तरह घायल कर दिया। स्थानीय लोगों ने किसी तरह उसे छुड़ाया। इसके बाद घायल को सदर अस्पताल लाया गया। जानकारी देते हुए घायल अकील ने बताया सोमवार को बाइक से पनसो बाजार गया था जैसे ही बाइक से उतरा तभी अचानक आदम अंसारी, जहीर अंसारी, अफसर अंसारी, सत्तार अंसारी और दिलशाद अंसारी मुझ पर हमला कर दिया। लाठी डंडा व पत्थर से मारपीट करने लगे। वहीं एक युवक हाथ में चाकू भी पकड़ा था। घटना सोमवार की अपराह्न लगभग 4:00 बजे की है। सदर अस्पताल में इलाज के उपरांत परिजन उसे लेकर गुमला थाना पहुंचे।

### चोरों ने दुकानों में सेंधमारी कर लाखों की सम्पत्ति पर किया हाथ साफ

**निरसा (धनबाद) :** निरसा क्षेत्र में इन दिनों चोरो का आतंक बढ़ता जा रहा है , कभी केबल चोरी तो कभी सेधमरी कर दुकानों एवं घरों में चोरी की घटना को अंजाम दे रहे हैं । तनिक भी इन चोरों को पुलिस डर नहीं है। ताजा मामला निरसा थाना क्षेत्र के खुदिया फाटक स्थित दुकानों की है, जहां रविवार की बीती रात चोरों ने चार-पांच दुकानों में सेंधमारी कर लाखों की सम्पति को ले उड़े । घटना के संबंध में पीड़ितों ने जानकारी देते हुए बताया कि सुबह के समय दूरभाषा के माध्यम से हमे सुचना मिली की हमारी दूकान का ताला टुटा हुआ है जब आकर देखा तो दूकान का ताला टूटा हुआ है और अल्बस्टर तोड़ दिवार में सेंधमारी कर कुछ सामान गायब है । वहीं पास के ही मोबाइल दुकान में चोरो ने सबसे ज्यादा छ्ती की है ।चोरो ने गल्ले में रखे पैसे लेकर फरार हो गए। फिलहाल पुलिस मामले की तब्दील कर रही है।

### कुसुम बिहार अंबिका अपार्टमेंट में हनुमान जी के मंदिर की स्थापना

**धनबाद :** कुसुम विहार अंबिका अपार्टमेंट स्थित मारुति नंदन हनुमान जी की नवनिर्मित मंदिर की स्थापना सोमवार 15 अप्रैल को वैदिक मंत्र उच्चारण के बीच आयोजित किया। इस अवसर पर चार दिवसीय मारुति नंदन हनुमान जी की प्राण प्रतिष्ठा हवन और पूणाहुति श्रद्धालुओं के बीच आयोजित की गई ।यज्ञ स्थल पर हवन एवं पूजन कर यजमान सहित श्रद्धालुओं ने बजरंगबली का ध्यान कर आशीर्वाद लिया। इस दौरान 56 भोग लगाए गए। मौके पर महाभोग का भी आयोजन किया गया ।इस औसत पर भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य रागिनी सिंह कुसुम विहार स्थित यज्ञ स्थल पहुंची तथा माता टेक कर मारुति नंदन का ध्यान कर परिवार समेत समस्त कोयलांचल वासियों की सुख समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर कुसुम विहार सहित अन्य जगहों के श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा रहा।

## भाजपा का संकल्प पत्र : मोदी की गारंटी 2024

# 10 वर्षों में मोदी सरकार ने विकसित भारत की नींव तैयार की : अन्नपूर्णा देवी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा :** केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सह कोडरमा लोकसभा सांसद अन्नपूर्णा देवी ने सोमवार को चाराडीह स्थित अपने आवासीय कार्यालय में एक महत्त्वपूर्ण प्रेस वार्ता का आयोजन किया। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2047 तक विकसित भारत के निर्माण का संकल्प लिया है। विगत 10 वर्षों में मोदी सरकार ने विकसित भारत की नींव तैयार की है। अगले 5 वर्षों में व्यापक जनभागीदारी से विकसित भारत निर्माण की यात्रा को कैसे गति और दिशा दी जाय, इसी दृष्टि से भारतीय जनता पार्टी ने अपना संकल्प पत्र जारी किया है, जिसे ह्लभाजपा का संकल्प : मोदी की गारंटी 2024ह्व नाम दिया गया है। उन्होंने कहा कि दूसरी पार्टियों की तरह भाजपा का संकल्प पत्र केवल वादों और आश्वासनों का पुलिंदा मात्र नहीं है। यह मोदी सरकार की 10 वर्षों की शानदार उपलब्धियों और सुनहरे भविष्य की कार्ययोजना का संतुलित ह्लरिजल्ट ओरिएंटेडह्व मास्टर प्लान है। ड्डहमारा लक्ष्य सुनिश्चित है और उस लक्ष्य को पाने के लिए किये जाने वाले प्रयास भी सुनियोजित हैं। तभी तो मोदी जी ने अपनी अगली सरकार की शुरूआती 100 दिनों की कार्ययोजना अभी से तय कर रखी है। मोदी सरकार ने शुरूआती 10 वर्षों में अन्त्योदय की भावना के साथ देश के गरीबों का जीवन स्तर ऊपर उठाने के लिए काम किया, उन्हें गरिमामय जीवन के लिए आवश्यक सुविधायें उपलब्ध करायी। इसके सकारात्मक परिणाम आये और 25 करोड़ से ज्यादा लोग गरीबी से




बाहर निकले। वहीं अगले 5 वर्षों में मोदी 3.0 सरकार का लक्ष्य मोदी 1.0 तथा मोदी 2.0 सरकारों के प्रयासों से गरीब से नव मध्यम वर्ग में दाखिल हुई आबादी के साथ सम्पूर्ण मध्यम वर्ग को ह्लइज ऑफ लीविंगह्व प्रदान करना है मोदी 3.0 में आवास, पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा, स्वरोजगार आदि से सम्बंधित सभी योजनायें इसी लक्ष्य को ध्यान में रखकर बनेंगी। दूसरी तरफ, अगर अन्य दलों या गठबंधन की बात करें तो मोदी विरोध या मोदी को हटाने के अलावा उनके पास कोई कॉमन एजेंडा तक नहीं है। सबके अलगझ्रअलग घोषणा पत्र हैं और परस्पर विरोधाभाषी हैं। श्रीमती अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि जिनके लक्ष्य ही अलग अलग हैं, उनसे समन्वित रूप से किसी एक मंजिल तक पहुंचने की उम्मीद भला कैसे की जा सकती है। जनता जानती है कि इंडी गठबंधन के पास न सर्वमान्य नेता है, न कोई स्पष्ट नीति है, न जनसेवा की नीयत है। इनका इतिहास दागदार है और भविष्य की कोई स्पष्ट कार्ययोजना इनके पास नहीं है। अपना संकल्प पत्र जनता जनार्दन के समक्ष रखते हुए भाजपा पूरी विनम्रता से अपनी कृतज्ञता प्रकट करती है। 2014 एवं 2019 में जनता ने आशीर्वाद दिया तभी भाजपा की सरकार जनसेवा की वो उपलब्धियां हासिल कर सकी, जिनका जिक्र हम बार बार करते हैं। हम एक बार फिर जनता जनार्दन से समर्थन की याचना करते हैं ताकि उनकी सेवा के जो प्रकल्प शुरू किये गए हैं, उन्हें सार्थक परिणति तक पहुंचाया जा सके। प्रेस वार्ता में जिला अध्यक्ष अनूप जोशी, लोकसभा संयोजक रामचंद्र सिंह, महामंत्री राजकुमार यादव, लोकसभा मीडिया प्रबंधक मनोज कुमार झुन्नू, जिला मीडिया प्रभारी चंद्रशेखर जोशी एवं विधानसभा मीडिया प्रबंधक सुदर्शन यादव मौजूद थे।

### ट्रक की टक्कर से युवक की हुई मौत

**गुमला :** रायडीह थाना क्षेत्र के जोड़ा जाम के समीप ट्रक के टक्कर से आजाद बस्ती रजा कॉलोनी निवासी 27 वर्षीय मोहम्मद शाहबाज पिता अब्दुल कादिर की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी पर तत्काल स्थानीय लोगों की मदद से एंबुलेंस से उसे सदर अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टर ने जांच कर उसे मृत घोषित कर दिया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक युवक थाना रोड में एक जूता दुकान में काम करता था। वही सोमवार की अपराह्न बाइक से रायडीह तगादा का पैसा लेने जा रहा था। तभी जोड़ा जाम के समीप पीछे से एक ट्रक टक्कर मारते हुए घटनास्थल से फरार हो गया। घटना की सूचना पर रायडीह थाना की पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और शव पंचनामा किया। वहीं सदर अस्पताल में लोगों की भारी भीड़ लग गई। घटना सोमवार के अपराह्न लगभग 4:00 बजे की है वहीं सदर अस्पताल लाने के उपरांत राइटिंग थाना के सी राकेश कुमार सिंह दलबल के साथ सदर अस्पताल पहुंचे और शव का पंचनामा किया।

# टीएसपीसी का टेरर चार नक्सली समर्थक गिरफ्तार

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चतरा :** चतरा जिले की पिपरवार थाना पुलिस ने प्रतिबंधित टीएसपीसी उग्रवादियों को बड़ा झटका दिया है। चार नक्सली समर्थकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार नक्सलियों के पास से दो अमेरिकन मेड पिस्टल, दो मैगजीन, 7.65 एमएम का सौ चक्र जिंदा गोली, रंगदारी व लेवी मांगने में प्रयुक्त विभिन्न कंपनियों का दो मोबाइल फोन व नक्सली पर्चा सहित अन्य सामान जप्त किया गया है ।गिरफ्तार सभी उग्रवादी समर्थक टंडवा और पिपरवार थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। एसपी विकास पांडेय ने बताया कि टंडवा एसडीपीओ प्रभात रंजन



बरवार के नेतृत्व में गठित पिपरवार थाना प्रभारी प्रशांत मिश्रा की स्पेशल टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की है। उन्होंने बताया कि कोयलांचल समेत आसपास के जिलों में गिरफ्तार नक्सलियों के द्वारा कोल व्यवसाईयों, ठेकेदारों व विकास योजना से जुड़े लोगों को डरा-धमकाकर लेवी व रंगदारी की वसूली करते थे। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व से भी कई मामलों में इन नक्सलियों को पुलिस को तलाश थी। गिरफ्तार नक्सली मसी तिग्गा, विफा उरांव, विकास उरांव व किरण नगरवाल की गिरफ्तारी हुई है। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार नक्सलियों के द्वारा ही पिपरवार थाना क्षेत्र अंतर्गत सेंगाबिलारी गांव में जय अंबे ट्रांसपोर्ट कंपनी के हाईवा में आगजनी व जामडीह स्थित श्री एंटरप्राइजेज कंपनी के हाईवा गाड़ी में आगजनी की घटना को अंजाम देकर दहशत फैलाने का प्रयास किया गया था। एसपी ने कहा कि नक्सलियों को विरोध पुलिस का अभियान निरंतर जारी रहेगा।

# अभियान चला कर मतदाताओं को मतदान के लिए किया प्रेरित




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कोडरमा के निदेर्शानुसार स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत बीएलओ के द्वारा रैली निकालकर मतदाताओं को नैतिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। कम मतदान वाले मतदान केंद्र पर हस्ताक्षर अभियान चलाकर मतदाताओं को नैतिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही नगर परिषद् झुमरी तिलैया अंतर्गत वार्ड संख्या 07 व 08 डोर टू डोर फार्म 06 कलेक्शन हेतु मतदाता पंजीकरण अभियान और नैतिक मतदान करने हेतु जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें डोर टू डोर घरों का भ्रमण कर फार्म 6 का कलेक्शन किया गया और जिन मतदाताओं का नाम मतदाता सूची से जुड़ा नहीं है , उन मतदाताओं का नाम मतदाता सूची से जोड़ा गया। फार्म 06 कलेक्शन के उपरांत मतदाताओं के साथ सेल्फी लेते हुए 20 मई 2024 को नैतिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया।

## ग्रिजली विद्यालय में मनी अम्बेदकर जयंती



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा :** श्रद्धा और उत्सव के माहौल के बीच, तिलैया डैम स्थित ग्रिजली विद्यालय में भारत रत्न तथा भारतीय संविधान के वास्तुकार डॉ. भीम राव अंबेडकर की जयंती मनाई गयी। विद्यालय के सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम की शुरूवात डॉ. भीम राव अंबेडकर के चित्र पर विद्यालय के सीईओ प्रकाश गुप्ता, उप प्राचार्या अंजना कुमारी एवं शिक्षकों के द्वारा माल्यार्पण तथा पुष्प अर्पित कर की गयी। छात्र अतिशय जैन ने हिंदी भाषण एवं छात्र अनुराग आर्यन ने अंग्रेजी में भाषण प्रस्तुत किया। वहीं छात्र त्रीजल राज एवं कुशाग्र कुबेर ने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से बाबा साहब भीम राव अंबेडकर की जीवनी सबके सामने प्रस्तुत की। इस अवसर पर विद्यालय के सीईओ प्रकाश गुप्ता ने अपने सम्बोधन में कहा की यह उत्सव डॉ. अंबेडकर की स्थायी विरासत की याद दिलाता है, जो पीढ़ियों को एक अधिक न्यायसंगत और समावेशी समाज के लिए प्रयास करने के लिए प्रेरित करता है, जहां प्रत्येक व्यक्ति को गरिमा, अवसर और सम्मान मिलता है। वहीं विद्यालय की उप प्राचार्या अंजना कुमारी ने छात्रों को अपनी शैक्षणिक गतिविधियों और व्यक्तिगत जीवन में डॉ. अंबेडकर के दृढ़ता, ज्ञान और करुणा के मूल्यों का अनुकरण करने के लिए प्रोत्साहित किया।

# किसी की भावना को आहत करनेवाला गाना नहीं बजायें : डीसी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लोहरदगा :** डीसी डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में सोमवार को रामनवमी को लेकर शांति समिति सदस्यों के साथ जिला परिषद कार्यालय स्थित सभाकक्ष में बैठक हुई। बैठक में डीसी ने कहा कि प्रत्येक वर्ष रामनवमी का त्योहार बहुत धूमधाम से हम सभी मनाते आये हैं। इतनी भीड़ होने के बावजूद यह त्योहार शांति से मनाया जाता रहा है। अगर उसी माहौल को अपनाया जाए तो यह त्योहार काफी शांतिपूर्ण तरीके से मनाया जाएगा। डीसी ने कहा कि अक्सर रामनवमी के मौके पर डीजे का इस्तेमाल विभिन्न अखाड़ों द्वारा किया जाता



रहा है लेकिन उसमें सावधानी यह बरती जानी चाहिए कि किसी की भावनाओं को आहत करने वाला या उन्मादित करने का गाना उसमें ना बजाया जाए। किसी के द्वारा डीजे संचालक पर किसी विशेष गाना को बजाने के लिए दबाव ना बनाया जाए। उन्होंने कहा कि जुलूस के दौरान वॉलंटियर्स पर्याप्त संख्या में रखे जाएं और उनका संपर्क अपने थाना प्रभारी, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी व अंचल अधिकारी के साथ अवश्य हो। किसी भी आशंका या असहजता की सूचना अपने संबंधित पदाधिकारियों व थाना प्रभारियों को दी जाए, ताकि ससमय कार्रवाई की जा सके।

## हत्यारों की गिरफ्तारी नहीं होने पर विहिप ने आक्रोश जताया

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लोहरदगा :** लोहरदगा के व्यवसायी सह सामाजिक कार्यकर्ता नरेश कुमार साहू उर्फ. सिब्बू के हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर लोगों ने सोमवार को विश्व हिंदू परिषद की अगुवाई में लोहरदगा शहरी क्षेत्र के पावर गंज में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। मौके पर लोगों ने कहा कि इतनी बड़ी घटना घट गई है लेकिन हत्यारे अभी तक पुलिस की गिरफ्त से दूर है। ऐसे में आम लोगों में भय व्याप्त है। लोगों ने कहा कि पुलिस यदि मुस्तैद होती तो अब तक हत्या का सुराग और हत्यारे पकड़ में आ गए होते। लेकिन हत्या के इतने दिनों बाद भी पुलिस किसी नतीजे तक



नहीं पहुंची है ना ही हत्यारे को गिरफ्तार कर पाई है। सिर्फ आश्वासनों का घूंट पिलाया जा रहा है। लोगों ने कहा कि नरेश कुमार साहू के दो छोटे-छोटे बच्चे और पत्नी है। उनके समक्ष संकट उत्पन्न हो गया है। विश्व हिंदू परिषद के लोगों ने पुलिस प्रशासन से आग्रह किया कि यथाशीघ्र हथियारों की गिरफ्तारी करें, ताकि पुलिस पर लोगों का विश्वास कायम रह सके.लोगों ने कहा कि लोहरदगा जिला में विधि व्यवस्था की स्थिति लगातार गड़बड़ाती जा रही है। लोगों ने कहा कि सेन्हा थाना क्षेत्र में भी दिनदहाड़े महिला की हत्या हो जाती है।

# सौहार्दपूर्ण व आपसी भाईचारे के साथ त्योहार मनायें :

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बोकारो :** रामनवमी पर्व को लेकर जिले में विधि -व्यवस्था संधारण के लिए जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त विजया जाधव की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में बैठक हुई ।बैठक में उपायुक्त विजया जाधव ने सभी लाईसेंसधारी एवं गैर लाईसेंसधारी अखाड़ो की जानकारी दोनों अनुमंडलाधिकारी से ली। साथ ही निकलने वाले जुलूसों की रूट चार्ट एवं रास्ते में पड़ने वाले धार्मिक स्थलों की भी जानकारी उनके द्वारा ली गई। इसपर दोनों अनुमण्डल पदाधिकारियों ने बारी-बारी से पूर्व में मनाये गए त्योहारों एवं पूर्व घटित घटना के बारे में विस्तृत जानकारिया दी। उपायुक्त ने समीक्षा के दौरान जुलूसो की रूट की बेरिकेटिंग करने का निदेश दिया। साथ ही रूटों की देखरेख हेतु ड्रोन,



सीसीटीवी कैमरा, वीडियो रिकॉर्डिंग एवं अन्य फैसिलिटी की व्यवस्था ससमय पूर्ण करने का भी निदेश दिया। उन्होंने भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर अग्निशमनालय की व्यवस्था एवं समुचित लाइट की व्यवस्था करने को कहा। साथ ही उन्होंने कार्यपालक अभियंता विद्युत विभाग को निर्देश दिया कि क्षेत्रों में निर्बाध रूप से बिजली आपूर्ति करें एवं जुलूस रुट पर जुलूस के प्रारंभ से समाप्ति तक बिजली आपूर्ति बाधित रखें ताकि जुलूस के दौरान किसी प्रकार का कोई अप्रिय घटना न घटे। उपायुक्त विजया जाधव ने कहा कि त्योहार के दौरान सोशल मीडिया पर किसी भी तरह का भड़काउ पोस्ट से बचे। उन्होंने व्हाट्सएप ग्रुप एवं सोशल मीडिया पर नियमित रूप से सतत निगरानी करने हेतु निदेशित किया तथा व्हाट्सएप ग्रुप पर आपत्तिजनक पोस्ट ना करें से सम्बंधित आमजनों से अपील की । उनके द्वारा सिविल सर्जन डॉ दिनेश कुमार को निर्देश दिया गया कि जुलूस जहाँ घूम-घूमकर एकत्र होगी, उक्त स्थान पर मेडिकल का टीम एवं एंबुलेंस मौजूद रखें । उपायुक्त विजया जाधव ने दोनों अनुमंडल पदाधिकारियों से कहा कि अखाड़ा के अध्यक्ष व सचिव एवं वॉलंटियर्स के नाम जिला प्रशासन को उपलब्ध कराए। जिससे किसी भी तरह आपात स्थिति में संबंधित लोगों से समन्वय स्थापित कर विधि व्यवस्था संधारण किया जा सके। उन्होंने दोनों अनुमंडल क्षेत्रों में संवेदनशील स्थानों की पहचान करते हुए इसकी सूची तैयार करने को कहा तथा जुलूस के दौरान उपद्रव फैलाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध धारा 107/106 के तहत कितने व्यक्तियों पर

## अचानक आग लगने से घबरायें नहीं, विवेक से करें आग पर काबू

# जीएस पब्लिक स्कूल में आग पर काबू करने का दिया प्रशिक्षण

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा :** डोमचांच स्थित जी.एस. पब्लिक स्कूल में सोमवार को दमकल विभाग ऑफिसर बिमल चंद्र मांजी तथा उनके सहयोगी हेमंत कांडुल्ला के द्वारा विद्यालय के शिक्षक, शिक्षकेतर कर्मी एवं छात्रों को आग पर काबू पाने का प्रशिक्षण दिया गया। विद्यालय के निदेशक नितेश कुमार तथा उप निदेशक नीरज कुमार के द्वारा मोमेंटो तथा पुष्प गुच्छ भेंट सम्मान स्वरूप दिये गये। प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों द्वारा डेमो के माध्यम से आग फैलने व उसे रोकने के उपाय बताए गए। फायर बिग्रेड का यह कार्यक्रम अग्नि सेवा सप्ताह के तहत किया गया। जिसमे सबों को आग पर काबू पाने और अग्नि सुरक्षा उपकरणों के संचालन के बारे में जानकारी दी गयी। जिला अग्निसमन प्रभारी ने छात्रों को हर तरह से होने वाले आग पर काबू करने




के उपाय बताए। उन्होंने कहा कि अचानक आग लगने से घबराना नही है विवेक का इस्तेमाल करके हुए सही तरीके से हम आग पर काबू पाना चाहे तो यह मुश्किल कार्य नही है। वहीं विद्यालय के छात्रों के द्वारा विभिन्न तरह के पोस्टर बनाए गए तथा बच्चों के बीच में आग पर कैसे काबू पाएं उसके बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई।

## इंडिया गठबंधन की नगर परिषद और कोडरमा प्रखण्ड की संयुक्त कार्यकर्ता बैठक

# लोकसभा चुनाव में जनता परिवर्तन की राह पर चल पड़ी है, इंडिया की होगी जीत : रामधन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**झुमरीतिलैया :** लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन के भाकपा-माले प्रत्याशी कॉमरेड विनोद सिंह को कोडरमा विधानसभा में बढ़त दिलाने को लेकर इंडिया गठबंधन की बैठक 15 अप्रैल को आयोजित किया गया। इंडिया गठबंधन के नगर परिषद और कोडरमा प्रखण्ड की संयुक्त बैठक राजद नेता सुभाष प्रसाद यादव आवास कार्यालय में राजद जिलाध्यक्ष रामधन यादव की अध्यक्षता में हुई ।संचालन घनश्याम तुरी और रामबचन यादव ने संयुक्त रूप किया। बैठक में नगर परिषद क्षेत्र



के 74 बूथों और कोडरमा प्रखण्ड के करीब 76 बूथों पर राजद, जेएमएम, कांग्रेस, सीपीआई, सीपीएम, आप समेत प्रगतिशील संगठन और मजदूर संगठनों के बीच सामंजस्य स्थापित कर अपन बूथ-संविधान मजबूत अभियान की रणनीति तैयार की गई। वहीं कोडरमा विधानसभा की नगर परिषद क्षेत्र और कोडरमा प्रखण्ड के हर बूथ पर कार्यकताओं के साथ संवाद स्थापित चुनावी मैनेजमेंट को मजबूत बनाने को लेकर चर्चा की गई। बैठक में करीब 150 बूथ पर डोर टू डोर मतदाताओं और इंडिया महागठबंधन सरकार के जनकल्याण कारी योजनाओ के लाभार्थी के बीच संपर्क करने को लेकर रणनीति तैयार की गयी ।बैठक को संबोधित करते हुए राजद जिलाध्यक्ष रामधन यादव ने कहा कि लोकसभा चुनाव में जनता परिवर्तन की राह पर चल पड़ी है। कोडरमा से भाकपा माले के इंडिया गठबंधन के कॉमरेड विनोद सिंह मजबूत प्रत्याशी है। उन्होंने कहा कि राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव और कोडरमा के सामाजिक न्याय पसंद जनता को धोखा देने वाले भाजपा सांसद को सत्ता से बेदखल करने के लिए जनता एकजूट और उत्साहित है। उन्होंने कहा कि कोडरमा में भाजपा से लगातार सांसद बनें। लेकिन कोडरमा का रोजी-रोजगार, पलायन और नागरिक सुविधाओ को लेकर नीति की आवाज संसद में सुनाई नही दी। उन्होंने कहा कि भाजपा को इसबार हर मोर्चे पर शिकस्त दी जाएगी। उन्होंने इंडिया महागठबंधन के सभी घटक दलों के कार्यकताओं को जिलास्तर पर बनी रणनीति को हर बूथ पर लागू करने में भागीदारी सुनिश्चित करने की बात कही।


**उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, खूँटी**

**(जिला शस्त्र शाखा)**

**आदेश**

**आम सूचना**

आसूचना प्राप्त हुई है कि कुछ ऐसे व्यक्ति है जो दूसरे जिला/राज्य के शस्त्र अनुज्ञप्तिधारी है और अपना शस्त्र खूँटी जिला में लाए है और उसी प्रविष्टि जिला के O.D शस्त्र पंजी में दर्ज नहीं कराये है। वे वर्तमान में भी शस्त्र अपने पास रखे हुए जो नियम के विरूद्ध एवं गैर कानूनी है। वैसे शस्त्र अनुज्ञप्तिधारी अपने नजदीकी थाना/वैध शस्त्र दुकान में अपने शस्त्र को दिनांक–17.04.2024 तक जमा करते हुए इसकी सूचना संबंधित थाना एवं जिला सामान्य शाखा, समाहरणालय भवन को देना सुनिश्चित करेंगे।

साथ ही खूँटी जिला से निर्गत वैसे शस्त्र अनुज्ञिप्तिधारी जो दूसरे जिला/राज्य में चले गए है और अपने शस्त्र अनुज्ञप्ति का अन्तरण (Transfer) नहीं कराए है और न खूँटी जिला के संबंधित थाना/शस्त्र दुकान में शस्त्र को जमा कराए है, वैसे अनुज्ञप्तिधारियों को भी सूचित किया जाता है कि दिनांक–17.04.2024 तक के अपराह्न 3 :00 बजे तक अपने शस्त्र को जमा करते हुए इसकी सूचना अनिवार्य रूप से संबंधित थाना एवं जिला सामान्य शाखा समाहरणालय के प्रभारी सहायक को या उनके मोबाईल संख्या–6202514307 या जमा पर्ची भेजना सुनिश्चित करेंगे ।

ह0/–
जिला शस्त्र दण्डाधिकारी
–सह–उपायुक्त, खूँटी

PR 323808 District (24-25)_D

## एक झलक

### पिकअप और मोटर साइकिल में टक्कर

**भागलपुर** : जिले के नाथनगर के मधुसुदनपुर थाना क्षेत्र के कंझिया बाईपास चौक के समीप सोमवार को पिकअप वेन और मोटरसाइकिल में आमने-सामने की टक्कर हो गई। जिसमें बाइक सवार युवक बुरी तरह घायल हो गया। घायल को इलाज के लिए नाथनगर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।घायल ने बताया की वह नाथनगर से राजाबर जा रहा था। इसी बीच बाईपास पर पिकअप और मोटरसाइकिल में टक्कर हो गई। वहीँ पिकअप चालक वाहन लेकर चालक फरार हो गया। घायल की पहचान बांका जिला रजौन थाना क्षेत्र के राजाबर निवासी बंटी कुमार मंडल के रूप में हुई है। मधुसुदनपुर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए घायल को नाथनगर रेफरल अस्पताल पहुंचाया। जहां उसका इलाज चल रहा है।

### दारोगा का हाथ तोड़ा एफआईआर दर्ज

**बेतिया** : बेतिया पुलिस जिला के शिकारपुर थाना स्थित चेगौना गांव में रविवार की रात्रि में एक अभियुक्त को पकड़ने गई पुलिस पर अभियुक्त समेत उसके परिजनों ने हमला कर दिया।घटना में दारोगा अमित कुमार का हाथ टूट गया है तो कुछ पुलिस कर्मियों को हल्की चोटें आई है। घटना के बाद पहुंचे अन्य पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर ली है। जबकि अन्य हमलावर भागने में सफल रहे। पुलिस ने बताया कि बीते मार्च माह में घटी मारपीट व जानलेवा हमले के आरोपित छोटन दीक्षित उर्फ मधुकेश दीक्षित को पुलिस टीम गिरफ्तार करने गई थी। इसी बीच अभियुक्त के परिजनों ने पुलिस टीम पर हमला कर दिया।इसमें दारोगा अमित कुमार चोटिल हो गए।हालांकि बाद में पहुंचे पुलिस अधिकारी व जवानों ने अभियुक्त छोटन को गिरफ्तार कर लिया। किन्तु घटना में शामिल अन्य लोग भागने में सफल रहे। उन्होंने बताया कि दारोगा के बयान पर भी एक अलग एफआईआर अभियुक्त समेत उसके परिजनों पर की जा रही है।

### नेपाल पुलिस और एसएसबी की बैठक

**पूर्वी चंपारण** : आसन्न लोकसभा चुनाव 2024 को स्वच्छ, निष्पक्ष एवं भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने एवं सीमावर्ती क्षेत्रों में अपराध नियंत्रण को लेकर जिले के झरौखर थाना परिसर में जिला पुलिस,नेपाल पुलिस व एसएसबी की संयुक्त बैठक हुई। बैठक में भारत और नेपाल दोनों ओर के सीमाई क्षेत्र के थाना के पदाधिकारियों के साथ एसएसबी के पदाधिकारी उपस्थित थे।बैठक के दौरान लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 के मद्देनजर आपसी समन्वय से सीमावर्ती क्षेत्रों में अपराध नियंत्रण,मादक और शराब तस्करी पर नियंत्रण सहित सूचनाओ के आदान प्रदान करने जैसे कई महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर गहन चर्चा की गयी।

### रामप्रीत मंडल ने किया नामांकन दाखिल

**मधुबनी** : झंझारपुर संसदीय क्षेत्र के राजग प्रत्याशी रामप्रीत मंडल ने सोमवार को नामांकन दाखिल किया।निवर्तमान जदयू सांसद रामप्रीत मंडल के नामांकन के समय एनडीए घटक दल के वरिष्ठ नेता सहित कार्यकताओं की खासी भीड़ रही।भाजपा के वरिष्ठ नेता झंझारपुर के विधायक मंत्री नीतीश मिश्रा की अगुवाई में भाजपाईयों की काफी संख्या में भीड़ देखा गया।जदयू शिक्षा प्रकोष्ठ अध्यक्ष डॉ. संजीव कुमार झा ने बताया कि प्रत्याशी रामप्रीत मंडल के नामांकन दाखिल के समय राजग कार्यकताओं का अभूतपूर्व जुटान सापेक्ष चुनाव परिणाम का द्योतक है।

### सूर्य को अर्घ्य के साथ सम्पन्न हुआ चैती छठ

**अररिया** : सोमवार की सुबह उगते सूर्य का छठव्रतियों ने लोक परम्परा के अनुसार पूजा अर्चना की और भगवान भास्कर को अर्घ्य प्रदान किया। अररिया के परमान नदी के किनारे अर्घ्य प्रदान किया।

# पीएम की रैली पूर्णिया में आज, तैयारी पूरी

एजेंसी

**पूर्णिया** : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल यानी 16 अप्रैल को पूर्णिया में लोकसभा चुनाव के प्रचार के लिए जनसभा को संबोधित करेंगे, जिसकी तैयारियां पूरी हो चुकी है।सोमवार को भाजपा के प्रमुख कार्यकताओं ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पूर्णिया आ रहे है जो हम सब के लिए बड़े ही गर्व की बात है। इसलिए उन्होंने मीडिया के माध्यम से लोगों से अनुरोध किया कि कल भारी से भारी संख्या में पूर्णिया के रंगभूमि मैदान में पहुंचे और अपने देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संबोधन को सुनें



उन्होंने कहा कि इससे पहले प्रधानमंत्री 2014 के लोकसभा चुनाव में पूर्णिया आए थे। काफी हर्ष की बात है कि आज फिर 10 साल बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी हमारे पूर्णिया एक बार पुनः पधार रहे हैं। हमारे लोकसभा के चुनाव प्रत्याशी संतोष कुशवाहा जी को वह अपना आशीर्वाद देंगे।

पूर्णिया लोकसभा की सीट जदयू के खाते में आई है ।इसी बात को ध्यान में रखते हुए जब पूछा गया कि क्या कल इस रैली में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी होंगे तो उनके आने की खबर को एक सिरे से नकार दिया गया कहा गया कि वह अन्य रैली में व्यस्त है।इस वजह से वह कल पूर्णिया नहीं आ पाएंगे प्रधानमंत्री के इस रैली को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा की कड़ी व्यवस्था की गई है। कल होने वाली इस रैली से आम लोगों के जीवन पर कोई खास प्रभाव न पड़े। लोगों को कोई परेशानी का सामना न करना पड़े। इस बात का खास ध्यान रखा गया है।रैली में दूर से आने वाले लोगों के लिए पार्किंग की अलग से व्यवस्था की गई है। पूर्णिया के रंगभूमि मैदान में जहां पर रैली होगी वहां पर भी बड़े ही भव्य पंडाल का निर्माण किया गया है और आने वाले लोगों के लिए टोटल 25000 कुर्सियों की व्यवस्था की गई है

प्रेस कॉन्फ्रेंस में जदयू के जिला अध्यक्ष राकेश कुमार, सदर विधायक विजय खेमका, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री लेसी सिंह, सांसद सह लोकसभा चुनाव प्रत्याशी संतोष कुशवाहा, दरभंगा के सदर विधायक संजय सरावगी और अरविंद सिंह जी मौजूद थे।

## चुनावी सभा से पहले निकला एनडीए का बाइक जुलूस

**प्रधनमन्त्री** नरेन्द्र मोदी का मंगलवार को शहर के रंगभूमि मैदान में एनडीए प्रत्याशी संतोष कुशवाहा के समर्थन में चुनावी आमसभा दिन के 11 बजे सुनिश्चित है।इस कार्यक्रम की सफलता को लेकर एनडीए घटक दलों द्वारा एनडीए प्रत्याशी संतोष कुशवाहा के नेतृत्व में सोमवार को जिला मुख्यालय में बाइक जुलूस निकाला गया। इस जुलूस में बिहार सरकार की मंत्री लेशी सिंह, विधायक विजय खेमका पूर्णिया नगर निगम के उप महापौर पल्लवी गुप्ता और जदयू के प्रदेश महासचिव जितेंद्र यादव,उपमहापौर पल्लवी गुप्ता चुनावी रथ पर सवार थे।वहीं सैकड़ों बाइक और दर्जनों चार पहिया वाहन इस जुलूस का हिस्सा रहा। आज दिन के 4 बजे यह बाइक जुलूस फोर्ड कंपनी चौक स्थित प्रधान कार्यालय से निकला जो शहर के विभिन्न स्थानों से होते हुए गुजरा। जगह जगह महिलाओं और विभिन्न संगठनों से जुड़े लोगों ने कुशवाहा का पुष्प-वर्षा कर स्वागत किया और उनका तिलक कर जीत का आशीर्वाद दिया।जुलूस के माध्यम से शहरवासियों से मंगलवार को दिन के 10.30 बजे रंगभूमि मैदान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभा में शामिल होने का आग्रह किया गया। एनडीए प्रत्याशी संतोष कुशवाहा ने कहा कि बाइक जुलूस प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के सभा मे आमंत्रण के लिए निकाली जा रही है।

## कुआड़ी पुलिस ने तस्करी के गेहूं से लदे दो पिकअप किये जब्त



**अररिया** : जिले की कुआड़ी थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बीती रात दो पिकअप गाड़ी पर लदा करीबन 40 क्विंटल गेहूं जब्त किया।तस्कर गेहूं को तस्करी कर भारतीय क्षेत्र से नेपाल लेकर जा रहा था।जिसे पुलिस ने गुप्त सूचना पर छापेमारी करते हुए जब्त किया।इस बात की जानकारी कुआड़ी थानाध्यक्ष रौशन कुमार सिंह ने देते हुए बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि पिकअप से गेंहू लेकर तस्करी के उद्देश्य से नेपाल ले जाया जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम के साथ गैरया पहुंचा तो देखा कि एक साथ अनाज लदा दो पिकअप नेपाल सीमा की ओर जा रहा है।पुलिस वाहन को देखते ही वाहन चालक मौके से अंधेरा का लाभ उठाते हुए नेपाल तरफ भागने में सफल रहा।वहीं छोड़े गए पिकअप की तलाशी ली गई तो बोलेरो पिक अप बीआर 11जीए/9140 से 39 बोरा तथा पिकअप गाड़ी संख्या बीआर 11 जीसी/0420 से 17 बोरा गेहूं बरामद किया गया।थानाध्यक्ष ने बताया कि कुल 39 क्विंटल 22 किलो गेहूं बरामद किया गया।

## नवरात्रि के सातवें दिन मंदिर में हुई मां कालरात्रि की पूजा

**क्लीं ऐं श्री कालिकायै नमः।**
**एकवेणी जपाकर्णपूरा नग्ना खरास्थिता। लम्बोष्ठी क र्णि क ा क र्णी तैलाभ्यक्तशरीरिणी॥**
**वामपादोल्लसल्लोहलताकण्टकभूषणा। वर्धन्मूर्धध्वजा कृष्णा कालरात्रिर्भयङ्करी॥**



**किशनगंज** : चैत्र नवरात्रि का सातवां दिन है जो माता कालरात्रि को समर्पित किया गया है। ये दिन चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि के रूप में मनाया जाता है। इस दिन भक्त मां के आशीर्वाद के लिए उपवास रखकर मां कालरात्रि की विधि-विधान से पूजा करते हैं। सोमवार को महाकाल मंदिर के पुरोहित गुरु साकेत ने बताया कि देवी कालरात्रि की पूजा करने से उपासक को कई आशीर्वाद और सिद्धियां प्राप्त होती हैं। मां दुर्गा का ये रूप दुष्टों का विनाश करने के लिए जाना जाता है।गुरू साकेत ने बताया कि मां दुर्गा के स्वरूप कालरात्रि ने असुरों का वध करने के लिए रूप लिया था। मां कालरात्रि को लेकर यह भी मान्यता है कि इनकी पूजा करने से भूत-प्रेत या बुरी शक्ति का डर नहीं सताता है। मां कालरात्रि के इस स्वरूप की बात करें तो कालिका का अवतार यानि काले रंग का है और अपने विशाल केश चारों दिशाओं में फैलाती हैं। चार भुजा वाली मां, जो वर्ण और वेश में अर्धनारीश्वर शिव की तांडव मुद्रा में नजर आती हैं। माता के तीन नेत्र हैं और उनकी आंखों से अग्नि की वर्षा भी होती है। मां का दाहिना ऊपर उठा हाथ वर मुद्रा में है तो नीचे दाहिना वाला अभय मुद्रा में। बाएं वाले हाथ में लोहे का कांटा और नीचे वाले हाथ में खड्ग तलवार सुशोभित है। इनकी सवारी गर्दभ यानि गधा है, जो समस्त जीव जंतुओं में सबसे ज्यादा मेहनती और निर्भय होकर अपनी अधिष्ठात्री देवी कालरात्रि को लेकर इस संसार में विचरण कर रहा है।गुरु साकेत ने बताया कि रक्तबीज नामक राक्षस के वध करने के लिए मां ने ऐसा रूप रखा था। गुरु साकेत कहते है मां कालरात्रि की पूजा-अर्चना करने से साधक को सभी सिद्धियां प्राप्त होती हैं। तंत्र-मंत्र के साधक मां कालरात्रि की विशेष रूप से पूजा करते हैं।

## रामनवमी में शामिल होने को लेकर महिला मंडल की हुई बैठक



**अररिया** : फारबिसगंज में कल मंगलवार को रामनवमी के मौके पर निकलने वाले मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के प्रतिमा के साथ रथयात्रा की सफलता और महिलाओं और युवतियों की अधिक से अधिक संख्या में भागीदारी को लेकर सोमवार को बैठक हुई।फारबिसगंज के श्री मारवाड़ी अतिथि सदन में हुए बैठक में इस साल अधिक से अधिक संख्या में महिलाओं और युवतियों की भागीदारी को लेकर चर्चा की गई।बैठक में शामिल महिलाओं और युवतियों ने कहा कि चूंकि अयोध्या में भगवान श्री राम के पधारे जाने के बाद फारबिसगंज में इस बार मयार्दा पुरूषोत्तम भगवान श्री राम की रामनवमी रथयात्रा ऐतिहासिक और अभूतपूर्व होगी।जिसमे बड़ी संख्या में महिलाओं और युवतियों की भागीदारी का निर्णय लिया गया।

## राहुल से पहले सीमांचल में करेंगे सभा : मोदी

एजेंसी

**पटना** : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 16 अप्रैल यानी मंगलवार को पूर्णिया पहुंच रहे हैं। वे यहां रंगभूमि मैदान में बड़ी जनसभा को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री के पूर्णिया आगमन को लेकर प्रशासनिक अमला से लेकर राजग कार्यकर्ता ने तैयारी पूरी कर ली है। प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर रंगभूमि मैदान में बड़ा सा मंच बना है। जहां एनडीए के तमाम बड़े नेता मौजूद रहेंगे। आगामी 19 अप्रैल को राहुल गांधी का कार्यक्रम किशनगंज में संभावित है। ऐसे में राहुल गांधी के दौरे से पहले पीएम मोदी का पूर्णिया आना सीमांचल की राजनीति की दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर तैयारी का जायजा लेने पहुंचे बिहार सरकार के मंत्री लेसी सिंह ने कहा कि पीएम मोदी ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश की अलग पहचान बनाई है। पीएम के आने से सीमांचल की राजनीति में काफी परिवर्तन हो जाएगा और बिहार की सभी 40 सीटे एनडीए ही जीतेगा और देशभर में 400 से अधिक सीटों पर एनडीए की जीत होगी।जदयू सांसद व उम्मीदवार संतोष कुशवाहा ने कहा कि प्रधानमंत्री 16 अप्रैल को इसी रंगभूमि मैदान में जनसभा को संबोधित करेंगे। चार लाख से ज्यादा लोगों की भीड़ होगी। प्रधानमंत्री के साथ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी व विजय सिन्हा के अलावे पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी, चिराग पासवान ,उपेंद्र कुशवाहा समेत तमाम बड़े नेता मंच पर होंगे। सीमांचल में प्रधानमंत्री के आगमन से जहां एनडीए उत्साहित हैं वहीं, विपक्षी इस पर जमकर कटाक्ष कर रहे हैं। कांग्रेस विधायक दल के नेता शकील अहमद खान ने कहा कि भाजपा 400 पार के नारे लगा रही है, लेकिन जिस तरह इलेक्टोरल बॉड के नाम पर भाजपा ने 420 की है इस पर प्रधानमंत्री को जवाब देना चाहिए।

**चार लाख लोगों के पहुंचने की उम्मीद**

### चुनाव प्रशिक्षण के दौरान मदरसा शिक्षक की मौत

**किशनगंज** :चुनाव प्रशिक्षण के दौरान एक मदरसा शिक्षक की मौत का मामला सोमवार को प्रकाश में आया है, जिसके बाद शिक्षकों में हड़कंप मच गया है। मामला शहर के मारवाड़ी कॉलेज का है, जहां आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा था। इसी क्रम में कॉलेज के ही बाथरुम में एक शिक्षक गिरे मिले, जिसके बाद घटनास्थल पर अन्य शिक्षकों की भीड़ उमड़ पड़ी है। जांच की क्रम में शिक्षक को मृत पाया गया है।मृत व्यक्ति की पहचान दिघलबैंक प्रखंड के सानी मंगूरा निवासी मौलाना इकबाल नूरी के रूप में हुई है। घटना की सूचना पर पहुंची जिला प्रशासन की टीम ने एंबुलेंस की मदद से शिक्षक को सदर अस्पताल भेजा गया।

## नेत्रदानी स्व. कृत्यानंद मंडल के परिजनों किया सम्मानित

एजेंसी

**अररिया** : सेवानिवृत शिक्षक कृत्यानंद मंडल का 3 अप्रैल को स्वर्गवास होने के बाद पुत्र मनोज कुमार भारती एवं संजीव मंडल तथा अन्य परिजनों की सहमति के बाद दधीचि देहदान समिति के प्रयास से उनका नेत्रदान हुआ था।जिसके लिए जिलाध्यक्ष अजातशत्रु अग्रवाल ने सकारात्मक भूमिका निभाई थी।कटिहार मेडिकल कॉलेज से आए डॉक्टर्स की टीम द्वारा उनके नेत्रदान की प्रक्रिया संपन्न कराई गई थी।इस संदर्भ में दधीचि देहदान समिति की राज्य इकाई द्वारा नेत्रदानी परिवार को सम्मानित करने एवं प्रशस्ति पत्र देने की परंपरा का निर्वहन करते हुए अररिया जिला इकाई के द्वारा उनके पैतृक गांव खावदह डुमरिया जाकर औपचारिकता को पूरा किया गया।समिति के जिलाध्यक्ष अजातशत्रु अग्रवाल के साथ संरक्षक बच्छराज राखेचा ,विनोद सरावगी, मांगीलाल गोलछा, सदस्य राकेश रोशन ,अवधेश कुमार साह,रमेश धनावत,अमित गोयल,सुनील गुप्ता,गोपाल कृष्ण सोनू, घनश्याम जायसवाल,नवीन कुमार शंकर,मो जसीम तथा देहदान हेतु संकल्पित भरत लाल वियोगी आदि ने सैकड़ों की संख्या में उपस्थित उनके ग्राम वासियों के समक्ष स्वर्गीय मंडल के पुत्र मनोज भारती एवं संजीव मंडल को शॉल ओढाकर तथा उनकी पुत्र वधुओं एवं बेटियों को दुपट्टा प्रदान कर सम्मानित किया गया।



## लिच्छवी एक्सप्रेस की चपेट में आया ट्रैक्टर, कोई हताहत नहीं



**पटना** : बिहार के मुजफ्फरपुर जिले में लिच्छवी एक्सप्रेस के साथ एक बड़ा हादसे होते होते टल गया। मुजफ्फरपुर-सीतामढ़ी रेलखंड के बेनीपुरग्राम हाल्ट और रुन्नी सैदपुर स्टेशन के बीच रामबाग धरहरवा के पास लिच्छवी एक्सप्रेस से एक ट्रैक्टर टकरा गया। हादसे में ट्रैक्टर की ट्रॉली ट्रेन के इंजन में फंस गई, जिसके कारण ट्रेन करीब डेढ़ घंटे तक रुकी रही।बेनीपुरग्राम हाल्ट और रुन्नी सैदपुर स्टेशन के बीच रामबाग धरहरवा के पास रेल लाइन कर्व है। कॉशन के कारण लिच्छवी एक्सप्रेस के इंजन के सामने ट्रैक्टर आ गया। हालांकि लोको पायलट ने इमरजेंसी ब्रेक लगा दी। इमरजेंसी ब्रेक लगाने के बावजूद ट्रेन पटरी से नहीं उतरी, जिस वजह से बड़ा हादसा होने से बच गया।घटना की सूचना मिलने के बाद फौरन मौके पर पहुंचकर इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट के स्टाफ ने इंजन से ट्रॉली को बाहर निकाला और क्षतिग्रस्त इंजन को दुरुस्त किया। इसके बाद करीब डेढ़ घंटे बाद ट्रेन को सीतामढ़ी के लिए रवाना किया गया।

## रामनवमी को लेकर ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव

**पटना** : आगामी 17 अप्रैल को रामनवमी का महापर्व है। इसके मद्देनजर पटना में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है। राजधानी पटना में 16 अप्रैल की रात आठ बजे से 17 अप्रैल की रात 11 बजे तक ट्रैफिक में बदलाव किया गया है। कई रूटों पर वाहनों के परिचालन में पाबंदी लागू की जाएगी। डाकबंगला चौराहा से पटना जंक्शन के बीच वाहनों के परिचालन पर रोक रहेगी।जानकारी के अनुसार डाकबंगला होकर पटना जंक्शन जाने वाले वाहन एग्जीबिशन रोड से गोरियाटोली तक जा सकेंगे और जमाल रोड दक्षिण से यू-टर्न लेकर वापस हो जायेंगे। महावीर मंदिर के निकट एवं पटना जंक्शन गोलम्बर के पूरब वीणा सिनेमा रोड तक सभी वाहनों का प्रवेश वर्जित होगा। गोरियाटोली तथा करबिगहिया से पटना जंक्शन आने वाले वाहन जमाल रोड दक्षिण से यू-टर्न लेकर वापस हो जायेंगे। मेट्रो निर्माण कार्य को देखते हुए जेपी गोलम्बर से डाकबंगला चौराहा होते हुए जाने वाले जुलूस स्वामी नन्दन तिराहा से एसपी वर्मा रोड होते हुए न्यू डाकबंगला रोड से डाकबंगला चौराहा जा सकेंगे। इसके साथ ही बुद्धमार्ग में फ्लाइओवर के नीचे वाहनों का परिचालन नहीं होगा।महावीर मंदिर जाने वाले दर्शनार्थी वीर कुंवर सिंह पार्क के पश्चिमी गेट (आर ब्लॉक के निकट) से प्रवेश कर कतारबद्ध तरीके से वीर कुंवर सिंह पार्क, जीपीओ गोलंबर होते हुए महावीर मंदिर तक जायेंगे एवं दर्शन के बाद डाकबंगला रोड की तरफ से निकलेंगे। प्रसाद लेकर जाने वाले दर्शनार्थियों के वाहनों के पार्किंग की व्यवस्था वीरचंद पटेल पथ स्थित मिलर हाईस्कूल के मैदान एवं पथ परिवहन निगम कार्यालय के परिसर में होगी। आर ब्लॉक से जीपीओ और पटना जंक्शन की तरफ किसी भी वाहनों का परिचालन नहीं होगा। इसके अलावा बुद्ध मार्ग होकर दर्शनार्थियों की कतार नहीं लगेगी। प्रसाद एवं फूल-माला आदि के विक्रय के लिए वीर कुंवर सिंह पार्क के पश्चिमी छोर का उपयोग किया जा सकता है। अदालतगंज रोड में पूरब से पश्चिम यातायात वन-वे रहेगा।

## देशी पिस्टल व कारतूस के साथ एक अपराधी गिरफ्तार



**पूर्वी चंपारण** :आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर एसपी कांतेश कुमार मिश्र के निर्देश पर अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के दौरान हरसिद्धि थाना क्षेत्र के भादा पुल के समीप छापेमारी कर एक अपराधी को 01 देशी पिस्टल एवं 02 कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया है।पकड़े गये अपराधी की पहचान जिले के संग्रामपुर थाना क्षेत्र के अशोक ठाकुर के रूप में हुई है। पुलिस ने इसके पास से एक देशी पिस्टल,दो जिंदा कारतूस व एक बाइक बरामद किया है। बताया गया कि पकड़े गये अशोक ठाकुर का अपराधिक इतिहास है। इस पर हरसिद्धि में लूट के दो और आर्म्स एक्ट के एक मामला दर्ज है।फिलहाल हरसिद्धि थाना द्वारा इस संदर्भ में कांड दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। छापेमारी टीम का नेतृत्व अरेराज डीएसपी रंजन कुमार ने किया जबकि टीम में हरसिद्धि थानाध्यक्ष नवीन कुमार,एसआई रविरंजन,सुबोध व हरसिद्धि शामिल रहे।

# कुलपति पर धार्मिक भेदभाव व तुष्टीकरण का लगा आरोप

**सहरसा/मधेपुरा** : अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जिला इकाई द्वारा वर्तमान मंडल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर बालेंदु शेखर झा पर धार्मिक भेदभाव करने का आरोप लगाया गया है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रदेश विधि विद्यार्थी कार्य संयोजक ने कहा है कि भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय अपने स्थापना काल से ही सामाजिक न्याय, धर्मनिरपेक्षता एवं समरसता का प्रतीक के रूप में पूरे बिहार में जाना जाता रहा है।मंडल विश्वविद्यालय में कभी भी धार्मिक स्तर पर किसी के साथ आज तक भेदभाव किसी कुलपति या किसी अधिकारी ने नहीं किया है लेकिन जैसे ही श्री झा की नियुक्ति हुई।इन्होंने विश्वविद्यालय में कट्टरपंथी एवं चरमपंथी लोगों के प्रभाव में आकर अभी गत दिनों इफ्तार पार्टी का आयोजन विश्वविद्यालय के अतिथि गृह में अपने देखरेख में करवाया। जबकि यह विश्वविद्यालय के परंपरा के अनुरूप नहीं है।अगर इस प्रकार से इफ्तार की पार्टी अतिथि गृह में हो सकती है तो कल को कई सारे हिंदू पर्व एवं सिखों के पर्व साथ ही साथ ईसाइयों के पर्व को भी अतिथि गृह में मनाए जाने पर किसी प्रकार का कोई संकोच नहीं होना चाहिए।विश्वविद्यालय परिवार में सभी धर्म के लोग आपस में आपसी सौहार्दपूर्ण मिल जुल कर रहते हैं। इतना ही नहीं जब कुछ छात्र संगठनों के द्वारा होली मिलन समारोह की बात कही गई तो उन्होंने होली मिलन समारोह आयोजन में शामिल होने से मना कर दिया। जिस कारण भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय कई सारे छात्र-छात्राओं, कर्मचारी, शिक्षकों में भी काफी नाराजगी है। मंडल विश्वविद्यालय के इतिहास में आज तक इस प्रकार से अतिथि गृह में किसी कुलपति ने कभी भी इफ्तार पार्टी नही मनाई थी।प्रांत सह मंत्री मनीष चौपाल ने कहा कि वर्तमान कुलपति अतिथि गृह में बिना प्रक्रिया को पूर्ण किए हुए ही इस प्रकार के आयोजन को किया है ।जब सोशल मीडिया पर इफ्तार पार्टी के आयोजन को लेकर विश्व विद्यालय प्रशासन की किरकिरी हुई तो आयोजन समाप्ति के बाद अतिथि गृह का शुल्क आनन फानन में जमा किया है ।जबकि कार्यक्रम के आयोजन से पूर्व ही राशि जमा करने का नियम है।उक्त प्रकरण को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद वर्तमान कुलपति के क्रियाकलापों को लेकर राजभवन को पत्र लिखेगी।साथ ही साथ महामहिम से आग्रह करेगी कि इस प्रकार के कुलपति जो धर्म के आधार पर भेदभाव करने वाले, एक ही व्यक्ति को कई पदों पर बिठाने वाले तथा एक राजनीतिक दल के लोगों को विश्वविद्यालय के कई समितियों में तुष्टीकरण के लिए देकर एक खास राजनीतिक दल के एजेंट के रूप में काम कर रहे हैं उनपर कारवाई की जाय।वर्तमान कुलपति जब से विश्वविद्यालय का पदभार ग्रहण किया है तब से इन्होंने एक दल विशेष के लोगों को विश्वविद्यालय के सभी पदों पर सभी समितियां के सदस्य के रूप में बिठाने का काम शुरू कर दिया है।

राष्ट्रवादी विचारों से संबंधित लोगों पर झूठे आरोप लगवा कर उन्हें पद से हटाने के लिए वर्तमान कुलपति आतुर रहते हैं। अभी हाल ही में बिना जांच किए हुए केवल एक आरोप लगाने मात्र पर एक विश्वविद्यालय के अधिकारी का उनके पद से त्यागपत्र ले लिया गया।वही जिला सह संयोजक कृष्ण कांत गुप्ता ने कहा है ।




### सेब बगीचे में पेड़ पर लटका मिला महिला का शव लटका

**शिमला** : जिला शिमला के जुब्बल थाना क्षेत्र में सेब बगीचे में पेड़ से एक महिला का शव लटका मिला है। महिला के गले में चुन्नी का फंदा लगा मिला। महिला ने आत्महत्या की या फिर किसी ने हत्या का शव पेड़ से लटका दिया है, पुलिस दोनों पहलू से जांच कर रही है। घटना जुब्बल के स्नाबा गांव की है।मृतक महिला की पहचान 22 वर्षीय मनीषा के रूप में हुई है। मनीषा नेपाली मूल की थी और स्नाबा में पति संग रह रही थी। उसका एक छोटा बच्चा है। नेपाली दम्पति जुब्बल में बागवान के पास मजदूरी करती है।रविवार शाम स्थानीय लोगों ने बगीचे में शव देखकर ग्राम पंचायत के उपप्रधान को सूचना दी। इसके बाद जुब्बल पुलिस को घटना के बारे में बताया गया।

## एक झलक

### पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर, कच्चा तेल 91 डॉलर प्रति बैरल के करीब

**नयी दिल्ली** : अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में उतार-चढ़ाव थम नहीं रहा। ब्रेंट क्रूड 91 डॉलर और डब्ल्यूटीआई क्रूड 86 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने सोमवार को पेट्रोल-डीजल के मूल्य में कोई बदलाव नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक,दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये, डीजल 87.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये, डीजल 92.15 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 103.94 रुपये, डीजल 90.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपये, डीजल 92.34 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है।
अंतर्राष्ट्रीय बाजार में इस सप्ताह के पहले दिन शुरूआती कारोबार में ब्रेंड क्रूड 0.08 डॉलर यानी 0.09 फीसदी की गिरावट के साथ 90.37 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है। वहीं, वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड 0.23 डॉलर यानी 0.27 फीसदी लुढ़ककर 85.38 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

### सोनी सब के 'वंशज' में युक्ति ने रची एक कुटिल चाल

**मुंबई** : सोनी सब का शो 'वंशज' के एपिसोड्स में, युक्ति मुल्तानी अपनी माँ भूमि को अपनी असली पहचान बताती है कि वह ही युविका है, और यह भी कि वह अपने परिवार की खुशियों को बर्बाद करने वाले अपने भाई डीजे से बदला लेना चाहती है। आगामी एपिसोड्स में अंजलि तत्रारी कहती हैं, युक्ति का डीजे को चतुराई से हराने और महाजन साम्राज्य का पूरा नियंत्रण हासिल करने का मिशन तेज हो गया है। भूमि को अपनी असली पहचान बताने के बाद युक्ति बड़ी योजना बना रही है। भूमि युक्ति के तरीकों का विरोध करती है, इस डर से कि ये तरीके महाजनों से मिलते-जुलते हैं, यह विचार युविका के दिवंगत पिता प्रेमराज ने भी व्यक्त किया था। हालांकि, युक्ति का कहना है कि सत्ता की इस लड़ाई में जीतने का यही एकमात्र तरीका है। गार्गी और कोयल के बीच प्रचंड दुश्मनी सामने आने पर दर्शक कई उतार-चढ़ावों वाले नाटकीय रोलरकोस्टर की उम्मीद कर सकते हैं।

### ग्लोबल मार्केट से कमजोरी के संकेत, एशियाई बाजार में भी गिरावट

**नयी दिल्ली** : ग्लोबल मार्केट से कमजोरी के संकेत मिल रहे हैं। पिछले सत्र के दौरान अमेरिकी बाजार में गिरावट का दबाव बना रहा। हालांकि डाउ जॉन्स फ्यूचर्स मामूली बढ़त के साथ कारोबार करता नजर आ रहा है। अमेरिकी बाजार की तरह ही यूरोपीय बाजार भी पिछले सत्र में दबाव में कारोबार करते नजर आए। एशियाई बाजार में भी आज आमतौर पर गिरावट का रुख बना हुआ है। अमेरिका में शुक्रवार को आए महंगाई के आंकड़ों के बाद अमेरिकी बाजार 1.5 प्रतिशत तक लुढ़क गए। डाउ जॉन्स 475 अंक टूट कर बंद हुआ। इसी तरह एसएंडपी 500 इंडेक्स ने 1.46 प्रतिशत की गिरावट के साथ 5,123.41 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा नैस्डेक 270.80 अंक यानी 1.65 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 16,171.40 अंक के स्तर पर बंद हुआ। हालांकि डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज फिलहाल 0.16 प्रतिशत की मजबूती के साथ 38,044.15 अंक के स्तर पर कारोबार करता नजर आ रहा है।

# सेंसेक्स-निफ्टी में 01 प्रतिशत से ज्यादा गिरावट



**नयी दिल्ली** : ग्लोबल मार्केट में मची उथल-पुथल के कारण घरेलू शेयर बाजार भी बड़ी गिरावट के साथ बंद हुआ। कारोबार की शुरूआत कमजोरी के साथ होने के बावजूद दिन के पहले सत्र के कारोबार में खरीदारों ने लिवाली का जोर बना कर बाजार को सहारा देने की कोशिश की। पहले सत्र के अंत में ही बिकवाल पूरी तरह से बाजार पर हावी हो गए, जिसकी वजह से सेंसेक्स 1.14 प्रतिशत और निफ्टी 1.10 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुए। दिन भर के कारोबार के दौरान आईटी, बैंकिंग और रियल्टी सेक्टर के शेयरों में जम कर बिकवाली होती रही। इसी तरह फार्मास्यूटिकल, एफएमसीजी और ऑटोमोबाइल इंडेक्स भी गिरावट के साथ बंद हुए। दूसरी ओर, ऑयल एंड गैस और मेटल सेक्टर के शेयरों में मामूली खरीदारी होती नजर आई। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार दबाव बना रहा, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 1.50 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 1.54 प्रतिशत फिसल कर आज के कारोबार का अंत किया। बाजार की कमजोरी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में करीब 5 लाख करोड़ रुपये से की कमी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद घट कर 394.73 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। पिछले सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 399.67 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 4.94 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हो गया।
दिन भर के कारोबार में बीएसई में 4,049 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 917 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 2,984 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 148 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,255 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 381 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 1,874 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 5 शेयर बढ़त के साथ और 25 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। निफ्टी में शामिल शेयरों में से 6 शेयर हरे निशान में और 44 शेयर लाल निशान में बंद हुए। ईरान और इजरायल के बीच बने तनाव की वजह से बीएसई का सेंसेक्स आज 929.74 अंक टूट कर 73,315.16 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होने के बाद खरीदारों ने लिवाली का जोर बनाने की कोशिश की, जिसके सपोर्ट से दोपहर 11 बजे के थोड़ी देर पहले ये सूचकांक निचले स्तर से करीब 600 अंक की रिकवरी करके 73,905.80 अंक तक पहुंचने में सफल रहा। इसके बाद बाजार पर एक बार फिर बिकवाली का दबाव बन गया, जिसकी वजह से ये सूचकांक लगातार गिरता चला गया।

## थोक महंगाई दर मार्च में मामूली बढ़ कर 0.53 फीसदी पर, फरवरी में थी 0.20 फीसदी

**नयी दिल्ली** : देश में सब्जियों, आलू, प्याज और कच्चे तेल की कीमतों में इजाफे के कारण मार्च में थोक महंगाई दर मामूली बढ़कर 0.53 फीसदी पर पहुंच गई है। इसी साल फरवरी में यह दर 0.20 फीसदी रही थी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की ओर से सोमवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) पर आधारित थोक महंगाई दर सालाना आधार पर मार्च, 2024 में 0.53 फीसदी रही। इससे पिछले महीने फरवरी में यह 0.20 फीसदी रही थी। दरअसल, डब्ल्यूपीआई आधारित थोक महंगाई दर अप्रैल से अक्टूबर तक लगातार शून्य से नीचे बनी हुई थी। हालांकि, नवंबर, 2023 में यह 0.26 फीसदी रही थी, जबकि दिसंबर, 2022 में यह 5.02 फीसदी के स्तर पर थी। मंत्रालय के जारी आंकड़ों के मुताबिक आलू की महंगाई मार्च, 2023 में 25.59 फीसदी थी, जो मार्च, 2024 में 52.96 फीसदी रही है। इसी तरह प्याज की महंगाई 56.99 फीसदी रही है, जो मार्च, 2023 में शून्य से नीचे 36.83 फीसदी थी। आंकड़ों के अनुसार वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतें बढ़ने से मार्च में कच्चे पेट्रोलियम खंड में महंगाई 10.26 फीसदी बढ़ गई है। हालांकि, ईंधन और बिजली की महंगाई मार्च में शून्य से 0.77 फीसदी घटी है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) की ओर से पिछले हफ्ते जारी सीपीआई पर आधारित खुदरा महंगाई दर खाद्य पदार्थों की कीमतों में गिरावट के कारण घटकर पांच महीने के निचले स्तर 4.85 फीसदी पर आ गई है लेकिन खाद्य पदार्थों की महंगाई मार्च में 8.52 फीसदी रही, जो फरवरी में 8.66 फीसदी थी।

## रिलायंस रिटेल ब्यूटी ब्रांड 'टीरा' ने लॉन्च की एक्सेसरीज रेंज 'टीरा टूल्स'



**मुंबई** : रिलायंस रिटेल की टीरा ब्यूटी ने अपना नया ब्रांड 'टीरा टूल्स' लॉन्च किया है। यह ब्रांड आधुनिक लोगों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए सुंदरता सामग्री की एक विशिष्ट लाइन है। टीरा टूल्स में अलग-अलग प्रकार की सामग्री शामिल हैं जैसे प्रो मेकअप ब्रश, फेसियल रोलर्स और ब्यूटी स्पॉंज। ब्रांड का उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता और गुणवत्ता पर ध्यान केन्द्रित है।
टीरा टूल्स के कलेक्शन में सबसे खास 'प्रो आर्टिस्ट्री किट्स' हैं, जो पेशेवर मेकअप आर्टिस्ट्स और ब्यूटी एन्थ्यूजियस्ट्स की मांगों को पूरा करने के लिए तैयार किये गये हैं। इसके अलावा, ब्यूटी स्पॉंज में नवीन डिजाइन है, जबकि फेसियल रोलर्स और गुआ शा टूल्स में प्रीमियम गुणवत्ता की सामग्री है। टीरा टूल्स ने नैतिक मानकों को प्राथमिकता दी है और इसके सभी प्रोडक्ट्स विशेषज्ञों द्वारा सत्यापित है। टीरा टूल्स को ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों में उपलब्ध कराया जा रहा है।

### क्रिप्टो करेंसी मार्केट में रौनक, टॉप 10 की 09 करेंसी मजबूती के साथ ग्रीन जोन में

**नयी दिल्ली** : क्रिप्टो करेंसी मार्केट में सोमवार को रौनक छाई हुई है। मार्केट कैप के लिहाज से टॉप-10 क्रिप्टो करेंसीज में से सिर्फ यूएसडी कॉइन मामूली गिरावट के साथ रेड जोन में कारोबार कर रहा है। बिटकॉइन और एथेरियम समेत 9 क्रिप्टो करेंसी मजबूती के साथ ग्रीन जोन में कारोबार करती नजर आ रही हैं। कारोबार में दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी बिटकॉइन में 3 प्रतिशत से ज्यादा की तेजी दर्ज की गई है। दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी एथेरियम भी आज 7 प्रतिशत से अधिक उछल गई है। भारत में क्रिप्टो करेंसी का कारोबार करने के लिए अधिकृत एजेंसी कॉइन मार्केट कैप के मुताबिक भारतीय समय के हिसाब से शाम 6 बजे तक बिटकॉइन 3.26 प्रतिशत की मजबूती के साथ 66,163.78 डॉलर यानी 55.20 लाख रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

## सर्राफा बाजार में मिला-जुला कारोबार, चेन्नई में सोना 74,700 के पार



**नयी दिल्ली** : घरेलू सर्राफा बाजार में मिला-जुला कारोबार होता नजर आ रहा है। देश के कुछ सरार्फा बाजारों में सोने के भाव में तेजी आई है, वहीं कुछ सर्राफा बाजारों में सोने में गिरावट का रुख नजर आ रहा है। आज के काराबोर में मुंबई, दिल्ली और अहमदाबाद में सोने की कीमत में कमजोरी आई है, वहीं चेन्नई में सोना महंगा होकर 74,700 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर के ऊपर चला गया है। चांदी में भी आज गिरावट का रुख नजर आ रहा है। इस गिरावट के कारण आज दिल्ली सरार्फा बाजार में चांदी 85,400 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 72,690 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 66,640 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई। इसी तरह मुंबई में 24 कैरेट सोना 72,540 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 66,490 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जबकि चेन्नई में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 74,790 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 68,560 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा अहमदाबाद में 24 कैरेट सोना आज 72,590 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 66,540 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 72,540 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 66,490 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंचा हुआ है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 72,6900 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 66,640 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 72,590 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 66,540 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 72,690 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 66,640 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी सोने की कीमत में आज कमजोरी दर्ज की गई है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 72,540 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

## गम्हरिया में स्पेशलिटी विष्णु हेल्थ क्लिनिक का शुभारम्भ



**जमशेदपुर** : टाटा-कांड्रा मार्ग के किनारे गम्हरिया स्थित दयाल सिटी टावर में समर्पित सुगर एवं थाइराइड स्पेशलिटी बिष्णु हेल्थ क्लिनिक खोला गया जिसका उदघाटन डॉ0 कल्याण कुमार ने विधिवत फीता काटकर किया। इस मौके पर उन्होंने बताया कि अब गम्हरिया के लोगों को एक ही छत के नीचे कई रोगों का निदान हो सकेगा। उन्होंने बताया कि इस क्लिनिक में एचबीआईसी स्क्रीनिंग, कार्डियक स्क्रीनिंग, वीपीटी, आरबीएस, ईसीजी आदि की सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी। इसके साथ ही, मरीजों को थाइराइड, सुगर आदि का परामर्श दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि 30 अप्रैल सप्ताह तक निःशुल्क परामर्श दिया जायेगा और स्क्रीनिंग प्रोसेस की प्रक्रिया भी निःशुल्क रहेगी। क्लिनिक उदघाटन के अवसर पर कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### 'मैडनेस मचायेंगे-इंडिया को हंसायेंगे' में शक्ति कपूर



**मैडनेस** मचाएंगे - इंडिया को हंसाएंगे में खास मेहमान के रूप में दिखाई देंगे। इस एपिसोड में, दर्शकों को दिलचस्प बात भी पता चलेगी, जिसमें हुमा कुरेशी पहली बार किसी सेलिब्रिटी से मिलने के बारे में बताएंगी, और यह सेलिब्रिटी कोई और नहीं बल्कि खुद शक्ति कपूर थे। इस मस्ती में शक्ति कपूर की मजेदार कमेंट्री मनोरंजन को और भी बढ़ा देगी। मेजबान हर्ष गुजराल मंच पर एक स्टैंड-अप परफॉर्मेंस देंगे, जो पुरुषों के अजीब और मासूम बर्ताव पर प्रकाश डालता है, जिसे शक्ति कपूर और हुमा कुरेशी दोनों से तारीफ और सम्मान मिलता है। कुशाल बद्रीके के साथ मिलकर, प्रसिद्ध अभिनेत्री और कॉमेडियन चित्राशी रावत पप्पू जेरॉक्स गैग का हिस्सा बनेंगी, जहां एक अमीर लड़की अपने शक्की पिता को अपने बॉयफ्रेंड के बारे में कहानियां सुनाती है जिससे कॉमेडिक उथलपुथल मच जाती है।

## दीपिका पादुकोण के ब्रांड '82°E' ने की रिलायंस रिटेल के 'टीरा' संग साझेदारी




**मुंबई** : ग्लोबल इंडियन आइकॉन दीपिका पादुकोण के सेल्फ-केयर ब्रांड 82°E ने रिलायंस रिटेल के ब्यूटी प्लेटफॉर्म टीरा (TIRA) के साथ साझेदारी की घोषणा की। दीपिका का ब्रांड अब टीरा के ऑनलाइन और ऑफलाइन प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध होगा। 82°E स्किनकेयर और बॉडी केयर प्रोडक्ट के साथ पुरुषों के लिए भी एक खास रेंज लेकर आया है। इसमें अश्वगंधा बाउंस, लोटस स्प्लैश और हल्दी शील्ड जैसे सबसे ज्यादा बिकने वाले उत्पाद TIRA पर उपलब्ध होंगे। टीरा ऐप, वेबसाइट से इन्हें खरीदा जा सकता है। शुरूआत में 82°E के प्रोडक्ट मुंबई, दिल्ली, बेंगलुरु और पुणें में टीरा ऑफलाइन स्टोर्स पर उपलब्ध होंगे, जिन्हें बाद में अन्य शहरों में भी उपलब्ध कराया जायेगा। रिलायंस रिटेल वेंचर्स लिमिटेड की कार्यकारी निदेशक, ईशा एम अंबानी ने कहा, 'हम 82°E के साथ साझेदारी करके उत्साहित हैं, जो सेल्फ केयर का एक प्रसिद्ध ब्रांड है। यह साझेदारी टीरा के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाती है और हमें अपने ग्राहकों को प्रीमियम स्कीन केयर प्रोडक्ट्स पहुंचाने में मदद करती है। साथ मिल कर, हमारा लक्ष्य पहली बार ऑफलाइन रिटेल में 82°E उत्पादों को पेश करना है।''
फिल्मस्टार और 82°E की सह-संस्थापक, दीपिका पादुकोण ने कहा, हमें यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि 82°E अब टीरा के ऑनलाइन और स्टोर्स पर उपलब्ध है। स्किन केयर को सरल बनाना और सेल्फ केयर को हमारे रोजमर्रा के जीवन का हिस्सा बनाना हमारा उद्देश्य है। टीरा के ऑनलाइन और ऑफलाइन प्लेटफॉर्म पर हम 82°E के बेस्टसेलर प्रोडक्ट जैसे 82°E स्किनकेयर, 82°E बॉडी केयर और 82°E मैन लेकर आ रहे हैं।
उपभोक्ता टीरा ऐप, वेबसाइट और चुनिंदा टीरा स्टोर्स से 82°E प्रोडक्ट्स को खरीद सकते हैं।

**स्टोर्स जिन पर प्रोडक्ट उपलब्ध हैं**

- जियो वर्ल्ड ड्राइव, मुंबई
- विवियाना मॉल, ठाणे, मुंबई कोपा, पुणे
- मॉल ऑफ एशिया, बेंगलुरु
- डीएलएफ साकेत, नयी दिल्ली

## पेज एक के शेष

**रामनवमी पर रामलला के ब्रह्म मुहूर्त से रात्रि 11 बजे तक होंगे दर्शन : चम्पत राय...**
जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र की ओर से श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए किया गया है। इसका सीधा प्रसारण उपलब्ध रहेगा।
उन्होंने सभी सम्मानित श्रद्धालुओं से अनुरोध किया कि केवल रामनवमी के दिन सभी कार्यक्रमों का आनन्द घर बैठे अथवा जो जहां हो, मोबाइल पर, टेलीविजन पर और स्थान-स्थान पर लगी हुई एल.ई.डी. स्क्रीन पर देख कर, प्रभु श्री राम जी की कृपा प्राप्त कर, जीवन धन्य करें और राम नवमी के पश्चात अपनी सुविधानुसार अयोध्या धाम आकर प्रभु श्री रामलला जी के दर्शन लाभ कर, प्रसाद ग्रहण करें। उन्होंने कहा कि राम नवमी के दिन अनावश्यक भाग-दौड़ और परेशानी से बचें।

**भाजपा का संकल्प पत्र देश के विकास का संकल्प : मोदी...**
सौहार्द्र बिगाड़नेवालों को सरकारी संरक्षण मिलता है, जिससे हमारे बच्चों की सुरक्षा को भी खतरा होता है।
मौजूदा शासन पर तीखा कटाक्ष करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, 'तीन साल तक, सीपीएम मुख्यमंत्री ने सहकारी घोटाले के पीड़ितों के लिए न्याय का झूठा वादा किया। यह आपके सेवक मोदी थे, जिनके नेतृत्व में जांच शुरू की गयी, जिससे दोषियों की 90 करोड़ रुपये की सम्पत्ति जब्त की गयी। पीड़ितों को धनराशि की वापसी सुनिश्चित करने के लिए कानूनी सलाह मांगी गयी है। भाजपा सरकार पहले ही देशभर में घोटाला पीड़ितों को 17,000 करोड़ रुपये वापस कर चुकी है। निश्चिंत रहें, इस भ्रष्ट योजना में खोये गये धन को वापस पाने के लिए हर सम्भव प्रयास किया जायेगा।'

**भारत में राम राज्य बनने से अब कोई नहीं रोक सकता : राजनाथ...**
तो आज भारत विश्व के 5वीं अर्थव्यवस्था पर खड़ा होता, लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया।
उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकारों ने बड़े-बड़े घोषणा पत्रों में जो वादे किये थे, उन पर खरा नहीं उतरीं। लेकिन, देश में भाजपा सरकार बनी, तो उन्होंने सबसे पहले जम्मू कश्मीर में धारा 370 को निरस्त किया। यह वादा मोदी सरकार ने जम्मू कश्मीर की जनता के साथ किया था और आज पूरा हुआ है। कांग्रेस 1984 से एक ही नारा देती रही कि राम मंदिर बनायेंगे, लेकिन 30 वर्ष बीत जाने के बाद वहां पर कोई भी राम मंदिर नहीं बनाया गया। लेकिन, मोदी जी की सरकार ने मात्र 10 वर्षों के अंदर ही राम जी का मंदिर बना दिया, जिसकी प्राण प्रतिष्ठा मोदी जी ने की।
यूनिफॉर्म सिविल कोड पर राजनाथ सिंह ने कहा कि हमने डंके की चोट पर 05 वर्षों के अंदर समान नागरिक संहिता लागू की, लेकिन इस पर भी कुछ दल अफवाहें उड़ा रहे हैं। इसे लेकर लोगों को गुमराह किया जा रहा है। राजनाथ सिंह ने लोगों को आश्वासन दिया कि सीएए के कार्यान्वयन के बाद कोई भी भारतीय नागरिक अपनी नागरिकता नहीं खोयेगा, जबकि भाजपा अगले पांच वर्षों में पार्टी घोषणापत्र में किये गये वादे के अनुसार समान नागरिक संहिता को लागू करने का अपना वादा निभायेगी। तीन तलाक पर राजनाथ सिंह ने कहा कि चाहे उनकी पार्टी सरकार बनाये या न बनाये, महिलाओं की गरिमा और सम्मान पर हमला उन्हें स्वीकार्य नहीं है।
राहुल गांधी और प्रियंका पर तंज कसते हुए कहा कि भारत जोड़ो यात्रा समाप्त करने के बाद राहुल गांधी और प्रियंका गुलमर्ग में बर्फ के साथ खेलते नजर आये थे, यह तभी सम्भव हुआ है जब अनुच्छेद 370 को हटाया गया है। सिंह ने कहा कि यहां के कुछ राजनीतिक दलों ने कहा था कि जब अनुच्छेद 370 समाप्त होगा, तो जहां पर तिरंगा उठानेवाला कोई नहीं रहेगा। लेकिन, आज जम्मू कश्मीर के हर घर और कोने-कोने में तिरंगा है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने जम्मू-कश्मीर को ब्याज सहित चीजें लौटायी हैं। जम्मू-कश्मीर विकास और प्रगति के पथ पर तेजी से आगे बढ़ रहा है।

**भाजपा के संकल्प पत्र से विकसित व समृद्ध भारत की गारंटी : गोयल...**
करने और अपने जीवन को आसान बनाने के कई अवसर दिये गये। आज 80 करोड़ नागरिकों को मुफ्त अनाज, उज्वला योजना से 10 करोड़ से अधिक महिलाओं का स्वास्थ्य सुधार, जल जीवन मिशन के तहत 14 करोड़ परिवारों को पीने का पानी और अन्य अनेक योजनाओं से 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर आ गये हैं।
गोयल ने यह भी बताया कि मोदी सरकार ने वर्ष 2014 और वर्ष 2019 में किये गये अधिकांश वादे पूरे कर दिये हैं। उन्होंने कहा कि राम मंदिर का निर्माण, धारा 370 को रद्द करना, तीन तलाक कानून को रद्द करना, नारी शक्ति वंदन कानून, नागरिकता संशोधन कानून इनमे से कुछ चुनिंदा उदाहरण हैं।
गोयल ने कहा कि पिछले 10 वर्ष में मोदी सरकार ने चार करोड़ गरीबों को पक्का घर दिया है और तीन करोड़ लोगों को घर देने की गारंटी मोदी ने संकल्प पत्र में दी है। इसके अलावा 70 साल से अधिक उम्र के सभी लोगों को आयुष्मान योजना का लाभ, गरीबों के लिए मुफ्त अनाज योजना अगले 5 वर्ष तक जारी रखना, सूर्य घर योजना का विस्तार, उज्ज्वला गैस योजना का पाइप गैस योजना तक विस्तार, दो करोड़ छोटे किसानों के लिए श्रीअन्न योजना का विस्तार, तीन करोड़ लखपति दीदी को लक्षित करने और मुद्रा योजना के तहत ऋण राशि को 10 लाख से बढ़ाकर 20 करने की गारंटी दी गयी है। गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी भारत को वर्ष भ्रष्टाचार मुक्त और नशा मुक्त बनाना चाहते हैं और इसके लिए उन्हें सभी के आशीर्वाद की जरूरत है। वर्ष 2024 का यह चुनाव हमारे देश का भाग्य तय करेगा। इस अवसर पर प्रदेश मुख्य प्रवक्ता केशव उपाध्ये, मीडिया विभाग के प्रमुख नवनाथ बन, प्रवक्ता ओमप्रकाश चौहान समेत अन्य मौजूद थे।

**खूंटी में कमल खिला कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पास पहुंचायें : अर्जुन मुंडा...**
बनाये और ऐसा नेता केवल नरेन्द्र मोदी ही हैं। उन्होंने कहा कि खूंटी से भी एक कमल का फूल खिलायें। तोरपा विधायक कोचे मुंडा ने कहा कि भाजपा के संकल्प पत्र से दिखाई पड़ता है कि आनेवाले समय में देश विकसित राष्ट्र बनेगा। खूंटी से कोई और जितेगा, तो केवल संख्या बल बढ़ाने का काम करेगा, अर्जुन मुंडा को जितायेंगे, तो वह प्रधानमंत्री के कैबिनेट में शामिल होंगे। सभा को खूंटी प्रभारी रवीन्द्र राय ने भी सम्बोधित किया। मौके पर सत्यनारायण सिंह, काशीनाथ महतो, संतोष जायसवाल सहित अन्य उपस्थित थे।

**झामुमो और झापा के कई कार्यकर्ताओं ने थामा भाजपा का दामन**
**खूंटी** संसदीय क्षेत्र के बानो प्रखंड के झामुमो और झारखंड पार्टी के कई कार्यकर्ताओं ने सोमवार को भाजपा का दामन थाम लिया। खूंटी में भाजपा के चुनाव चुनाव कार्यालय के उद्घाटन के बाद भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा और लोकसभा प्रभारी रवीन्द्र राय ने माला पहना कर और पार्टी का पट्टा देकर उन्हें पार्टी में शामिल कराया। भाजपा में शामिल होनेवाले लोगों ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नीति-सिद्धांत से प्रभावित होकर वे भाजपा में शामिल हो रहे हैं। भाजपा का दमन थामनेवालों में झामुमो के बानो प्रखंड अध्यक्ष ललित बड़ाईक, प्रखंड सचिव कपिल कांत सिंह, अनुसूचित जाति प्रखंड अध्यक्ष श्रवण राम, अमर सिंह, हेमनाथ सिंह, बिलसन हेमरोम, कमल बड़ाईक, जोसेफ मुंडा, चमना मुंडा, बिनरल मुंडा, राहुल लहेरी, विकास खुराना के अलावा झारखण्ड पार्टी के पंचायत अध्यक्ष परमानंद सिंह, राजीव कुमार सिंह, पिंकू सिंह, रिंकू सिंह सहित अन्य कई लोग शामिल हैं।

**झारखंड हाई कोर्ट ने लेक्चरर नियुक्ति गड़बड़ी मामले में राज्य सरकार व जेपीएससी से मांगा विस्तृत जवाब...**
वर्ष 2008-2009 में जेपीएससी की ओर से व्याख्याता पद पर नियुक्ति के लिए रिजल्ट निकाला गया था। इस मामले में गड़बड़ी का आरोप लगाया गया था। बाद में मामले की जांच सीबीआई को सौंपी गयी।

**नड्डा ने विपक्ष की पार्टियों को लिया आड़े हाथ...**
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संकल्प लिया है कि चार जून के बाद भ्रष्टाचारियों पर और तेज कार्रवाई होगी।

**अखिलेश ने लैपटॉप, तो लालू ने किया चारा घोटाला**
**टिहरी** लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत मसूरी की विजय संकल्प जनसभा में भाजपा अध्यक्ष नड्डा ने कहा कि कांग्रेस ने अपने कार्यकाल में बोफोर्स, अगस्ता वेस्टलैंड, पनडुब्बी, कोयला, 2जी सहित कई घोटाले किये। अखिलेश ने लैपटॉप, तो लालू ने चारा घोटाला किया। इन सब घोटालों में घोटाले और परिवार की पार्टियां हैं। उन्होंने टिहरी गढ़वाल सीट से भाजपा उम्मीदवार माला राज्यलक्ष्मी शाह के समर्थन लोगों से वोट करने की अपील की।

**70 वर्ष से अधिक उम्र के हर व्यक्ति और किन्नर समाज को भी आयुष्मान योजना से जोड़ेगी भाजपा**
**नड्डा** ने कहा कि भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में 70 वर्ष से ऊपर के हर वर्ग के व्यक्ति को आयुष्मान भारत का लाभ दिये जाने की बात कही है। साथ ही, किन्नर समाज के लोगों को भी आयुष्मान भारत योजना से जोड़ा जायेगा। केदारनाथ का पुनर्निर्माण का कार्य हुआ है। मसूरी में पर्यटन के कई विकास कार्य जारी हैं। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड यूनिफॉर्म सिविल कोड में नम्बर वन रहा है।

## एक झलक

### अचानक बाढ़ आने से 33 लोगों की मौत

**काबुल** : भारी बारिश के चलते अफगानिस्तान में अचानक आई बाढ़ के कारण तीन दिन में कम से कम 33 लोगों की मौत हो गई और 27 लोग गंभीर रुप से घायल हो गए हैं। प्राकृतिक आपदा प्रबंधन मंत्रालय के लिए तालिबानी प्रवक्ता अब्दुल्ला जनान सैक ने बाढ़ संबंधी जानकारी देते हुए बताया, कि राजधानी काबुल और कई प्रांतों में अचानक बाढ़ आ गई है। बाढ़ के कारण 600 से अधिक मकान नष्ट या क्षतिग्रस्त हो गए जबकि करीब 200 मवेशियों की मौत हो गई है। बाढ़ से 800 हेक्टेयर कृषि भूमि भी नष्ट हो गई है। उन्होंने बताया कि अचानक बाढ़ से 85 किलोमीटर से अधिक का सड़क मार्ग भी क्षतिग्रस्त हो गया है। बाढ़ से पश्चिमी फराह, हेरात, दक्षिणी जाबुल और कंधार प्रांतों में सबसे अधिक नुकसान हुआ है। मौसम विभाग ने अफगानिस्तान के 34 प्रांतों में से अधिकांश में आने वाले दिनों में और बारिश होने का अनुमान जताया है।

### ऑस्ट्रेलिया में अपनों के खोने के गम में डूबे लोग

**सिडनी** : ऑस्ट्रेलिया में सिडनी के उपनगर बौंडी जंक्शन के लोग अपनों के खोने के गम में अब भी डूबे हैं। एक सिरफिरे चाकूबाज के हमले में छह लोगों की मौत से लोग उबर नहीं पा रहे। सामूहिक हत्याकांड के एक दिन बार रविवार को लोग बौंडी जंक्शन में बड़ी संख्या में एकत्र हुए और मृतकों की आत्मा की शांति के लिए बनवाए गए स्मारक में फूल चढ़ाए। अमेरिकी समाचार पत्र द न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, इस घातक हमले से ऑस्ट्रेलिया सहम गया है। ऑस्ट्रेलियाई पुलिस अभी तक सिडनी में हत्यारे का मकसद निर्धारित नहीं कर पाई है। एक पुलिस अधिकारी ने कहा है कि हमलावर को मार गिराया गया है। पुलिस ने कहा है कि वह मानसिक रूप से बीमार था।

### भारी बारिश व भूस्खलन से 15 लोगों की मौत

**इडियोफा** : दक्षिण पश्चिम कांगो में भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन में रविवार को कम से कम 15 लोगों की मौत हो गयी और 60 लोग लापता हो गए। स्थानीय अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। इडियोफा शहर के निकट बंदरगाह से कुछ दूरी पर शनिवार को हुए भूस्खलन के बाद सात लोग जीवित पाए गए हैं। स्थानीय अधिकारी ढेधे मुपासा ने रविवार को संवाददाताओं से कहा कि बंदरगाह से आगे एक पहाड़ी है और बारिश के कारण पहाड़ की मिट्टी खिसक गयी है। प्रांत के अंतरिम गवर्नर फिलसीन किवे ने संवाददाताओं को बताया कि लापता लोगों की तलाश के लिए एक टीम को भेजा गया है जिन्होंने 7 लोगों को जीवित पाया और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया है।

### पापुआ न्यू गिनी में 6.5 तीव्रता का भूकम्प

**पापुआ न्यू गिनी** : पापुआ न्यू गिनी में सोमवार को 6.5 तीव्रता का भूकम्प आया। अभी सुनामी का कोई अलर्ट नहीं है न ही किसी तरह के नुकसान की सूचना है। अमेरिकी भूगर्भीय सर्वेक्षण ने एक बयान में बताया कि दक्षिण प्रशांत द्वीपीय देश में स्थानीय समयानुसार सुबह 7 बजे भूकम्प आया। भूकम्पका केन्द्र वेस्ट न्यू ब्रिटेन की प्रांतीय राजधानी किम्बे से 110 किलोमीटर दक्षिणपूर्व में 68 किलोमीटर की गहरायी में था। अमेरिकी सुनामी चेतावनी प्रणाली ने बताया कि अभी सुनामी का कोई अलर्ट नहीं है। पापुआ न्यू गिनी भूकम्प के लिहाज से संवेदनशील क्षेत्र माना जाता है।

### बंदूकधारियों ने नौ पंजाबियों को मारी गोली

**इस्लामाबाद** : पाकिस्तान में बलूच, पख्तून और मुहाजिरों की पहचान के आंदोलन लंबे समय से चलते रहे हैं। पाकिस्तान के बलूचिस्तान में 11 लोगों को मौत के घाट उतार दिया, जो मूलतः पाकिस्तानी पंजाबी के थे। बलूच उग्रवादियों ने अलग-अलग हमलों में 11 लोगों की हत्या की जिम्मेदारी ली है।

## बिहार के औरंगाबाद में बोले योगी आदित्यनाथ

# उप्र के लोगों ने परिवारवालों को नकारा, अब बिहार की बारी

एजेंसी

**पटना/औरंगाबाद** : उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को बिहार के औरंगाबाद पहुंचे। उन्होंने यहां औरंगाबाद लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार सुशील सिंह के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के लोगों ने परिवार वालों को नकार दिया, अब बिहार के लोगों की बारी है। योगी आदित्यनाथ ने अपने भाषण को दौरान राजद एवं सपा पर एक साथ हमला बोला। उन्होंने कहा कि राजद से कोई उम्मीद न कीजिए। यह चुनाव नेशन फर्स्ट और फैमिली फर्स्ट के बीच होने जा रही है। अच्छा हुआ कि एनडीए को बिहार में और सशक्त बनाने में हमें सफलता प्राप्त हुई। बिहार में लालू यादव के परिवार के लिए ही सीट कम पड़ रही थी। यह परिवार तक ही सीमित हो गए। परिवार के बाहर सोच है ही नहीं। विकास भी परिवार का, सीट भी परिवार को, योजनाओं का लाभ भी परिवार को ही मिलना है। योगी ने कहा कि एक परिवार बिहार और एक परिवार उत्तर प्रदेश में है। उप्र की जनता उन्हें जवाब दे चुकी है, अब बिहार के लोगों को जवाब देने के लिए तैयार होना है। जातिवादी ताकतों को नकार दें। उप्र मुख्यमंत्री योगी ने केन्द्र की मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि 50 करोड़ लोगों के जनधन अकाउंट मोदी सरकार में खोल दिए गए हैं। इससे दिल्ली से सरकार कोई पैसा भेजती है तो सीधे अकाउंट में जाए। बीच में कोई दलाल डकैती न डालने पाए। पीएम आवास योजना में चार करोड़ लोगों को पक्का मकान दिया गया है। योगी ने कहा कि हम लालूजी से कहेंगे, आप संख्या बढ़ाइए, मोदीजी फ्री में मकान दे ही रहे हैं। अगले पांच वर्ष में तीन करोड़ और आवास देंगे। उप्र व बिहार को इसका सर्वाधिक लाभ भी मिलेगा। योगी ने कहा कि कोरोना के दौरान बिहार के लोग अन्य राज्यों से निकल रहे थे तो हमने कहा कि यह मां सीता के मायके के लोग हैं, उनसे भेदभाव नहीं होगा, जो सुविधा उप्र वासियों को मिले, वही सुविधा बिहार वालों को भी मिले। यूपी में मिली सुविधा की सभी लोगों ने सराहना की थी। योगी ने कहा कि राजद के समय बिहार के सामने पहचान का संकट हो गया था।



### बचा-खुचा नक्सलवाद भी पांच वर्ष में स्वाहा हो जायेगा

**उप्र** मुख्यमंत्री योगी ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि अनुच्छेद 370 लगाकर कांग्रेस ने शेष भारत के नागरिकों के कश्मीर जाने को प्रतिबंधित कर दिया था। भारतीय जनसंघ और भाजपा हमेशा नारा लगाती थी कि जहां हुए बलिदान मुखर्जी, वह कश्मीर हमारा है। उस सपने को भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने साकार किया है। अनुच्छेद 370 समाप्त कर कश्मीर को भारत की मुख्यधारा से जोड़ा गया। काफी हद तक नक्सलवाद समाप्त हो गया, जो बचा-खुचा है, पांच वर्ष में उसका भी स्वाहा हो जाएगा।

### बिहार में स्थानीय भाषा बोल योगी ने किया अभिवादन

**इससे** पहले उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने औरंगाबाद में स्थानीय भाषा में लोगों का अभिवादन किया। उन्होंने कहा कि सूर्य मंदिर, अंबेश्वरी माता और देवकुंड के पवित्र भूमि के हम नमन करित हईं। आप सबके सादर अभिवादन करित हईं। भगवान भास्कर के किरपा हम सबन पर बनल रहे।

# इजराइल पर ईरान के हमले की जी-7 देशों ने की निंदा, संयम रखने का किया आह्वान

एजेंसी

**लंदन** : जी7 देशों के नेताओं ने रविवार को इजराइल पर ईरान के भीषण हमले की निंदा की और 'संयम' रखने का आह्वान किया। यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष चार्ल्स मिशेल ने ऑनलाइन बैठक के बाद एक्स पर लिखा, हमने सर्वसम्मति से इजराइल के खिलाफ ईरान के हमले की निंदा की। 'हम तनाव कम करने की दिशा में काम करने के अपने सभी प्रयास जारी रखेंगे। गाजा में संकट को यथाशीघ्र समाप्त करने से, विशेष रूप से तत्काल युद्धविराम के माध्यम से, फर्क पड़ेगा। नेताओं ने इजराइल के लिए अपना पूर्ण समर्थन की पेशकश करते हुए कहा कि वे 'आगे अस्थिर करने वाली पहल' के जवाब में 'आगे कदम उठाने' के लिए तैयार हैं। बैठक के बाद इतालवी जी 7 प्रेसीडेंसी द्वारा प्रकाशित एक वीडियों वाले बयान में कहा, हम हालात को स्थिर करने और आगे की स्थिति को बिगड़ने से रोकने के लिए काम करना जारी रखेंगे। इस भावना में, हम मांग करते हैं कि ईरान और उसके प्रतिनिधि अपने हमले बंद कर दें, और हम आगे और अस्थिर करने वाली पहलों के जवाब में अब और कदम उठाने के लिए तैयार हैं। इस बीच, ईरान ने कट्टर दुश्मन इजराइल के खिलाफ रातोंरात मिसाइलों और हमले वाले ड्रोनों की एक अभूतपूर्व लहर शुरू करने के बाद विश्व नेताओं ने संयम बरतने का आग्रह किया, ऐसे समय में जब गाजा युद्ध ने मध्य पूर्व में तनाव बढ़ा दिया है। इजराइली सेना ने कहा कि इजराइल और उसके सहयोगियों ने आने वाले अधिकांश प्रोजेक्टाइल को रोक दिया, जिसमें 12 लोगों के घायल होने और किसी की मौत नहीं होने की सूचना है, लेकिन हमले ने इजरायली जवाबी हमले की आशंकाओं को तेजी से बढ़ा दिया।



### वड़ोदरा से गोरखपुर व मऊ के लिए स्पेशल ट्रेनें

**वड़ोदरा** : पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा तथा उनकी यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से विशेष किराये पर स्पेईशल ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया गया है। पश्चिम रेलवे के जनसंपर्क विभाग द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार इन स्पेनशल ट्रेनों का विवरण इस प्रकार हैः

1- ट्रेन संख्या 09111/09112 वडोदरा-गोरखपुर स्पेशल (साप्ताहिक) [22 फेरे]

ट्रेन संख्या 09111 वडोदरा-गोरखपुर स्पेशल प्रत्येक सोमवार को वडोदरा से 19.00 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 23.30 बजे गोरखपुर पहुंचेगी। यह ट्रेन 15 अप्रैल 2024 से 24 जून 2024 तक चलेगी।

## उत्तराखंड चारधाम यात्रा के लिए पंजीकरण प्रक्रिया शुरू

एजेंसी



**देहरादून** : उत्तराखंड की प्रसिद्ध चारधाम यात्रा के लिए देश-दुनिया से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए सोमवार से पंजीकरण प्रक्रिया शुरू हो गई। सुबह सात बजे से पंजीकरण वेबसाइट पर प्रारंभ हो गए।मोबाइल ऐप, व्हाट्स ऐप नंबर और टोल फ्री नंबर भी पंजीकरण कराया जा सकता है। केदारनाथ, बदरीनाथ, गंगोत्री व यमुनोत्री धाम की यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं के लिए पंजीकरण अनिवार्य है। चारधाम यात्रा शुरू होने से 25 दिन पहले पंजीकरण प्रक्रिया शुरू की गई है। पंजीकरण के लिए नाम, मोबाइल नंबर के साथ यात्रा करने वाले सदस्यों का ब्यौरा, निवास स्थान का पते के लिए आईडी देनी आवश्यक है। पंजीकरण के लिए पर्यटन विभाग की वेबसाइट registratio-nandtouristcare.uk.gov.in पर लॉग इन करना होगा। व्हाट्स ऐप नंबर-8394833833 पर यात्रा (yatra) लिखकर मैसेज करके भी पंजीकरण कराया जा सकेगा।

## शरद पवार ने अजित को दिया झटका

# होल्कर के वंश की पार्टी में एंट्री



एजेंसी

**बारामती** : महाराष्ट्र में बारामती का लोकसभा चुनाव चर्चा का विषय बना हुआ है यहां ननद-भाभी आमने-सामने हैं तो वहीं दोनों पवार परिवार की साख दांव पर लगी है। इसको लेकर राजनीति के चाणक्य कहलाने वाले शरद पवार ने अपनी परंपरागत सीट से अपनी बेटी को चुनाव मैदान में उतारा है। एनसीपी में शरद और अजित गुट बन जाने के बाद इस सीट का पूरा समीकरण बिगड़ गया है। शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले के सामने उनकी चचेरी भाभी सुनेत्रा पवार चुनावी मैदान में हैं। वह अजित पवार की पत्नी हैं। ऐसे में यह लड़ाई शरद पवार और उनके राजनीतिक उत्तराधिकारी रहे भतीजे अजित पवार के बीच की है। बारामती की सीट पर शरद और अजित का जबर्दस्त प्रभाव है। दोनों पवार अपने- अपने उम्मीदवार जिताने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ना चाहते हैं। इस बीच वोटों का बंटवारा रोकने के लिए शरद पवार ने बड़ा दांव खेला है। एक रिपोर्ट के मुताबिक अहिल्या देवी होल्कर के वंशज भूषणसिंह राजे होल्कर राष्ट्रवादी शरद पवार गुट में शामिल होंगे।

### चंडीगढ़ में फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग

**चंडीगढ़** : अयोध्या से दिल्ली जाने वाली इंडिगो की फ्लाइट 6ई2702 दिल्ली में मौसम खराब होने के कारण वहां लैंड नहीं कर पाई। इसके बाद जब इसे चंडीगढ़ डाइवर्ट किया वहां। वहां जब फ्लाइट को लैंड कराया गया तो तब फ्लाइट में केवल 2 मिनट का फ्यूल बचा था। घटना 13 अप्रैल की है। यह शिकायत अपने सोशल मीडिया अकाउंट से दिल्ली पुलिस के डीसीपी क्राइम सतीश कुमार ने की है। वह भी इस फ्लाइट में यात्रा कर रहे थे। हालांकि, चंडीगढ़ एयरपोर्ट के सीईओ राकेश सहाय ने ऐसी किसी घटना के होने से मना कर दिया है। इस मामले में इंडिगो ने सफाई जारी की है। इसमें कहा गया कि विमान के कैप्टन ने एसओपी का पूरी तरह पालन किया।

## पत्थर के फूल के पहले भी फिल्मों के ऑफर थे : रवीना

एजेंसी

**मुंबई** : पत्थर के फूल के पहले पांच फिल्मों का ऑफर ठुकरा चुकी थी यह कहना हैं बॉलीवुड अभिनेत्री रवीना टंडन का। रवीना ने हाल ही में इसका खुलासा किया है कि उन्होंने 1991 में सलमान खान के साथ पत्थर के फूल में पदार्पण करने से पहले पांच फिल्मों का ऑफर ठुकराया था। अभिनेत्री ने खुलासा किया कि उन्हें पत्थर के फूल से पहले कई फिल्मों के ऑफर आए थे। रवीना ने कहा कि मैंने इससे पहले ही पांच फिल्मों को ना बोल दिया था। रवीना ने अपने पुराने दिन याद करते हुए कहा कि मैं कॉलेज कैंटीन में थी, और मैंने अंदर आकर कहा, अंदाजा लगाओ कि मुझे किसके साथ फिल्म का ऑफर मिला है, और उन्होंने कहा, कौन? और मैंने कहा, सलमान खान, और मेरे सभी दोस्त बोले, याय्य!। इसके बाद अभिनेत्री ने खुलासा किया कि फिल्म स्वीकार करने से लेकर उस पर काम शुरू करने तक की प्रक्रिया बहुत तेज थी। रवीना ने आगे कहा, तो मैंने हां कह दी, अगले दिन मैंने सलमान के साथ फोटोशूट किया और तीसरे दिन मैं फिल्म कर रही थी। अनंत बलानी द्वारा निर्देशित और सलीम खान द्वारा लिखित, पत्थर के फूल एक युवा पुलिस अधिकारी और एक गैंगस्टर की बेटी के इर्द-गिर्द घूमती है। पत्थर के फूल के बाद रवीना और सलमान ने कई फिल्मों में साथ काम किया है, जिनमें अंदाज अपना-अपना, कहीं प्यार ना हो जाए आदि शामिल हैं।



## श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह विवाद पर मुस्लिम पक्ष को झटका

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : श्रीकृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह के बीच भूमि विवाद इलाहाबाद हाईकोर्ट में सुनवाई के लिए ट्रांसफर करने के खिलाफ मुस्लिम पक्ष की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में आज यानी सोमवार को सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट ने हिंदू पक्ष को राहत दी तो वहीं मुस्लिम पक्ष को झटका लगा है। सुप्रीम कोर्ट ने शाही ईदगाह मस्जिद की कमिटी की याचिका पर नोटिस जारी कर संबंधित पक्षों को जवाब देने को कहा। शाही ईदगाह मस्जिद कमिटी ने सुप्रीम कोर्ट में हाईकोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें हाईकोर्ट ने निचली अदालत में इस मामले से संबंधित 15 मुकदमों का ट्रांसफर स्वयं के समक्ष करने को लेकर सुनवाई शुरू की। मुस्लिम पक्ष ने हाईकोर्ट में चल रही सुनवाई पर रोक लगाने की मांग की थी। सुप्रीम कोर्ट ने मुस्लिम पक्ष की मांग को खारिज करते हुए कहा कि हाईकोर्ट में सुनवाई चलती रहेगी। मस्जिद कमेटी ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें हाईकोर्ट ने इस विवाद से जुड़े 15 मुकदमों को एक साथ जोड़कर सुनवाई करने का फैसला लिया गया था। हाईकोर्ट का कहना था कि ये सभी मुकदमे एक ही तरह के हैं, और इन मामलों में एक ही तरह के सबूतों के आधार पर फैसला होना है।

## प्रशांत किशोर ने की नीतीश कुमार की असंगत रणनीतियों की आलोचना

एजेंसी

**पटना** : लोकसभा चुनाव में पहले चरण के चुनाव कुछ ही दिन बचे हैं ऐसे में नेता एक-दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगा रहे हैं। इसी बीच राजनीति पंडित प्रशांत किशोर ने लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर भविष्यवाणी कर दी है। प्रशांत ने लोकसभा चुनाव के बीच में एक साल बाद बिहार में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर भविष्यवाणी की है। उन्होंने बिहार के सीएम नीतीश कुमार को 2025 के विधानसभा चुनाव में बहुत संघर्ष करना पड़ेगा। राजनीतिक रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के भविष्य को लेकर कहा कि 2025 के विधानसभा चुनावों में 20 सीटे जीतने के लिए कड़ी मेहनत करनी होगी। फिर चाहे वो महागठबंधन में चले जाएं या बीजेपी के नेतृत्व वाले एनडीए में ही बने रहे। राजनीतिक पंडित पीके ने नीतीश कुमार की घटती विश्वसनीयता पर जोर दिया और उनकी असंगत रणनीतियों की आलोचना भी की। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार की बिहार में साख अब बची नहीं है। सीएम नीतीश कुमार को खुद पता नहीं है कि 2025 में वो कितनी सीटें जीतेंगे। लेकिन, नीतीश विधानसभा चुनाव में 20 सीटों से ज्यादा नहीं जीत सकेंगे। पीके ने आगे कहा कि पूर्वोत्तर और दक्षिणी राज्यों में बीजेपी के वोट शेयर में बढ़ोतरी हो सकती है। उन्होंने कहा कि बीजेपी बंगाल और ओडिशा में एक प्रमुख शक्ति के रूप में उभर कर आ सकती है।



## के कविता को झटका, कोर्ट ने 23 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में भेजा

एलेंसी

**नयी दिल्ली** : बीआरएस नेता के. कविता को सीबीआई की कस्टडी खत्म होने के बाद आज कोर्ट में पेश किया गया। दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट ने बीआरएस नेता के. कविता को 23 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। बता दें, कोर्ट ने यह न्यायिक हिरासत सीबीआई के केस में दी है। सीबीआई ने कोर्ट से 15 दिनों की न्यायिक हिरासत मांगी थी।

बता दें, ईडी के बाद सीबीआई ने 12 अप्रैल को कविता को गिरफ्तार किया था। इसके बाद विगत दिवस सीबीआई ने उन्हें कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने कविता को 15 अप्रैल तक की सीबीआई हिरासत में भेज दिया था। इससे पहले तक वह न्यायिक हिरासत में थीं। तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री की बेटी के. कविता को ईडी ने पिछले महीने हैदराबाद से गिरफ्तार किया था। इस दौरान सीबीआई ने विशेष अदालत को बताया कि के. कविता ने शरथ रेड्डी को धमकाया था कि दिल्ली में ठेके को हासिल करने के लिए आप को 25 करोड़ का भुगतान करें। अगर इस शर्त को पूरा नहीं किया गया तो तेलंगाना और दिल्ली में उनके कारोबार को नुकसान पहुंचेगा।

# सैन्य अभ्यास 'डस्टलिक' के लिए भारतीय सेना की टुकड़ी उज्बेकिस्तान रवाना

एजेंसी

- दोनों मित्र देशों के बीच द्विपक्षीय सम्बन्धों को और बढ़ावा मिलेगा
- सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे 18 अप्रैल को देखेंगे सैन्य अभ्यास

**नयी दिल्ली** : भारतीय सेना उज्बेकिस्तान गणराज्य के टर्मेज में होने वाले संयुक्त सैन्य अभ्यास 'डस्टलिक' में हिस्सा लेने के लिए सोमवार को रवाना हो गई। उज्बेकिस्तानी सेना के साथ 28 अप्रैल तक होने वाला अभ्यास का 5वां संस्करण वार्षिक कार्यक्रम है, जो वैकल्पिक रूप से भारत और उज्बेकिस्तान में हर साल किया जाता है। इसका अंतिम संस्करण पिछले साल फरवरी में पिथौरागढ़ (भारत) में आयोजित किया गया था। थल सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे भी आज ही उज्बेकिस्तान गणराज्य के लिए चार दिनों की यात्रा पर रवाना हुए हैं।




कर्नल सुधीर चमोली ने बताया कि संयुक्त सैन्य अभ्यास 'डस्टलिक' में भारतीय सशस्त्र बल के 60 कर्मी हिस्सा लेंगे। भारतीय सेना का प्रतिनिधित्व जाट रेजिमेंट की एक बटालियन करेगी, जिसमें 45 जवान होंगे। भारतीय टुकड़ी में वायु सेना के भी 15 कर्मी शामिल होंगे। इसी तरह उज्बेकिस्तानी सेना और वायु सेना की टुकड़ी में 100 कर्मी होंगे। उज्बेकिस्तान की टुकड़ी का प्रतिनिधित्व दक्षिण-पश्चिम सैन्य जिले के हिस्से और दक्षिणी ऑपरेशनल कमांड के कर्मी करेंगे। सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे का 18 अप्रैल को टर्मेज में संयुक्त अभ्यास 'डस्टलिक' देखने का कार्यक्रम है।

उन्होंने बताया कि 'डस्टलिक' अभ्यास का उद्देश्य सैन्य सहयोग को बढ़ावा देना, पहाड़ी और अर्ध शहरी इलाकों में संयुक्त अभियानों को अंजाम देने के लिए संयुक्त क्षमताओं को बढ़ाना है। यह उच्च स्तर की शारीरिक फिटनेस, संयुक्त योजना, संयुक्त सामरिक अभ्यास और विशेष हथियार कौशल की बुनियादी बातों पर ध्यान केंद्रित करेगा। इस सामरिक अभ्यास में संयुक्त कमांड पोस्ट का निर्माण, खुफिया और निगरानी केंद्र की स्थापना, लैंडिंग साइट की सुरक्षा, विशेष हेलीबोर्न संचालन, घेरा और खोज संचालन और अवैध संरचनाओं के विध्वंस शामिल होंगे।

एक्सरसाइज डस्टलिक के इस संस्करण की जटिलता को मल्टी डोमेन ऑपरेशन के संचालन के साथ बढ़ाया गया है, क्योंकि दल में इन्फैंट्री के अलावा लड़ाकू सहायक हथियारों और सेवाओं के कर्मी शामिल हैं। दो महिला अधिकारी भी भारतीय दल का हिस्सा हैं, जिनमें एक आर्टिलरी रेजिमेंट से और दूसरी आर्मी मेडिकल कोर से हैं। अभ्यास 'डस्टलिक' दोनों पक्षों को संयुक्त अभियान चलाने की रणनीति, तकनीक और प्रक्रियाओं में अपनी सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने में सक्षम बनाएगा। इससे रक्षा सहयोग का स्तर बढ़ने के साथ ही दोनों मित्र देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को और बढ़ावा मिलेगा।